जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर

Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 वर्षः 32 संख्याः 96 प्रभात उदयपुर, शुक्रवार 7 फरवरी, 2025 आर.जे. 7202 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

# कांग्रेस को धन्यवाद प्रस्ताव पर मोदी का भाषण ''निराशाजनक'' लगा

## कांग्रेस के अनुसार, 60 बार मोदी ने कांग्रेस का नाम लिया, पर, कोई नई बात नहीं की, केवल जवाहर लाल नेहरू व आपातकाल के अवगुण गिनाये और जोर देकर बताया कि कांग्रेस केवल एक ही परिवार के हित के अनुसार नीतियां बनाती है

**-रेण मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 फरवरी। राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव का राज्यसभा में जवाब देते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 60 बार कांग्रेस का नाम लिया।

देश के लिये अपने विज़न, जनता के लिये अपनी आशाओं और आकांक्षाओं तथा भविष्य के लिये अपनी योजना की रूपरेखा को साझा करने के मामले में, नरेन्द्र मोदी के पास कहने के लिये कुछ भी नया नहीं है।

इसके अलावा, उनका भाषण कांग्रेस पार्टी के लिए अपशब्दों और निंदा की एक लंबी फहरिश्त थी। उन्होंने जवाहर लाल नेहरू से शुरुआत की, आपातकाल पर आये और यह बताते रहे कि यह किस तरह से एक परिवार, वंशवाद, तुष्टिकरण की राजनीति, कोटा, परमिट राज तथा ऐसी ही चीजों की पार्टी रही है।

उनके पूरे भाषण में अतीत, शिकायतों की कहानी तथा कांग्रेस के प्रति कटुता पूरी तरह दिखाई दे रही थी।

- **कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि अमेरिका से ''डिपोर्ट'' किये गये भारतीय नागरिकों को हाथों में हथकड़ियाँ व पैरों में बेड़ियाँ डालकर, बड़े अपमानजनक तरीके से एयरफोर्स के हवाई जहाज से 40 घंटे की यात्रा करा कर, भारत भेजा गया। पर, प्रधानमंत्री मोदी ने इस अपमानजनक बर्ताव के लिये अपने भाषण में कुछ भी नहीं कहा।**
- **कांग्रेस का यह भी कहना था कि लोकसभा में विपक्ष के नेता ने राहुल गांधी धन्यवाद प्रस्ताव पर अपना भाषण दिया और उस भाषण में जो भी महत्वपूर्ण मुद्दे उठाये उनका भी प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में कुछ भी जिक्र नहीं किया, हालांकि, उम्मीद थी कि वे इन मुद्दों को जरूर संबोधित करेंगे अपने जवाब में।**

मोदी बार-बार कहते रहे कि सबका साथ, सबका विकास भाजपा का मंत्र है तथा भाजपा के लिये पहले राष्ट्र आता है, परिवार नहीं।

रोचक बात यह रही कि मोदी के भाषण से ठीक पहले, विपक्ष ने मोदी और उनकी सरकार की खिंचाई करते हुये कहा कि वे अमेरिका से निर्वासित भारतीयों की दुर्दशा के मुक दर्शक बने हुये हैं। उनके हाथों में हथकड़ियाँ थीं, पैरों में बेड़ियाँ थीं, 40 घंटे तक वे हवाई जहाज में अग्निपरीक्षा से गुजर रहे थे, उनके साथ जानवरों जैसा व्यवहार किया जा रहा था, और इधर मोदी और उनके विदेश मंत्री चुप्पी साधे हुये थे। इन दोनों ने ट्रम्प द्वारा निर्वासित इन प्रवासियों के समर्थन में एक शब्द तक नहीं कहा।

विपक्ष ने सरकार पर जमकर प्रहार किया, लेकिन प्रधानमंत्री के पास इस बिन्दु पर कहने के लिये कुछ भी तो नहीं था।

नरेन्द्र मोदी के पास राहुल गांधी द्वारा लोकसभा में दिये गये भाषण के विषय में भी कहने के लिये कुछ नहीं था। राहुल ने अपने भाषण में मैन्यूफैक्चरिंग के आँकड़ों के रसातल में पहुँचने की बात कही, उत्पादन बढ़ाने की जरुरत बताई, चीनियों का सामना करने के लिये ललकारा, अमेरिका से बराबर के स्तर पर बात करने जरुरत बताई तथा ऐसी ही कई कड़वी सच्चाइयों से रुबरु किया था।

जैसा कि राहुल गांधी ने कहा, मोदी के पास युवाओं के सामने खड़ी समस्याओं का कोई समाधान और जवाब नहीं है।

राहुल ने रहस्योद्घाटन किया था कि लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनावों के बीच, महाराष्ट्र 7 लाख वोटर बढ़ गये और शिरडी की एक बिल्डिंग में ही 7000 नये मतदाता बढ़ गये थे, और जहाँ-जहाँ मतदाता सूची में ये नये मतदाता जोड़े गये, उन सभी सीटों पर भाजपा जीती। कितनी मजेदार बात है।

और मोदी जी के पास विपक्ष द्वारा

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 'कैदी से मारपीट करने वाले जेल अधीक्षक पर विभागीय कार्यवाही करें'

जयपुर, 6 फरवरी। राज्य मानवाधिकार आयोग ने अजमेर में केन्द्रीय कारागार में कैदी से मारपीट और उसके साथ प्रताड़ना करने वाले तत्कालीन जेल अधीक्षक संजय यादव और प्रहरी दिनेश, सुनील, विक्रम, धर्मेन्द्र, शिशुपाल, अजीत और उम्मेद सिंह के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने की सिफारिश की है। इसके साथ ही, आयोग ने बंदी मुकेश के मानवाधिकार हनन होने पर उसे पचास हजार रुपए व दो अन्य कैदी करण और श्याम लाल को 25 हजार रुपए अदा करने को कहा है। आयोग ने यह आदेश दोषी अधिकारियों से वसूलने की छूट दी है। आयोग सदस्य जस्टिस रामचन्द्र सिंह झाला ने यह आदेश किरण शेखावत के परिवाद पर सुनवाई करते हुए दिए। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि किसी भी व्यक्ति के जेल में बंद रहने के आधार पर उसके मानवाधिकार समाप्त नहीं होते हैं। यह राज्य सरकार का दायित्व है कि वह जेल में बंद व्यक्ति

- **राज्य मानवाधिकार आयोग ने अजमेर के केन्द्रीय कारागार के तत्कालीन जेल अधीक्षक तथा सात प्रहरियों के खिलाफ कार्यवाही की सिफारिश की।**

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# क्या दिल्ली का ''मिडिल क्लास'' आप से शिफ्ट हुआ है, इस बार चुनाव में?

## और क्या यह ही मुख्य कारण रहेगा, आप को तीसरी बार सरकार बनाने से रोकने के लिये?

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 फरवरी। पांच फरवरी को हुए दिल्ली विधानसभा चुनावों के परिणाम की प्रतीक्षा के बीच माना जा रहा है कि भाजपा, लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की आम आदमी पार्टी की कोशिश को भाजपा सफल नहीं होने देगी। इस बात को लेकर भी अटकलबाजियाँ जोरों पर हैं कि भाजपा चुनाव में बहुमत किस तरह से पार करेगी।

अंदाज़ यह लगाया जा रहा है कि मध्यम वर्ग की शिकायत व कुंठा के कारण भाजपा दिल्ली में सत्ता में आएगी।

यह कहना वाजिब होगा कि दिल्ली की मिडिल क्लास जनता में काफी असंतोष, मायूसी और निराशा है, जिसका कारण, बेरोजगारी, महंगाई या सरकार की नीतियों की असफलता हो सकता है।

- **दिल्ली के मध्यम वर्ग (मिडिल क्लास) को कई शिकायतें थीं, आप से, जैसे, नये रोजगारों का सृजन न होना, ''कॉस्ट ऑफ लिविंग'' में वृद्धि, नगरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर (सड़कें आदि) की खराब स्थिति तथा गवर्नेन्स व सरकारी सुविधाओं का घटता स्तर आदि।**
- **भाजपा ने ''मिडिल क्लास'' की इन शिकायतों के जवाब में प्रशासन में सुधार करने के वादे किये व कई ''वैलफेयर स्कीम्स'' शुरु करने का विश्वास दिलाया तथा यह साबित करने का प्रयास किया कि भाजपा के वादे थोथे वादे नहीं हैं और इसका प्रमाण है केन्द्रीय सरकार की उपलब्धियाँ।**
- **दिल्ली में ''मिडिल क्लास'' की कॉलोनियां, जैसे साउथ दिल्ली व नई दिल्ली में मतदान का प्रतिशत कम होना भी इस बात का संकेत माना जा रहा है कि दिल्ली का मध्यम वर्ग आप से असंतुष्ट था।**

दिल्ली के मध्यम वर्ग को रोजगार, जीवनयापन की लागत, शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा प्रशासनिक असफलता जैसी अनेक चिंताएं हैं। भाजपा ने राष्ट्रीय उपलब्धियों को गिनाकर तथा सुधारों व कल्याणकारी योजनाओं के वादे करके जनता की इस मायूसी को दूर करने की कोशिश की है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के एग्ज़िट पोल्स तथा मतदान प्रतिशत मतदाता के सम्मान में संभावित बदलाव को इंगित करते हैं, जो मिडिल क्लास के आम आदमी पार्टी के मोहभंग का संकेत हो सकते हैं। कई एग्ज़िट पोल्स भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण जीत की भविष्यवाणी कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, एक्सिस माइ इण्डिया का एग्ज़िट पोल की भविष्यवाणी है कि भाजपा को 70 में से 45 से 55 सीटें मिलेंगी, जबकि, आप के लिए 15 से 25 सीटों

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 'राज्य में कितने मेडिकल कॉलेज हैं और उनमें कितने शिक्षक हैं'

## हाई कोर्ट की डबल बैंच ने जनहित याचिका पर राज्य सरकार से 3 सप्ताह में जवाब मांगा

जयपुर, 6 फरवरी। राजस्थान हाईकोर्ट ने मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों की कमी के मुद्दे को लेकर राज्य सरकार से पूछा है कि प्रदेश में सरकारी और निजी कितने मेडिकल कॉलेज हैं, उनमें शिक्षकों के कितने पद स्वीकृत हैं और उनमें कितनी संख्या में शिक्षक पदस्थापित हैं। इसके साथ ही, अदालत ने मेडिकल काउन्सिल ऑफ इंडिया से यह बताने को कहा है कि मेडिकल कॉलेजों में पर्याप्त संख्या में शिक्षकों के कार्यरत होने को लेकर उनके पास क्या मैकेनिज़्म है। चीफ जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस उमाशंकर व्यास की खंडपीठ ने यह आदेश महेन्द्र गौड़ की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने इस मुद्दे पर सरकार से 3 सप्ताह में जवाब मांगा है।

जनहित याचिका में अधिवक्ता तनवीर अहमद ने अदालत को बताया कि प्रदेश में संचालित अधिकांश मेडिकल कॉलेजों में चिकित्सा शिक्षकों की कमी है। नेशनल मेडिकल कमीशन की रिपोर्ट के अनुसार, कॉलेज में एक विषय के लिए कम से कम एक शिक्षक तो होना ही चाहिए। शिक्षकों की कमी के कारण, एमबीबीएस पाठ्यक्रम का अध्ययन प्रभावित हो रहा है और बिना मार्गदर्शन कोर्स पूरा होने के बाद यह चिकित्सक किस तरह मानव शरीर का इलाज करेंगे, यह समझ से परे है।

- **अदालत ने मेडिकल आउन्सिल ऑफ इंडिया को भी यह बताने को कहा है कि मेडिकल कॉलेजों में पर्याप्त संख्या में शिक्षकों के कार्यरत होने को लेकर उनके पास क्या मैकेनिज़्म है।**

याचिका में कहा गया कि मेडिकल कॉलेज की मान्यता के लिए होने वाले निरीक्षण के समय दूसरे मेडिकल कॉलेज से शिक्षकों को संबंधित कॉलेज में पदस्थापित कर लिया जाता है और निरीक्षण पूरा होने के बाद शिक्षक को वापस भेज दिया जाता है। याचिका में कहा गया कि नेशनल मेडिकल कमीशन की वेबसाइट पर चिकित्सा शिक्षकों का डेटा प्रदर्शित होना चाहिए, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि किसी मेडिकल कॉलेज में कितने पद स्वीकृत हैं और इनमें से कितने पद खाली चल रहे हैं।

मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने राज्य सरकार से मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों के स्वीकृत पदों और कार्यरत शिक्षकों की जानकारी मांगते हुए, एमसीआई से भी इस संबंध में बनाए गए मैकेनिज़्म की जानकारी पेश करने को कहा है।

# सांसद-विधायकों के अपराधिक मामलों में जल्दी सुनवाई पूरी करें

जयपुर, 6 फरवरी (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने सांसद और विधायकों से जुड़े आपराधिक प्रकरणों की सुनवाई जल्दी पूरी करने को कहा है। अदालत ने संबंधित सत्र न्यायालयों को इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अदालत ने राज्य सरकार को कहा है कि वह इन प्रकरणों में जारी समन और वारंट आदि की तामील सुनिश्चित कराए, ताकि प्रकरणों के निस्तारण में देरी न हो। इसके अलावा, अदालत ने सरकारी वकीलों की ओर से इन मामलों में अनावश्यक तारीख नहीं लेने को कहा है।

- **हाई कोर्ट ने महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद को इन मामलों के जल्दी निस्तारण पर दो माह में सुझाव देने को कहा।**

अदालत ने कहा कि यदि मुकदमे की सुनवाई के लिए किसी तरह की

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 'पद्मेश मिश्रा की सुप्रीम कोर्ट में एएसजी पद पर नियुक्ति वैध है'

## हाई कोर्ट ने कहा कि लॉ ऑफिसर की नियुक्ति करना राज्य सरकार का प्रशासनिक व वैधानिक अधिकार है

जयपुर, 6 फरवरी। राजस्थान हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट में पैरवी के लिए पदमेश मिश्रा को अतिरिक्त महाधिवक्ता (एडिशनल सॉलिसिटर जनरल/ए.ए.जी.) के तौर पर नियुक्त करने को कानूनी तौर पर वैध माना है। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से एएजी पद पर की गई नियुक्ति विधिसम्मत है और लॉ ऑफिसर की नियुक्ति करना राज्य सरकार का प्रशासनिक व वैधानिक अधिकार है। इसके साथ ही, अदालत ने इस संबंध में दायर याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता की ओर से जिस तरह पैरवी की गई है, वह प्रशंसनीय है, लेकिन वह किसी भी तरह की राहत प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश अधिवक्ता सुनील समदड़िया की याचिका पर दिए। अदालत में पदमेश मिश्रा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गगन गुप्ता और उनके सहायक शाश्वत पुरोहित पैरवी के लिए पेश हुए थे, जबकि राज्य सरकार की ओर से एएजी भरत व्यास ने जवाब पेश किया।

- **अदालत ने याचिकाकर्ता की पैरवी की प्रशंसा की, पर, कहा कि वह किसी तरह की राहत प्राप्त करने के अधिकारी नहीं है।**

याचिका में कहा गया था कि राज्य सरकार की वाद नीति, 2018 के अनुसार, 10 साल का वकालत अनुभव रखने वाले अधिवक्ता को ही एएजी नियुक्त कर सकते हैं। राज्य सरकार ने इसमें संशोधन कर विशेषज्ञता के आधार पर किसी भी अधिवक्ता को एएजी बनाने का प्रावधान किया है। इसके तहत ही राज्य सरकार ने वकील के तौर पर 2019 में पंजीकृत पदमेश मिश्रा को 23 अगस्त 2024 को सुप्रीम कोर्ट में सरकार का पैनल एडवोकेट नियुक्त किया और इसके 3 दिन बाद ही, उन्हें सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार का एएजी बना दिया। इससे दिखता है कि यह फैसला जल्दबाजी में और किसी को फायदा पहुंचाने के लिए लिया गया है। इसलिए मिश्रा को एएजी के तौर पर कार्य करने से रोका जाए।

इसके जवाब में, राज्य सरकार की ओर से एएजी भरत व्यास ने कहा कि कानून में राज्य सरकार को विधिक व प्रशासनिक शक्तियां दी गई हैं, जिनके तहत, राज्य सरकार को यह अधिकार है कि वह अपने लॉ ऑफिसर्स की कहीं पर भी नियुक्त कर सकती है। वहीं, राज्य सरकार प्रशासनिक गाइडलाइन को भी संशोधित कर सकती है। ''वाद-नीति 2018'' सिर्फ एक नीति है, कोई कानून नहीं, इसलिए सरकार इसमें संसोधन करने का पूरा अधिकार रखती है।

ए.ए.जी. भरत व्यास ने अदालत में कहा कि पदमेश मिश्रा को 23 अगस्त 2024 को सुप्रीम कोर्ट में सरकार का पैनल एडवोकेट नियुक्त करना तथा इसके 3 दिन बाद उन्हें सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार का एएजी बनाया जाना, सिर्फ संयोग मात्र है। यह निष्कर्ष निकालना कि वाद नीति 2018 में परिवर्तन का फैसला किसी को फायदा पहुंचाने के लिए लिया गया था, अतिशयोक्ति होगा। यह पदमेश मिश्रा की कार्य कुशलता को दर्शाता है कि सरकार ने उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी। अतिरिक्त महाधिवक्ता की नियुक्ति संविदात्मक करार के माध्यम से की जाती है, यह किसी सिविल अधिकारी की नियुक्ति के मापदण्डों के आधार पर नहीं होती। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट में पदमेश मिश्रा की एएजी पद पर नियुक्ति विधिसम्मत है और इसे चुनौती देने वाली याचिका में कोई मेरिट नहीं है। इस नियुक्ति को अदालत में रिट दायर

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# भीमा कोरेगांव केस में जमानत याचिका स्थगित

नयी दिल्ली, 06 फरवरी। उच्चतम न्यायालय ने प्रतिबंधित माओवादी समूहों के साथ कथित संबंधों के आरोपों से जुड़े भीमा कोरेगांव मामले के संबंध में, अधिवक्ता सुरेन्द्र गाडलिंग और सामाजिक कार्यकर्ता ज्योति जगताप की जमानत याचिकाओं पर गुरुवार को

- **सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में आरोपी अधिवक्ता सुरेन्द्र गाडलिंग, सोशल एक्टिविस्ट ज्योति जगताप की जमानत याचिकाओं के साथ एनआईए की भी याचिका स्थगित कर दी, जो सह आरोपी महेश राउत को जमानत देने के खिलाफ दायर की गई थी।**

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 'अवैध अप्रवासियों को डिपोर्ट करने का यही प्रावधान है, यात्रा के दौरान उन्हें बांधकर रखा जाता है'

## विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संसद में बयान दिया और मोदी सरकार के बचाव का प्रयास किया

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 फरवरी। हक्की-बक्की मोदी सरकार डैमेज कंट्रोल में जुटी है। अवैध अप्रवासी भारतीयों को वापस लाने वाला अमेरिकन सैन्य विमान अमृतसर में उतरा। इसमें सवार 104 भारतीयों के हाथों में हथकड़ी और पैरो में बेड़ी थी, उन्हें भूखा प्यासा रखा गया था, मानो वे गुलाम हो, इस घटना ने औपनिवेशिक काल की याद ताजा करा दी।

मोदी सरकार का बचाव करते हुए, राज्यसभा में विदेश मंत्री एस. जयशंकर प्रसाद ने कहा कि भारत अमेरिका से बात कर रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अमेरिका से भारत लाए जाने वाले अप्रवासियों को किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार न सहना पड़े।

अमेरिकन सैन्य विमान में लौटे अवैध अप्रवासी भारतीयों के साथ अमानवीय व्यवहार के मुद्दे पर दोनों सदनों में विपक्ष ने भारी हंगामा मचाया। इसके बाद जयशंकर का बयान आया।

आश्चर्य की बात यह है कि अमेरिका अप्रवासियों को वापस भेजने के लिए कौनसा तरीका अख्तियार करेगा, इसकी केन्द्र सरकार को कोई जानकारी नहीं थी। विदेश मंत्रालय को अवैध अप्रवासियों को अमेरिका से भारत लाने पर ट्रम्प प्रशासन से बात करनी चाहिए थी।

भारत के पास काफी समय था, क्योंकि ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान जयशंकर अमेरिका में मौजूद थे और अमेरिकन अधिकारियों ने उन्हें बताया था कि अवैध अप्रवासी भारतीयों को वापस भेजा जाएगा। सरकार इन लोगों की ससम्मान वापसी का प्रयास कर सकती थी, जैसे कि पहले भी किया था।

- **अप्रवासी भारतीयों को भूखा-प्यासा रखकर बेड़ियों में जकड़ कर लाने पर भारत के विपक्षी नेता भारी गुस्से में हैं, सभी ने कहा, जब ट्रम्प और मोदी दोस्त बताए जाते हैं, फिर ऐसा कैसे हो गया।**
- **कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकन राष्ट्रपति की दोस्ती की बहुत बाते की जाती हैं, फिर प्रधानमंत्री ने ऐसा कैसे होने दिया।**
- **राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने अपमानजनक डिपोर्टेशन के लिए केन्द्र सरकार और विदेश मंत्रालय की कड़ी आलोचना की।**

पूर्व में जयशंकर ने कहा था कि डिपोर्टेशन इम्मिग्रेशन एण्ड कस्टम्स एनफोर्समैंट (आईसीई) अथॉरिटीज़ द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि आईसीई, जो 2012 से सक्रिय है, के विमान से डिपोर्ट करने का स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर में बांध के रखने का प्रावधान है।

मंत्री ने कहा कि हालांकि हमें आईसीई ने बताया था कि औरतों और बच्चों को नहीं बांधा जाएगा। इसके अलावा, इस दौरान इन लोगों की भोजन-पानी व अन्य आवश्यकताओं को पूरा किया जाएगा। चिकित्सा सुविधा दी जाएगी और टॉयलैट ब्रेक के दौरान बंधन खोल दिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि ये नियम सैन्य विमान के साथ चार्टर्ड सिविलियन एयरक्राफ्ट में भी लागू होते हैं। इनमें कोई बदलाव नहीं है, मैं दोहराता हूँ कि पूर्व में अमेरिका से हुए डिपोर्टेशन और 5 फरवरी को हुए डिपोर्टेशन में कोई फर्क नहीं है।

विपक्षी सदस्यों के सवालों के जवाब में मंत्री ने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिया गया था कि वे डिपोर्ट हो रहे लोगों के साथ बैठकर यह पता लगाएं कि वे अमेरिका कैसे पहुंचे, एजेंट कौन था, ताकि अवैध घुसपैठ को रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर विचार किया जा सके।

जयशंकर ने कहा कि सभी देशों की जिम्मेवारी है कि अगर उनके नागरिक कहीं भी गैर कानूनी रुप से रह रहे हैं तो उन्हें वापस बुलाया जाए। यह नीति किसी खास देश पर नहीं लागू है, न सिर्फ भारत पर लागू है। यह अन्तर्राष्ट्रीय सम्बंधों का एक सामान्य सिद्धांत है।

इसी बीच, सरकार की प्रोपैगैंडा शाखा प्रैस इन्फॉमैशन ब्यूरो (पीआईबी) ने उन तस्वीरों को ''फेक'' बताया है, जिसमें डिपोर्ट किए गए भारतीयों को हथकड़ियों और बेड़ियों में जकड़ा बताया गया है।

आज दिन में विपक्षी सांसदों, जिनमें नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व सपा नेता

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# पाकिस्तान से 68 हिंदुओं का दल महाकुंभ आया

महाकुंभनगर, 06 फरवरी। महाकुंभ की दिव्यता के बारे में सोशल मीडिया पर देख सुनकर पाकिस्तान के सिंध प्रांत के लोग खुद को यहां आने से रोक नहीं सके और वहां से 68 हिंदू श्रद्धालुओं का एक जत्था बृहस्पतिवार को यहां पहुंचा। गुरूवार को कई वीवीआईपी महाकुंभ आए। केन्द्रीय मंत्री श्रीपद नाइक, भाजपा सांसद रवि शंकर प्रसाद, हरियाणा सीएम नायब सिंह सैनी, मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह ने संगम में डुबकी लगाई। सैनी पूरे परिवार के साथ महाकुंभ पहुंचे थे। उन्होंने बोट की सवारी भी की।

- **सिंध प्रांत से ये लोग महाकुंभ के वैभव से अभिभूत नज़र आए, गुरुवार को कई वीवीआईपी भी महाकुंभ स्नान के लिए आए।**

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## विचार बिन्दु

**हिंसा के मुकाबले में लाचारी का भाव आना अहिंसा नहीं कायरता है। अहिंसा को कायरता के साथ नहीं मिलाना चाहिए। -महात्मा गाँधी**

# वोट देने का अधिकार और फ्रीबीज

अधिकार कई तरह के होते हैं। इन्हें हम चार श्रेणियों में ले सकते हैं। (1) मूल अधिकार (2) संवैधानिक अधिकार (3) कानून प्रदत्त अधिकार व (4) प्राकृतिक अधिकार। मूल अधिकार वे हैं, जिन्हें संविधान के भाग 3 में लिखा गया है। संविधान ने हमें, हम लोगों ने हम लोगों के लिये राजनीतिक न्याय, सामाजिक न्याय व आर्थिक न्याय देने की व्यवस्था की है। मूल अधिकार राजनीतिक न्याय देने का प्रतिफल है। अनुच्छेद 14 के द्वारा समता का अधिकार दिया। अनुच्छेद 15 धर्म मूलवंश, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर विभेद का प्रतिषेध किया गया है। अनुच्छेद 19 में वाक स्वातंत्र्य का संरक्षण दिया है। अनुच्छेद 21 में गरिमामय जीवन का अधिकार है। अनुच्छेद 21 व 21क में शिक्षा का मूल अधिकार है। कोई भी अप्रिय निर्णय लेने से पहले सुनवाई का निर्णय प्राकृतिक न्याय है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 व लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत् मतदान का अधिकार है। संविधान के अनुच्छेद 326 में यह व्यवस्था है कि लोकसभा और राज्य की विधानसभा के लिये निर्वाचन वयस्क मताधिकार के आधार पर है। प्रारम्भ में 21 वर्ष के भारतीय को मतदान का अधिकार दिया गया था और संविधान (इकसठवां संशोधन) अधिनियम, 1988 में 21 के स्थान पर 18 वर्ष को प्रतिस्थापित किया गया। संविधान के अनुच्छेद में स्पष्ट घोषित किया गया कि मतदान का यह अधिकार लिंग, जाति, धर्म, वर्ग कुछ भी हो प्रत्येक भारतीय को मतदान का अधिकार है (वोट देने का अधिकार है)। प्रत्येक भारतीय को जो 18 वर्ष का है उसे मताधिकार का प्रयोग करने और चुनावी प्रक्रिया में भागीदारी बनने का अवसर दिया गया है।

भारत के संविधान की विशेषता है कि यहां मतदान के लिये स्त्री व पुरूर्ष में कोई भेद नहीं है। भारत में महिलाओं को इंग्लैण्ड व अन्य कई यूरोपियन देशों से पहले मतदान का अधिकार दिया गया है।

वोट देने के अधिकार की लम्बी लड़ाई लड़नी पड़ी है। भारत सरकार अधिनियम 1919 में प्रान्तीय परिषदों को यह निर्धारित करने की अनुमति दी गई कि वे निर्णय करें कि क्या महिलायें मतदान कर सकती हैं? यह शर्त रखी गई कि मतदान का अधिकार उन्हें उस समय मिले जब उनके पास सम्पत्ति हो, पढ़ी लिखी हों और उनकी आय का साधन हो। 1919 से 1929 तक कई राज्यों में महिलाओं को वोट का अधिकार था। 1920 में झालावाड़ के राज्य में वोट का अधिकार था। यह माना गया था कि मनु स्मृति के अनुसार महिला पढ़ी लिखी नहीं हो सकती थी। बाद में सोच में परिवर्तन आया और महिला को वोट देने के हेतु 8वीं पास आवश्यक माना गया। 1935 से 1947 तक इस सोच पर चर्चा होती रही। संविधान निर्मात्री सभा ने बाबा साहब अम्बेड़कर की अपील पर सभी शर्तें समाप्त की और 21 वर्ष की आयु होने पर महिलाओं को मताधिकार दिया गया जो वर्तमान में 18 वर्ष हो गया है। दुर्भाग्य की बात है कि मतदान हेतु शिक्षा की कोई भी शर्त पुरूष व स्त्री मतदाता के हेतु आज भी नहीं है। समय की पुकार है कि मतदान के हेतु संवैधानिक अधिकार के हेतु शिक्षा की शर्त अनिवार्य किया जावे। स्वतंत्रता के 75 वर्ष हो जाने पर भी हमारी विधानसभा में व लोकसभा में आज भी बिना पढ़े लिखे लोग हैं। उसका परिणाम है कि हमारे कानून त्रुटिहीन नहीं बन पाते हैं।

देश को अपने संविधान पर गर्व है। संविधान में भाग 4क जोड़ा जाकर 1976 में संविधान (बयालीसवां संशोधन) अधिनियम, 1976 से भारतीयों के लिये मूल कर्त्तव्य निर्धारित किये। यहां भी चूक हो गई कि जो नागरिक अपने मूल कर्त्तव्यों की पालना नहीं करता पाया जावे, उसके विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की जा सकती। देश में कहीं न कहीं आन्दोलन होते रहते हैं और इन आन्दोलनों में रेल्वे लाईन व सड़क की तोड़फोड़ अधिक होती है, जबकि मूल कर्त्तव्य में अपेक्षा की है कि देश का प्रत्येक नागरिक सार्वजनिक सम्पत्ति को सुरक्षित रखेगा और हिंसा से दूर रहेगा (देखिये अनुच्छेद 51(प))। यदि चुनाव कानून में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में यह शर्त धारा 123 में जोड़ दी जावे कि सड़क तोड़ना व रेल्वे लाईन को तोड़ना या रेल्वे की व सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाना भ्रष्ट आचरण माना जावेगा और इसे सिद्ध माने जाने पर व्यक्ति को चुनाव लड़ने से वंचित किया जावेगा तो जनता में निःसंदेह अनुशासन आयेगा और वर्तमान स्थिति में भारी परिवर्तन होगा। आज तो कोई भी घटना हुई और रोड़ ब्लॉक कर दी जाती है और रेलों का आवागमन रोक दिया जाता है। वर्तमान स्थिति को देखते हुये कानून में उचित संशोधन की आवश्यकता है। प्रथम तो विधायक व सांसद बनने के लिये बी.ए. तक की शिक्षा अनिवार्य हो और दूसरा मूल कर्त्तव्य की पालना न करने वाले को चुनाव में खड़ा होने से वंचित किया जावे इसके लिये केन्द्र व राज्य सरकार नियम बना सकती हैं।

> **चुनाव के समय मतदाताओं को रिझाने के लिये, उनका वोट प्राप्त करने के हेतु फ्रीबीज का सहारा लिया जाता है। हमारा देश एक लोकतंत्र है, जहां अपेक्षा की जाती है कि चुनाव सात्विक हो और चुनाव अपराध घटित न हो। चुनाव में मतदान करना संवैधानिक अधिकार है। मतदान कैसे हो इस संबंध में पूरी प्रक्रिया लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में दी गई है।**

इन दिनों दिल्ली के चुनावों में फ्रीबीज यानी मुफ्त की रेवडियों का जो वितरण किया गया या उनका वायदा किया वह लोकतंत्र के लिये शर्म का विषय है। प्रारम्भ में केजरीवाल ने मुफ्त बिजली, पानी से इसका प्रारम्भ किया अब तो यह केश ग्रान्ट व कई प्रकार की सुविधाओं तक पहुंच चुका है। अब तो बीजेपी व कांग्रेस भी इसी मार्ग पर आ गई हैं। इसका यह असर होने जा रहा है/ हो रहा है कि राज्य कर्जा ले रहे हैं, उसे चुकाने में सर्वथा असमर्थ ही नहीं हो रहे हैं अपितु कर्जे के ब्याज को चुकाने के लिये भी कर्जा ले रहे हैं। भारत के पड़ोसी कई देश दिवालिया हो चुके हैं या उसकी कगार पर हैं। यदि भारत में यही स्थिति रही तो भारत के विकास की गति रूक जावेगी। उसका तीसरी बड़ी अर्थ व्यवस्था बनने का सपना टूट जावेगा।

दिल्ली विधानसभा के चुनाव में धर्म के नाम की लडाई पहले हो चुकी है अब जाति की लडाई है। मतदाताओं में स्त्री मतदाता व पुरूष मतदाता है। बुजुर्ग मतदाता है। ब्राह्मण मतदाता हैं। पुजारी व ग्रन्थी मतदाता है। मुस्लिम व दलित मतदाता है। ऑटो चालक है। मकानों में रहने वाले किरायेदार है। केजरीवाल ने प्रत्येक महिला मतदाता को 2100/-रूपये प्रतिमाह देने का वायदा किया है, 'आप' को वोट दो और उपहार लो। कांग्रेस व बीजेपी इससे भी अधिक केश देने को तैयार हैं। 16 प्रतिशत बुजुर्गों के लिये स्वास्थ्य योजना है। केजरीवाल दलितों के बच्चों को पढ़ाई के लिये विदेश भेजने का तैयार है। केजरीवाल मतदाता पुजारियों व ग्रन्थियों को 18000/-रूपये प्रतिमाह देने का वायदा कर रहे तो बीजेपी इससे अधिक कैश ग्रान्ट 2500/-रूपये देने को तत्पर है। वस्तुतः सभी राजनीतिक पार्टियां फ्रीबीज की पिच पर बेटिंग कर रही है। बीजेपी के प्रवेश वर्मा पर आरोप है कि वे तरह-तरह की वस्तुयें वोट देने वालों को भेंट कर रहे हैं। बीजेपी 500/-रूपये में गेस सिलेन्डर दे रही है। कौन सी पार्टी क्या कैश ग्रान्ट देने का वायदा कर रही है वह पहले के लेखों में स्पष्ट किया जा चुका है और सबको विदित भी है। प्रश्न एक ही है कहां से पैसा आयेगा? यह स्वीकार तथ्य है कि इन्कम से अधिक सब्सिडी व कैश ग्रान्ट (फ्रीब्रीज) पर खर्चा है। राज्य कर्जे के बोझ से डूब जावेंगे।

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने एआई बुनियादी सुविधाओं पर 50,000/- करोड़ डालर निवेश की घोषणा की है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने नई कम्पनी बनाने की पहल की है। स्टारगेट तय करेगा नई तकनीकी का भविष्य। एआई के विकास के अमरीका ने प्रतिस्पर्धा का एक नया मॉडल तैयार किया है। चीन भी इस होड़ में पीछे नहीं है। भारत को भी इसी स्तर पर आगे बढ़ना होगा, उसे भी बडी रकम इन्वेस्ट करनी होगी। भारत के सामने चुनौती है कि वह 2047 तक विकसित राष्ट्र बने। हमारे सामने चुनौतियां बहुत हैं और शत्रुओं की भी कमी नहीं है। हमारे सामने महिला सशक्तिकरण का ध्येय पहले ही से प्राथमिकता लिये हुये है। दिल्ली का चुनाव बीजेपी व कांग्रेस के सामने एक बड़ी चुनौती है।

चुनाव के समय मतदाताओं को रिझाने के लिये, उनका वोट प्राप्त करने के हेतु फ्रीबीज का सहारा लिया जाता है। हमारा देश एक लोकतंत्र है, जहां अपेक्षा की जाती है कि चुनाव सात्विक हो और चुनाव अपराध घटित न हो। चुनाव में मतदान करना संवैधानिक अधिकार है। मतदान कैसे हो इस संबंध में पूरी प्रक्रिया लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में दी गई है। इस अधिनियम की धारा 123 में चुनावों के समय होने वाले भ्रष्ट आचरण (Corrupt Practice) को विस्तार के साथ परिभाषित किया गया है। इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए निम्नलिखित को भ्रष्ट आचरण माना जावेगा। इसमें रिश्वतखोरी (Bribe) को परिभाषित किया गया है। 'रिश्वत खोरी' अर्थात् (अ) किसी अभ्यर्थी या उसके एजेन्ट द्वारा या अभ्यर्थी या उसके इलेक्शन एजेन्ट की सहमति से किसी अन्य व्यक्ति द्वारा किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का उपहार, प्रस्ताव, या पारितोषण देने का वायदा, जिसका उद्देश्य प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उन गतिविधियों को प्रेरित करना है, जिनका उल्लेख उक्त प्रावधानों में किया गया है। यहां यह लिखना समीचीन होगा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिये तथा देश के लिए चुनाव कानून अलग-अलग हैं। दिल्ली के चुनाव कानून में रिश्वत को उसी प्रकार परिभाषित किया है जैसा जनरल लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 धारा 123 में किया गया है।

सन् 2013 में माननीय सुप्रीम कोर्ट ने एस सुब्रामनियम बालाजी बनाम स्टेट ऑफ तमिलनाडू में यह निर्णय दिया था कि Bribe (रिश्वत) की परिभाषा में फ्रीबीज (Freebies) का वायदा करना भ्रष्ट आचरण नहीं है। किन्तु 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने इस विषय पर पुनः विचार करने के लिये 3 माननीय जजों की खण्डपीठ का गठन करने के निर्देश दिये हैं। इसका अर्थ है सुप्रीम कोर्ट के समक्ष यह फ्रीबीज का विषय विचारणीय है। यह निर्देश 2022 का है, और 2025 आ चुका है तथा 5 फरवरी 2025 को चुनाव भी हो चुके हैं अतः यह अपेक्षा की जाती है कि ऐसे संवेदनशील विषय पर शीघ्र निर्णय हो तो देश हित में होगा। अन्यथा फ्रीबीज के वायदे की घोषणायें केन्द्र व राज्यों को दिवालिया बना देगी और 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाना असम्भव हो जावेगा। ध्यान रहे तीव्र गति से न्याय प्राप्त करना भी भारतीयों का मूल अधिकार है। यों आसान उपाय धारा 123 ही में समस्या मूलक संशोधन कर किया जा सकता है।

सत्यमेव जयते!

**-अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# भारत में मेंटल हेल्थ की भयावह स्थिति



अविनाश जोशी

आज की तेजी से बदलती दुनिया में इंसानों के लाइफस्टाइल में काफी बदलाव आया है, ऐसे में मेंटल हेल्थ एक बहुत बड़ा मुद्दा बन के विश्व के सामने उभर कर आया है। आज पूरी दुनिया में इसके मरीज बहुत तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। एंजायटी डिप्रैशन स्ट्रेस से पीड़ित मरीजों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। शुरुआती दौर में अमूमन लोग इसको इग्नोर कर देते हैं और सही से इसकी पहचान भी नहीं कर पाते हैं और नतीजतन यह एक बड़े नासूर के तौर पे हमारी दैनिक दिनचर्या को तकलीफदेह बना देता है। हालांकि जागरूकता महत्वपूर्ण मुद्दा है। मानसिक स्वास्थ्य का यह विषय विश्व में सबसे बड़ा मुद्दा बनकर उभर रहा है और अनेक रिसर्च एजेंसियां इस विषय पे काम भी कर रही है। मेंटल हेल्थ का मतलब है कि लोग कैसे सोचते हैं महसूस करते हैं और व्यवहार करते हैं। कुछ ऐसे लक्षण है जिससे हम यह समझ सकते हैं कि व्यक्ति मेंटल हेल्थ से ग्रसित है जैसे अकेलापन महसूस होना, बार-बार मन में आत्महत्या की भावना आना, बार-बार गुस्सा आना, अपने आप को असहाय निराश समझना, खाने, सोने और बैठने-उठने की आदतों में आमूलचूल बदलाव आना, या हर बात पर भ्रमित रहना।

कहते हैं इंसान अगर अभिव्यक्त हो जाए तो उसकी जो मेंटल हेल्थ है वह ज्यादा अच्छी रहती है। आपने देखा होगा जो लोग पेंटिंग करते हैं या संगीत को अपना एक शौक रखते हैं, कविता लिखते हैं या कहानी लिखते हैं, उनकी मेंटल हेल्थ अन्य लोगों की मेंटल हेल्थ से ज्यादा उचित होती है। अमेरिकी मनोचिकित्सक डॉक्टर फ्रैंक क्लार्क बताते हैं कि जब वह फ्रस्ट्रेशन के दौर से गुजर रहे थे तो उसे बाहर निकालने के लिए उन्होंने योग रनिंग जैसी कई थेरेपी के रास्ते चुने लेकिन जब उन्होंने कविता लिखने के बारे में सोचा तो उन्हें लगा कि उनके मूड में बदलाव आ रहा है और उन्होंने अपने आप को अच्छा महसूस किया।

कई अध्ययन बताते हैं कि कोई कलाकृति बनाने या किसी संगीत समारोह में जाने से मानसिक स्वास्थ्य को फायदा मिलता है। कई लोग पेंटिंग करके भी अपने मानसिक स्वास्थ्य को अच्छा बना सकते हैं, जरूरी नहीं आप चित्रकार हो। दक्षता इसका पैमाना नहीं है लेकिन अगर आप चित्र बनाकर अपने आप को संतुष्ट कर सकते हो तो आप अपनी मानसिक अवस्था को ठीक कर सकते हो। जिंदगी में कुछ क्षण संगीत को भी दे, संगीत का यंत्र बजाये, संगीत सुनिए-संगीत के बारे में बात कीजिए, इससे भी आपका मानसिक स्वास्थ्य दुरस्त हो सकता है और कविता लिखना या कविता पढ़ना या कविता बोलना इससे तो मानसिक स्वास्थ्य में आमूल चूल परिवर्तन आ सकता है।

मेंटल हेल्थ बहुत कुछ हद तक इंसान की अपनी आदतें एवं जीवनशैली पर भी निर्भर करती है एक सकारात्मक एवं उलझे हुए व्यक्ति की मेंटल हेल्थ ज्यादा अच्छी रहती है जिंदगी को बहुत ज्यादा तरकीब से जीने की आदत कई बार हमारी मेंटल हेल्थ को बेतरतीब कर सकती है इसलिए कुछ बाते ईश्वर के हाथ में छोड़ देनी चाहिए एवं समय के साथ आने वाली पीढियां के साथ एवं अगल-बगल के इंसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की आदत डाल लेनी चाहिए।

आज के व्यस्त और भाग दौड़ भरे लाइफस्टाइल में शरीर के साथ-साथ मेंटल हेल्थ का भी ध्यान रखना जरूरी है। कामकाज और खान-पान के बदलाव का सीधा असर हमारे दिमाग पर भी पड़ता है। ऐसे में अपने डेली रूटीन में कुछ बाते शामिल करके आप न केवल अपने मानसिक स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं बल्कि अपने दिमाग को भी तेज कर सकते हैं एवं स्ट्रेस को भी हमेशा हमेशा के लिए अलविदा कर सकते हैं। इसमें सबसे पहले तौर पर आता है मेडिटेशन या ध्यान, मेंटल हेल्थ को सुधारने का यह एक सबसे प्रभावी तरीका है। आप ध्यान में ओम मंत्र का जाप कर सकते हैं, प्रतिदिन ओम के जाप से आप खुद को पूरा दिन एनर्जेटिक और शांत रख सकते हैं। दरअसल ओम का जाप आपके मन शरीर और आत्मा को काफी प्रभावित करता है, यह आपको नकारात्मक विचारों से बचाता है। इसके बाद जो दूसरा सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है वह है फिजिकल एक्टिविटी यानी कि शारीरिक व्यायाम इसका सीधा संबंध मानसिक स्वास्थ्य से है अगर हम नियमित तौर पर फिजिकल एक्टिविटी करते हैं तो इससे हमारा मेंटल हेल्थ ठीक रहती है, इससे एंडोर्फिन जो खुशी के स्तर को बढ़ाने वाला हार्मोन है इससे सक्रिय हो जाता है और जिंदगी में सकारात्मकता महसूस होने लगती है। हो सके तो नियमित तौर पर 30 मिनट की वॉक या योग कोई भी एक एक्टिविटी करनी है जिससे आपका मूड भी बेहतर होगा और एनर्जी लेवल भी ठीक हो जाएगा। इसके अलावा हेल्दी डाइट यानी कि संतुलित और पोषक आहार दिमाग की कार्य क्षमता को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण घटक का काम करता है। खाने में ओमेगा 3 फैटी एसिड एंटीऑक्सीडेंट विटामिन बी और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व शरीर को मिलते हैं इस से मेंटल हेल्थ हमेशा अच्छा रहती है।

आज के युग में स्ट्रेस होना आम बात है जो किसी भी कारण से कभी भी हो सकता है। हालांकि यह लंबे समय तक अगर रहता है तो मानसिक स्थिति को यह डैमेज कर देता है, ऐसे में स्ट्रेस को कम से कम लेने की डॉक्टर सलाह देते हैं। आज के दौर में लाइफ भागदौड़ वाली हो गई है, अधिकतर लोग ऑफिस वर्कलोड, पर्सनल काम, भविष्य की चिंता, बच्चों के बारे में चिंता, बच्चों की शिक्षा की चिंता एवं अनेक प्रकार की अन्य चिंताओं से ग्रसित रहते हैं, जिसके कारण तनाव की स्थिति में रहते हैं। यह तनाव शारीरिक स्वास्थ्य को बुरी तरह से प्रभावित करता है जो आगे चलकर काफी हानिकारक साबित हो सकता है।

अगर किसी का स्वास्थ्य लंबे समय से खराब है तो उसको भी मानसिक तनाव हो सकता है। हालांकि जब स्ट्रेस होता है तो कुछ सावधानियां भी बरतीं जा सकती है। पॉजिटिव सोचना और पॉजिटिव बात करना लाइफस्टाइल का एक महत्वपूर्ण घटक है और अपने स्वभाव में इसको शामिल करना उतना आसान भी नहीं है।

अगर आप अपनी लाइफ स्टाइल में इसको सम्मिलित कर ले तो बहुत कुछ मुद्दे जिंदगी में सुलझ सकते है। रात को कोशिश कीजिए गहरी और अच्छी नींद लेने की अगर 7 से 8 घंटे की नींद आपके जीवन में रहती है तो आपका मानसिक स्वास्थ्य बेहतर हो सकता है। अगर हो सके तो ज्यादा से ज्यादा परिवार और दोस्तों से बातें करें ताकि जिंदगी की बहुत सारी उलझने जब आप व्यक्त करते हो तो वह सुलझ जाती है और दिल हल्का हो जाता है। जो मोबाइल है ना यह आपके जीवन में तनाव का सबसे बड़ा घटक है, स्क्रीन टाइम को कम करें अगर हो सके तो अपनी जो डेली स्क्रीन टाइम चाहे फोन, टीवी या लैपटॉप उसको कम करें और प्रकृति के साथ समय बिताए, प्रकृति बहुत कुछ चीज जिंदगी में स्वयं स्वयं ही सुलझ देती है।

ऐसा माना जाता है कि सामान्य लोगों के मुकाबले मेंटल हेल्थ से ग्रसित रोगियों की मौत 10 से 20 साल पहले हो जाती है हमारे देश में हर साल 8 लाख लोग मानसिक रोग से तंग आकर आत्महत्या तक का सहारा लेते हैं डिप्रैशन एंजायटी के कारण वर्ल्ड इकॉनमी को हर साल 75 लाख करोड़ का नुकसान होता है दुनिया में हर नो में से एक व्यक्ति मानसिक बीमारी से पीड़ित है 26 करोड लोग डिप्रेशन का शिकार है और 14 साल की उम्र से ही मेंटल डिसऑर्डर से जूझने लगते हैं।

**-अविनाश जोशी,**
**वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक**

# भारत का अब तक का सबसे प्रभावशाली बजट - करदाताओं को ऐतिहासिक राहत!



सुनील दत्त गोयल

भारत में आयकर दाताओं के लिए बीते 76 वर्षों में इससे बेहतरीन बजट की उम्मीद शायद ही की जा सकती थी। मुझे अच्छी तरह याद है कि जब 1981 में मैंने शेयर बाजार में कारोबार शुरू किया था, उस समय शायद 10,000-12,000 सालाना की आमदनी पर ही कर देय होता था। 2013 में भी केवल 2,00,000 तक की आय पर कर नहीं लगाया जाता था। लेकिन आज, 2025 में, हम गर्व से कह सकते हैं कि वर्तमान भारत सरकार ने संपूर्ण परिस्थितियों का गहनता से अध्ययन करने के बाद 12,00,000 तक की आय को कर-मुक्त कर दिया है। इसका सीधा असर यह होगा कि लगभग 7 करोड़ लोग आयकर के दायरे से बाहर हो जाएंगे।

12 लाख तक की आमदनी वालों को पूरी तरह कर से मुक्त कर दिया गया है, जबकि 25 लाख तक की आय वालों को भी लगभग 1 लाख की वार्षिक बचत होगी।

**बजट का सबसे बड़ा असर -** बाजार में पैसा और तेज गति से घूमेगा

यह बचा हुआ धन बाजार में पुनः प्रवाहित होगा और विभिन्न क्षेत्रों में इसका निवेश व उपभोग बढ़ेगा। चाहे वह रियल एस्टेट, टूरिज्म, म्यूचुअल फंड, बैंकिंग डिपॉजिट, या रोजमर्रा की उपभोक्ता वस्तुएं हों-हर सेक्टर को इसका लाभ मिलेगा। इससे अर्थव्यवस्था में धन का प्रवाह तेज होगा और विकास दर को गति मिलेगी।

आयकर विभाग का आकार घटेगा - नौकरशाही का भ्रष्टाचार खत्म होगा!

जब 7 करोड़ लोग आयकर के दायरे से बाहर हो जाएंगे, तो स्वाभाविक रूप से आयकर विभाग के लिए काम कम हो जाएगा। इसका सकारात्मक प्रभाव यह होगा कि आम नागरिक को कर संबंधी झंझटों और भ्रष्टाचार से मुक्ति मिलेगी। अब करदाताओं में वे लोग प्रमुख रहेंगे जिनकी सालाना आय 12 लाख से अधिक है, और वे पहले से ही वकीलों और कर विशेषज्ञों की मदद से कर-नियोजन (Tax Planning) करना जानते हैं।

**कर सलाहकार की आवश्कता कम होगी**

अघोषित आय (Black Money) टैक्स नेट में आएगी - जीडीपी को सीधा फायदा

अपने 45 वर्षों के शेयर बाजार के अनुभव के आधार पर मैं कह सकता हूं कि पहले जब 50,000 तक कर छूट थी, तो लोग 55,000 की आमदनी दर्शाते थे।

अब, जब 12 लाख तक की आय कर मुक्त है, तो वे लोग भी जो पहले 5-10 लाख की आय दिखाते थे, अब 11-12 लाख तक की आय दिखाने लगेंगे। एसा मेरा मानना है

इससे कर संग्रह बढ़ेगा, क्योंकि अघोषित आय (Black Money) भी अब कर-चक्र में आ जाएगी, जिससे सरकार को अधिक राजस्व मिलेगा और राष्ट्र निर्माण में योगदान बढ़ेगा।

शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी - कलेक्शन 80,000 करोड़ तक पहुंच सकता है!

शेयर बाजार में बढ़ते वॉल्यूम को देखते हुए मेरा अनुमान है कि STT (Securities Transaction Tax) का संग्रह 75,000-80,000 करोड़ तक पहुंच सकता है।

बजट के बाद निवेश में तेजी आएगी। शेयर बाजार में खुदरा निवेशक की भागीदारी बढ़ेगी। IPOs और स्टार्टअप्स के लिए पैसा जुटाना आसान होगा। बैंकिंग और विदेशी पूंजी - क्या सरकार सस्ते विदेशी ऋण की योजना लाएगी?

इस बजट में मेरी एक उम्मीद थी कि सरकार बैंकों को विदेशी धन संग्रह (Foreign Borrowing) के लिए कोई योजना बनाएगी।

यदि बैंकों को सस्ते ब्याज दरों पर विदेशी ऋण उपलब्ध हो जाए, तो वे भारत में निम्न ब्याज दरों पर कर्ज दे सकेंगे, जिससे फिक्स्ड डिपॉजिट में हो रही कमी को पूरा किया जा सकेगा और निवेश बढ़ेगा। मुझे उम्मीद है कि बजट सत्र के दौरान सरकार इस विषय पर अवश्य विचार करेगी।

जीएसटी संग्रह में संभावित वृद्धि

मुझे अनुमान है कि अगले वर्ष जीएसटी संग्रह 30 लाख करोड़ के पार जा सकता है।

इसके पीछे मुख्य कारण यह है कि महाकुंभ, राजस्थान में खाटू श्याम जी का मेला, कैला देवी मेला, और अयोध्या, काशी, उज्जैन, महाकाल जैसे तीर्थ स्थलों में बढ़ती यात्रा से अर्थव्यवस्था में धन का प्रवाह तेजी से बढ़ रहा है। टूरिज्म में बढ़ोत्तरी सीधे व्यापार और कर संठाह को भी बढ़ावा देगी। पुरानी कर प्रणाली छोड़ें - नई व्यवस्था ज्यादा फायदेमंद

जो आयकरदाता यह सोच रहे हैं कि सरकार ने पुरानी कर प्रणाली में कोई छूट नहीं दी, उन्हें यह समझना होगा कि सरकार चाहती है कि लोग पुरानी कर प्रणाली को छोड़कर नई कर प्रणाली अपनाएं।

नई कर प्रणाली सरल, पारदर्शी, और करदाता के लिए अधिक लाभदायक है, जिससे करदाताओं को भी दीर्घकालिक फायदा होगा।

**बजट का समग्र प्रभाव**

कुल मिलाकर, यह बजट बहुत दूरदर्शी और विकासोन्मुखी है।

लोगों को इसे समझने और धैर्य रखने की आवश्यकता है, क्योंकि सरकार का मुख्य फोकस इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर है।

भारत में पहली बार सरकार ने शिप बिल्डिंग के लिए भारी निवेश किया है, जिससे प्रत्यक्ष रूप से लाखों और अप्रत्यक्ष रूप से करोड़ों लोगों को रोजगार मिलेगा। अगर हम पिछले 10 वर्षों पर नजर डालें, तो भारत ने युद्ध क्षेत्र में हथियारों, खिलौनों, मोबाइल फोन और अन्य आवश्यक वस्तुओं का निर्यात बढ़ाया है, जो पहले आयातित हुआ करते थे।

**निष्कर्ष-** यह बजट करदाताओं, निवेशकों, और आम जनता सभी के लिए फायदेमंद साबित होगा। आयकर छूट और अर्थव्यवस्था में धन के पुनः संचार से देश की जीडीपी में वृद्धि होगी और भारत को एक मजबूत आर्थिक शक्ति बनाने में मदद मिलेगी।

धन्यवाद,

**-सुनील दत्त गोयल,**
**महानिदेशक,**
**इम्पीरियल चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, जयपुर, राजस्थान**

# अनधिकृत रूप से पेड़ों को उखाड़ा, दो जेसीबी जब्त

- **कथित आरोपी रामगढ़ सरपंच प्रतिनिधि महावीर प्रसाद बुरड़ ने बंबूल को उपखंड अधिकारी की स्वीकृति से उखाड़ने व नीलाम किए जाने एवं नीलामी की राशि को राजकोष में जमा करवाया जाना बताया**
- **वन विभाग के अधिकारियों ने दोनों जेसीबी को जप्त कर वन विभाग की मसूदा चौकी में खड़ा करवा दिया**

**मसूदा,** (निसं)। मसूदा पंचायत समिति क्षेत्र की रामगढ़ ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थित भूमि में खड़े बम्बूल के पेड़ों को रामगढ़ ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि के द्वारा जेसीबी चलाकर उखाड़ने के सामने आए मामले के बाद मौके पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों ने दोनों जेसीबी को जप्त कर वन विभाग की मसूदा चौकी में खड़ा करवा दिया।

जानकारी के अनुसार बुधवार को वन विभाग को वन विभाग की भूमि से जेसीबी द्वारा बंबूल के पेड़ उखाड़े जाने की सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर दोनों जेसीबी को कब्जे में लेकर मसूदा मसूदा स्थित वन विभाग की चौकी में खड़ा करवा दिया।

वन विभाग के अधिकारी वन विभाग की भूमि से बंबूल के पेड़ उखाड़ने के कारण जेसीबी जब्त करने की कार्रवाई करना बताया। वहीं दूसरी ओर कथित आरोपी रामगढ़ सरपंच प्रतिनिधि महावीर प्रसाद बुरड़ ने संबंधित भूमि में खड़े बंबूल को उपखंड अधिकारी की स्वीकृति से उखाड़ने व नीलाम किए जाने एवं नीलामी की राशि को राजकोष में जमा करवाया जाना बताते हुए वन विभाग के अधिकारियों द्वारा की जेसीबी जब्त करने की कार्रवाई को अवैध एवं अनाधिकृत बताते हुए अनावश्यक रूप से परेशान करने का आरोप लगाया।

## राशिफल शुक्रवार 7 फरवरी, 2025



पंडित अनिल शर्मा

माघ मास, शुक्ल पक्ष, दशमी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2081, रोहिणी नक्षत्र सायं 6:48 तक, ऐन्द्रयन योग सायं 4:16 तक, तैतिल करण प्रातः 10:10 तक, चन्द्रमा आज वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मकर, चन्द्रमा-वृष, मंगल-मिथुन, बुध-मकर, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज कुमार योग और यमघट योग सूर्योदय से सायं 6:40 तक है। रवियोग आज सम्पूर्ण दिन-रात रहेगा। आज गुप्त नवरात्रोत्थापन, गप्त नवरात्रा व्रत पारणा, रोहिणी व्रत है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर सूर्योदय से 8:35 तक, लाभ-अमृत 8:35 से 11:14 तक, शुभ 12:41 से 2:03 तक, चर 4:43 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 7:13, सूर्यास्त 6:09




**मेष**

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।




**वृष**

व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी।




**मिथुन**

आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि का भय है। अनावश्यक धन खर्च होगा। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज मन में असंतोष बना रहेगा।




**कर्क**

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।




**सिंह**

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।




**कन्या**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है।




**तुला**

व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेंगी। व्यावसायिक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। आज यात्रा टालना ठीक रहेगा।



**वृश्चिक**

परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।



**धनु**

स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय दूर होगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।




**मकर**

परिवार में महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।



**कुंभ**

परिवार में महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।



**मीन**

परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

# पंच गौरव चौराहा विकसित करने पर की चर्चा

उदयपुर, (कासं)। प्रदेश के विभिन्न जिलों में वहां की भौगोलिक व पर्यावरणीय परिस्थितियों के आधार पर उपज, वनस्पति, हस्तशिल्प, पर्यटन आदि को लेकर पाई जाने वाली विशेषताओं को संरक्षित व संवर्धित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर शुरू किए गए पंच गौरव कार्यक्रम के क्रियान्वयन की दिशा में प्रयास तेज हो गए हैं। राज्य एवं जिला स्तर पर समितियों के गठन के बाद अब विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

■ पंच गौरव को लेकर तैयार करें श्रेष्ठ कार्ययोजना : जिला कलक्टर



पंच गौरव कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक लेते जिला कलक्टर नमित मेहता।

इसी कडी में उदयपुर जिले में पंच गौरव कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की पहली बैठक गुरूवार को जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट मिनी सभागार में हुई। प्रारंभ में समिति के सदस्य सचिव संयुक्त निदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग पुनीत शर्मा ने स्वागत करते हुए पंच गौरव कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उदयपुर जिले में एक जिला एक उपज में सीताफल, एक वनस्पति प्रजाति में महुआ, एक उत्पाद में मार्बल एवं ग्रेनाइट के उत्पाद, एक पर्यटन स्थल में फतहसागर व पिछोला झील तथा एक जिला एक खेल में तैराकी को शामिल किया गया है। जिला कलक्टर श्री मेहता ने उद्यान विभाग को सीताफल, वन विभाग को महुआ, उद्योग विभाग को मार्बल एवं ग्रेनाइट उत्पाद, पर्यटन विभाग को फतहसागर एवं पिछोला तथा खेल विभाग को तैराकी को प्रोत्साहित करने को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर 8 फरवरी तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसमें उन्होंने राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव तैयार करने तथा प्रथम चरण के लिए कम से कम दो अनुमत कार्य चिन्हित करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर मेहता ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को सभी संबंधित विभागों से समन्वय करते हुए पंच गौरव पर 2 मिनट की आकर्षक लघु फिल्म तैयार करने के भी निर्देश दिए। बैठक में पंच गौरव कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सुझावों पर भी चर्चा हुई। इसमें जिला कलक्टर ने उदयपुर शहर में पंच गौरव चौराहा विकसित किए जाने के सुझाव का स्वागत करते हुए उसे कार्ययोजना एवं प्रस्तावों में शामिल करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिह राठौड़, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र शैलेंद्र शर्मा, उपनिदेशक पर्यटन शिखा सक्सेना, उपनिदेशक उद्यानिकी केसी शर्मा, सहायक वन संरक्षक सुरेखा चौधरी, एडीईओ टीएडी डॉ अमृता दाधीच, सीपीओ महावीरप्रसाद आदि उपस्थित रहे।

# भंवर लाल गुर्जर बने विद्यापीठ के कुलाधिपति

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान विद्यापीठ के कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर को जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टु बी विवि का कुलाधिपति मनोनीत किया गया।

कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने गुर्जर का मुंह मीठा करा उक्त आश्य की घोषणा की। उन्होंने कहा कि गुर्जर पिछले 50 वर्षो से संस्थान में अपनी पुरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपनी सेवाएँ दे रहे है उसी का परिणाम है कि आज विद्यापीठ देश ही नहीं विश्व पटल पर अपनी एक अलग पहचान बनाई है। चांसलर की घोषणा होते ही कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड पडी, सभी ने गुर्जर को मालाओं से लाद दिया और बधाई देने वालों का तांता लग गया। नवनियुक्त चांसलर भंवर लाल ने कहा कि विद्यापीठ कार्यकर्ताओं की संस्था है ,हम सभी को मिल कर इसे ओर अधिक उंचाईयों पर पहुंचाना है। गुर्जर ने प्रतापनगर परिसर में 1० हजार स्क्वायर फीट की नवीन सेन्टर लाईब्रेरी बनाने की घोषणा की। संस्थान में 10 हजार विद्यार्थी अध्ययनरत है। इस अवसर पर पीठ स्थविर डॉ. कौशल नागदा, रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली, सचिव भेरूलाल लौहार, डॉ. सुभाष बोहरा, प्रो. सरोज गर्ग, प्रो. जीवन सिंह खरकवाल, प्रो. गजेन्द्र माथुर, प्रो. आईजे माथुर, भगवती लाल सोनी, प्रवीण गुर्जर, डॉ. संजीव राजपुरोहित, डॉ. आशीष नंदवाना, नजमुद्दीन, बालकृष्ण शुक्ला, उमराव सिंह राणावत, निजी सचिव केके कुमावत, जितेन्द्र सिंह चौहान, डॉ. सुनिता मुर्डिया, डॉ. रचना राठौड, डॉ. ओम पारीख, डॉ. विजय दलाल, डॉ. हिम्मत सिंह चुण्डावत, सहित कार्यकर्ताओं ने गुर्जर का माला पहना कर सम्मान किया।



विद्यापीठ में कार्यकर्ताओं ने भंवर लाल गुर्जर का माल पहनाकर भव्य स्वागत किया।

## दो इमारतों को किया सीज

उदयपुर, (कासं)। नगर निगम द्वारा लगातार यूडी टैक्स को लेकर सख्त कार्रवाई लगातार जारी है दूसरे दिन फिर से राजस्व शाखा द्वारा दो प्रतिष्ठानों को सीज किया गया।

नगर निगम राजस्व अधिकारी नितेश भटनागर ने बताया कि आयुक्त राम प्रकाश के निर्देश पर नगरीय विकास कर वसूलने को लेकर फिर बडी कार्यवाही करते हुए 2 संपतियों को सीज किया । गुरुवार को लोहा बाजार हाथीपोल उदयपुर स्थित ताहिर अली बक्ष शबीर हुसैन, मोहम्मद हुसैन की संपत्ति जिसका नगरीय विकास कर कुल 1089993 बकाया था जिसे सीज किया गया। वहीं अश्वनी बाजार मैन रोड स्थित सोहन लाल ताराचंद कोठारी की संपत्ति जिसका 701911 रुपए नगरीय विकास कर बकाया था जिसे भी सीज किया गया। इनके द्वारा नगरीय विकास कर की राशि जमा नहीं कराने से नगर निगम द्वारा इन व्यावसायिक सम्पतियों पर ताला लगा इनकी व्यावसायिक गतिविधियाँ बन्द करा दी गई।

निगम ने नोटिस पर भी संबंधित फर्मो द्वारा टैक्स बकाया रहने के लिए कोई संतोषप्रद का कारण भी नही बताया गया है।

## पीड़ितों को लौटाई नकदी

उदयपुर, (कासं)। शहर पुलिस ने साईबर ठगी का शिकार हुए पीडितों की नकदी पुलिस ने वसूल कर उन्हें वापस लौटाई। पुलिस मुख्यालय राजस्थान जयपुर द्वारा साईबर अपराधों की रोकथाम व साईबर अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए चलाए जा रहे शिल्ड अभियान के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में सविना थानाधिकारी अजयसिंह राव के नेतृत्व में गठित दल ने थाने पर दर्ज ऑन लाईन साईबर ठगी के मामलें में कार्यवाही करते हुए साईबर ठगी का शिकार हुए नरेश कुमार पटेल, जावेद हुसैन साबरी, प्रेमचंद यादव, कुकुल परतानी, श्रवण कुमार राजावत सहित सभी पीडितों की 7 लाख 35 हजार 746 रूपये नकदी वसूल कर उन्हें वापस लौटाई।

# नाथद्वारा, उदयपुर व राजसमंद को मिली पहली अंतर्राष्ट्रीय लीग की सौगात

उदयपुर, (कासं)। भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल, कतर, यूएई और अफगानिस्तान के दिग्गज क्रिकेट सितारे 10 मार्च से शुरू होने वाली एशियन लेजेंड्स लीग में अपनी चमक बिखेरेंगे। एशियन लेजेंड्स लीग 2025 का भव्य आयोजन नाथद्वारा, उदयपुर और राजसमंद क्रिकेट प्रेमियों के लिए सौगात ला रहा है।

गुरुवार को नाथद्वारा स्थित मदन पालीवाल मिराज स्पोर्ट्स सेंटर में इस रोमांचक टी 20 टूर्नामेंट की घोषणा के साथ ही भव्य तैयारियां साझा की गई। 10 से 18 मार्च तक होने वाले इस टूर्नामेंट में पांच सबसे बडे एशियाई क्रिकेट देशों - भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल, कतर, यूएई और अफगानिस्तान के दिग्गज खिलाडियों से बनी टीमें इस टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करेंगी। लीग कमिश्नर, बीसीसीआई के पूर्व सेलेक्टर और पूर्व भारतीय क्रिकेटर चेतन शर्मा, मिराज ग्रुप के वाईस चेयरमैन मंत्रराज पालीवाल, एमपीएमएससी के लक्ष्मण दीवान और लीग के सीईओ महावीर प्रसाद शर्मा, ईएमसीएल फाउंडर और लीग आयोजक रवि कुमार यादव ने प्रेस कांफ्रेंस में लीग से जुडी जानकारियां का विवरण दिया। उन्होंने सीजन के लिए अपने आइकॉन खिलाडियों के साथ पांच टीमों की भी घोषणा की।

चेतन शर्मा ने बताया कि एशियन लेजेंड्स लीग अपने आप में एक अनोखा टूर्नामेंट है जिसमें एशिया के पांच शीर्ष देशों के कुछ सबसे बडे नाम एक बार फिर मैदान में लडाई करते दिखेंगे। जहां भारत के पूर्व ऑल राउंडर इरफान पठान इंडियन रॉयल्स के आइकॉन प्लेयर के तौर पर खेलेंगे। वहीं श्रीलंका लायंस ने ऑलराउंडर थिसारा परेरा को अपने साथ जोडा है जबकि अफगानिस्तान पठान्स के लिए अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान असगर अफगान, बांग्लादेश टाइगर्स के लिए मोहम्मद अशरफुल और एशियाई स्टार्स के लिए आइकॉन प्लेयर अब्दुल शाकूर शामिल रहेंगे।

इस 9 दिवसीय लीग में 15 मैचेस खेले जाएंगे जिसका लाइव टेलीकास्ट स्टार स्पोर्ट्स पर किया जाएगा। टूर्नामेंट के बारे में मंत्रराज पालीवाल ने बताया कि ये टूर्नामेंट नाथद्वारा के लिए बहुत से अवसर और उपलब्धियां लाएगा। ये पहली बार होगा जब इस तरह का अंतर्राष्ट्रीय य टूर्नामेंट 'श्रीनाथ जी' की नगरी में होने जा रहा है। सभी खेल प्रेमियों के लिए ये एक खास अनुभव हो उसकी काफी तैयारियां की जा रही हैं।

# चोरों ने सूने मकान को बनाया निशाना

डूंगरपुर, (निसं)। जिले की कोतवाली थाना क्षेत्र में एक बार फिर चोरी की वारदात बढने लगी है। चोरों ने शहर के प्रगतिनगर कॉलोनी स्थित एक सुने मकान को अपना निशाना बनाते हुए घर से 3 लाख के सोने चांदी के आभूषण सहित 5० हजार नगदी पर अपना हाथ साफ किया है। वही दूसरी ओर शहर के ही प्रतापनगर कॉलोनी में स्थित एक अन्य मकान में कर में आये बदमाशो ने घर का मुख्य ताला तोडकर चोरी का प्रयास किया, लेकिन उन्हें सफलता नही मिल सकी। मंगलवार को भी शाम हाउसिंग बोर्ड में भी उच्चको ने एक महिला के हाथ से पर्स छीन कर फरार हुए थे।

■ घटना के समय परिवार गया हुआ था महाकुंभ



प्रगतिनगर स्थित रिहायशी मकान में चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान।

कोतवाली थाना सर्कल के प्रगतिनगर में स्थित कैलाशचंद्र शर्मा के घर को चोरो ने निशाना बनाते हुए घर मे रखे 3 लाख रुपये के सोने चांदी के आभूषण सहित 5० हजार की नगदी पर अपना हाथ साफ किया। घटना के समय परिवार महाकुम्भ में गया हुआ था। घटना की जानकारी पिडित के बेटे हिमेश के अहमदाबाद से डूंगरपुर पहुचने पर लगी। हिमेश के घर पहुचने पर घर का ताला टूटे हुआ और समान बिखरा पडा हुआ था।

चोरी की सूचना पर कोतवाली थाना मौके पर पहुची ओर घटना का जायजा लेते हुए पीडित हिमेश की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आस पास के सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए जांच शुरू की। वहीं दूसरी ओर प्रतापनगर निवासी कन्हैयालाल टेलर के घर भी कार में आये उचक्कों ने चोरी का प्रयास करते हुए मुख्य दरवाजे को खोल घर मे प्रवेश किया ओर कुंडा तोडा, लेकिन चोरी करने सफल नही हो सके। कार में सवार आये उच्चके घर मे लगे सीसीटीवी में कैद हो गए।

## सार-समाचार

### दिव्यांग व निर्धन सामूहिक विवाह कल

उदयपुर, (कासं)। आगामी 8-9 फरवरी को दिव्यांग एवं निर्धन जन एक-दूसरे का हाथ पकड एक नई दुनिया बसाए, इस भावना से नि:शुल्क 43वां दिव्यांग एवं निर्धन सामूहिक विवाह आयोजित कर रहा है। यह सामूहिक विवाह नारायण सेवा संस्थान के सेवा महातीर्थ बडी स्थित परिसर में होगा। संस्थान के जनसंपर्क प्रमुख भगवान प्रसाद ने प्रेस वार्ता में बताया कि वर्ष 2025 के प्रथम सामूहिक विवाह में 51 जोडों की जिंदगी में खुशियों के रंग भरे जाएंगे। इसमें 28 दिव्यांग तथा 23 निर्धन परिवार के वर-वधू हैं। सेवा महातीर्थ में विशाल डोम बनाया गया है। जिसमें विवाह संस्कार की वे सभी रस्में निभाई जाएंगी जो किसी सामान्य व्यक्ति के विवाह में होती हैं। यथा गणपति पूजन, मेहंदी, हल्दी, महिला-संगीत तोरण, वरमाला और विद्वान आचार्यों के वैदिक मंत्रों की गूंज में पाणिग्रहण संपन्न होगा। प्रेस वार्ता में 43वें दिव्यांग एवं निर्धन सामूहिक विवाह संस्कार का पोस्टर संस्थान के जनसंपर्क प्रमुख मीडिया प्रभारी विष्णु शर्मा हितैषी, विवाह संयोजक रोहित तिवारी एवं बंशीलाल मेघवाल ने जारी किया।

### क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। गीतांजलि इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज में गिट्स एवं भारतीय मानक ब्यूरो भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में 'भारतीय मानकों के महत्व' पर एक क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में भारतीय मानकों के प्रति जागरूकता बढाना और उनके उद्योगों एवं दैनिक जीवन में उपयोग पर प्रकाश डालना था। संस्थान के निदेशक डॉ एस एम प्रसन्ना कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान छात्रों को विभिन्न भारतीय मानकों, उनके अनुप्रयोगों, और उद्योगों में उनकी गुणवत्ता, सुरक्षा और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे भारतीय मानक ब्यूरो के प्रतिनिधि इंजी. प्रफुल्ल कोठारी केसानिध्य में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें उनके भारतीय मानकों से जुडी समझ और उनके महत्व की परीक्षा ली गई। कडी प्रतिस्पर्धा के बाद विद्यार्थी नजरे इमाम को प्रथम स्थान,याशी सिंह को द्वितीय स्थान, शिवम प्रताप को तृतीय तथा प्रेरक अमेटा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। वित्त. नियंत्रक बी एल जागीड के अनुसार इस तरह की पहल भविष्य के इंजीनियर्स और प्रोफेसनल्स को मानकीकरण, गुणवत्ता नियंत्रण और नवाचार के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।जिससे उन्हें इंजीनियरिंग, विनिर्माण और दैनिक जीवन में मानकों के पालन के महत्व को समझने में मदद मिलती है। कार्यक्रम का संयोजन डॉ विजेंद्र कुमार मौर्य एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डेनिस जागीड द्वारा तथा संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर शैलजा राणावत ने किया।

### आर्ट एण्ड क्राफ्ट वर्कशॉप आयोजित

उदयपुर, (कासं)। तिरूपति कॉलेज ऑफ नर्सिग के विधार्थीयो के लिए पीडिलाईट इंडस्ट्रीज के सहयोग से आर्ट क्राफ्ट वर्कशॉप का आयोजन किया गया। उद्घाटन कॉलेज के डॉ.के.सी. यादव, डॉ. संजय नागदा, वर्कशॉप कॉर्डिनेटर डॉ. राहीला घोड्च, खुशबू वैष्णव, विशाल चौहान आदि ने किया। वर्कशॉप में डॉ.राहीला घोड्च ने 39 से ज्यादा विद्यार्थीयों कों मोलडिट क्ले का उपयोग सिखाया। वर्कशॉप में पेस्टल कलर्स का उपयोग किया जिससे प्रतिभागियों को रंगों के विभिन्न संयोजनों और तकनीकों के साथ साथ रंगों को प्रयोग करके अपनी भावनाओं को चित्रित करने का अवसर मिला। इस अवसर पर डॉ.राहीला ने कहा कि यह वर्कशॉप न केवल कला कौशल को विकसित करने का एक मंच है, बल्कि यह विधार्थीयों को तनाव मुक्त करने का भी एक साधन है। वर्कशॉप में तिरूपति कॉलेज ऑफ नर्सिग डॉ.संजय नागदा ने कहा कि वर्कशॉप के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विधार्थीयों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ करना और उन्हें कला के माध्यम से अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करना है। इस अवसर पर पीडिलाईट इंडस्ट्रीज के सीएमडीआई गोपाल माथुर उपस्थित थे। अंत में प्रतिभागियों ने अपनी बनाई हुई कला का प्रदर्शन किया, जिससे उन्होंने अपनी कला और भावनाओं को साझा किया। इस अवसर पर एच.आर.विभाग के प्रवीण, महेन्द्र, कुंदन आदि का सहयोग रहा।

### सफाई अभियान आज से

मंडफिया, (निसं)। पावन चित्तौडगढ सफाई अभियान के तहत पंचायत समिति भदेसर क्षेत्र के गांवो में 7 फरवरी से सफाई अभियान प्रारंभ होगा जिसको लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रभा गौतम के सानिध्य में मंडफिया के गोकुल विश्रान्ति गृह में गुरुवार को बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें गांव मे पुराने पडे कचरे, गंदी नालियों वाले सार्वजनिक स्थान की पहचान करना एवं उन्हें साफ करवाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के पश्चात पूरे मंडफिया गांव में टीम ने भ्रमण कर अभियान के तहत साफ सफाई करने हेतु 200 योग्य स्थानो को चिन्हित किया गया। जिनकी साफ सफाई की जाएगी। ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम ग्राम पंचायत मंडफिया में रखा गया है। भ्रमण के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रभा गौतम, मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक, मंडफिया सरपंच व प्रशासक शमीम बानो, राजकीय कंपाउंड फारूख मोहम्मद, मंडफिया पूर्व उप सरपंच आजाद हुसैन, मंदिर मंडल कर्मचारी सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### चौकीदार का सिर पत्थरों से कुचला

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर शहर में एक सप्ताह में तीन हत्याएं हो चुकी है। शहर में हो रही आपराधिक घटनाओं ने कानून व्यवस्था पर सवालियां निशान खड़ा किया है। बीते एक सप्ताह में यह तीसरी घटना है। गुरूवार को शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में एक चौकीदार का पत्थरों से सिर कुचली लाश मिली है। पुलिस मामले को हत्या मान जांच कर रही है। बीते तीन दिनों में इस थाना क्षेत्र में यह दूसरी हत्या है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार को शहर के प्रतापनगर थानाक्षैत्र नवीनत मोटर्स के समीप पुलिया के निचे शव पडा होने की सूचना मिली। इस पर प्रतापनगर उथानाधिकरी राजेन्द्रसिंह मय जाप्ता ने मौके पर पहुंच कर उच्चाधिकारियों को सूचना दी। इस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित मय जाप्ता मौके पर पहुंचे। जहां मृतक की सोलंकियों का गुड़ा देवगढ राजसमन्द हॉल मादडी निवासी लादूलाल (35) पुत्र गोपीलाल सालवी के रूप में शिनाख्त कर शव को मौके से हटा कर एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया। लादूलाल प्रतापनगर मादडी क्षेत्र में अलग अलग स्थानों पर चौकीदारी करता था एवं शराब पीने का आदी था। जिसका सिर पत्थर से कूचला हुआ था। पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज आरोपियों की तलाश शुरू की। शहर में गत एक सप्ताह में लगातार तीन व्यक्ति की हत्या हो चुकी है। जिसमें एक व्यक्ति की सुखेर थाना क्षेत्र में तथा एक सर्राफा कारोबारी तथा चौकीदार की प्रतापनगर थाना क्षेत्र में हत्या हो चुकी हैं। हालांकि पुलिस ने दो मामलों का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

### दूसरे दिन भी जारी रही कार्रवाई

उदयपुर, (कासं)। नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश के निर्देश पर बुधवार से अतिक्रमण कार्यवाही की रणनीति में बदलाव करते हुए फिर से कार्रवाई शुरू की गई जो लगातार दूसरे दिन भी जारी रही। कार्रवाई में दो गैस भट्टी, दो गैस टंकी, चार केबिन, 1 ऑटो जब्त किया है। नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि नगर निगम द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ अब से औचक कार्यवाही शुरू की गई है। पहले कार्यवाही के दौरान अवैध ठेला संचालक कुछ समय के लिए अपना स्थान परिवर्तन कर देते हैं और फिर से वही आकर व्यवस्था को बिगाड़ते थे। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए कार्यवाही की नीति में बदलाव करते हुए बुधवार से औचक कार्यवाही शुरू करना प्रारंभ किया गया। आयुक्त राम प्रकाश द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार निगम पुलिस निरीक्षक मांगीलाल डांगी, राजस्व निरीक्षक विजय जैन, राहुल मीणा ने टीम के साथ बंसी पान के पास औचक कार्यवाही को अंजाम दिया गया। अकस्मात हुई कार्यवाही में 2 गैस भट्टी, 2 गैस टंकी, 4 केबिन, 1 ऑटो जब्त किया गया। यह सभी ठेले केबिन नगर निगम द्वारा बिना लाइसेंस के खड़े हुए थे।

### सांसद सीपी जोशी का स्वागत

उदयपुर, (कासं)। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं चित्तौड़ सांसद सीपी जोशी गुरूवार को डबोक एयरपोर्ट पहुंचे जहां पर उदयपुर भाजपा ने उनका स्वागत किया। सीपी जोशी वहां से वह काफिले के साथ भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर के पिता कुंदनलाल सामर के निधन पर उनके निवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे। कॉमर्स कॉलेज के बाहर भाजपा शहर जिला उदयपुर एवं देहात जिला उदयपुर के जिला अध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ व पुष्कर तेली के सानिध्य में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। वहां से प्रमोद सामर के निवास पर पहुंचे उनके पिताजी के निधन के बाद परिवार जनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की।

## सार-समाचार

### शातिर मोटर चोर गिरफ्तार

बांसवाड़ा, (निसं)। पुलिस थाना अरथुना ने खेतों व मकानों के बोरवेलों से पानी की मोटर चोरी करने के शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी प्रकाशचंद्र ने बताया कि 4 फरवरी को कमलेश पुत्र खेमाजी पाटीदार निवासी रैया ने रिपोर्ट दी कि परतापुर मुख्य मार्ग पर उसके कुएं से 8 जनवरी की रात्रि अज्ञात बदमाश मोटर चोरी कर ले गये और पाईप व केबल काटकर बाहर फेंक गये। वहीं रात्रि में परमेश्वर पुत्र हिरजी पाटीदार रैयाना के निर्माणाधीन भवन से जेट पंप चोरी कर ले गये। जिस पर प्रकरण दर्ज कर अज्ञात मुलजिमानों व माल की पतारसी की गयी। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तथा आये दिन सर्कल में लोगों के खेतों व मकानों के बोरवेलों से पानी की मोटरें चोरी होने की घटनाओं को लेकर पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अठावाला के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. राजेश भारद्वाज व गढ़ी वृत्ताधिकारी सुदर्शन पालीवाल के निकट सुपरविजन में संपत्ति संबंधित अपराधों में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत टीमों का गठन कर अज्ञात आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की गयी। गठित टीमों ने मुखबीर तंत्र मामुर कर सूचनाएं संकलित कर शातिर मोटर चोर बृजेश पुत्र रामलाल चरपोटा निवासी क्यारा अडोर थाना गढ़ी एवं राहुल पुत्र रुपलाल चरपोटा निवासी क्यारा अडोरा थाना गढ़ी को गिरफ्तार कर सर्कल में व आस-पास के थाना सर्कलों में चोरी की गयी 12 पानी की मोटरें बरामद की। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है एवं आरोपियों व उनके साथियों के कब्जे से और भी पानी की मोटरें बरामद होने की संभावना है। पुलिस टीम में थानाधिकारी प्रकाशचंद्र, एएसआई जयसिंह, हैड कांस्टेबल मगनलाल व खोमचंद, कांस्टेबल महेन्द्र सिंह, कांतिलाल, विरेन्द्र पाटीदार, मनमोहन, राजेन्द्र, अभिषेक, चालक कांस्टेबल केशव शामिल रहे।

### रॉयल्टी कारोबारी के साथ मारपीट

उदयपुर, (कासं)। प्रतापनगर थाना क्षेत्र में रॉयल्टी कारोबारी के साथ मारपीट कर बदमाश कार व नकदी लूट ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित जितेन्द्रसिंह पुत्र ताजुसिंह निवासी रामथलीया कराना डिडवाना ने सुरेश डांगी व अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 4 फरवरी को डंपर चालक बिना रॉयल्टी चुकाए जा रहा था। जिसे रोक कर पूछताछ की तो उसने मालिक को फोन कर दिया। इस पर कुछ ही देर में आए बदमाशों ने मेरे व साथियों के साथ मारपीटकर कार व उसमें रखी 2 लाख 60 हजार रूपये नकदी, रॉयल्टी की रसीदे व दस्तावेज थे। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### नकदी से भरा बैग चोरी

उदयपुर, (कासं)। प्रतापनगर थानाक्षैत्र में किराणा व्यापारी का अज्ञात चोर नकदी से भरा बैग चुरा ले गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित कमलेन्द्रसिंह पुत्र भीमसिंह निवासी युआईटी कॉलोनी प्रतापनगर ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि मेरी पुराना आरटीओं ढीकली रोड़ पर सुपर मार्केट के नाम से किराणा दुकान है। 4 अक्टूबर सांय दुकान का शटर बंद करने के लिए पास में बैग रखा था। इसको अज्ञात चोर मौके से बैग चुरा ले गया। बैग में 2 लाख रूपये नकदी थी। पीडित ने भुपेन्द्र वैष्णव पुत्र गोपालदास वैष्णव निवासी कमलोद पर वारदात में शामिल होने ककी आशंका के चलते प्रकरण दर्ज करवाया है। भूपेन्द्र पूर्व में पीडित के पास काम करता था।

### चोरी के मामले में दो महिला गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। सरकारी सामान चोरी करने वाली दो महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित ईश्वर पुत्र वरदाजी गमेती सरपंच सवीना ग्रामीण नेला हनुमानफला हाल गोवर्धन विलास ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि ग्राम पंचायत सविना नेला केजडी फला में हेण्डपंप को ठीक करने की कम्प्लेन की थी। इस पर 3 फरवरी को जनस्वास्थ्य विभाग ने हेण्डपंप ठीक कर उसमें से निकले दो लोहे के पाईप व मुंह खराब होने से पास ही खेत में रख दिए थे। जो दूसरे दिन मौके पर नहीं मिले। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेशगोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीरसिंह के सुपरविजन में गोवर्धन विलास थानाधिकरी दिलिपसिंह के नेतृत्व में अनुसंधान अधिकारी विरेन्द्र कुमार हेडकांस्टेबल ने मामले में अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपी इन्द्रा कॉलोनी निवासी ललिता पत्नी मुकेश कालबेलिया तथा बसन्ती पत्नी रामू कालबेलिया को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चोरी किया माल बरामद कर न्यायालय में पेश किया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया।

### धोखे से जमीन हड़पी

उदयपुर, (कासं)। शहर के गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने उनपचास आरोपियों के खिलाफ जमीन हडपने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्रापत जानकारी के अनुसार पीडित बाबु पुत्र भेरा गमेतीयों का मोहल्ला गोवर्धन विलास ने आरोपी नलवाया चौक निवासी कन्हैयालाल पुत्र रामचन्द्र साहू, लखमा पुत्र दीता, हरजी पुत्र धना, हकरा पुत्र सोमा, हरकलाल पुत्र रामा, धोला पुत्र सोमा सहित उनपचास लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि गमेतियों का फला मोहल्ला क्षेत्र मे मेरी मां देऊबाई के नाम पर जमीन थी। जिसकी मौत होने चुकी थी। उसके बाद आरोपियों व अन्य साथियों ने साजिश के तहत जमीन को कूटरचित दस्तावेज से अपने नाम करवा ली। जबकि मेरी मां ने किसी को जमीन नहीं बेची थी। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### हादसे में नवविवाहिता की मौत

उदयपुर, (कासं)। सुखेर थाना क्षेत्र में ट्रेलर ने स्कूटी सवार नवविवाहिता को कूचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई तथा पति घायल हो गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार शाम सुखेर थाना क्षेत्र बीएसएफ केंप के आगे ट्रेलर ने स्कूटी को चपेट में ले लिया। हादसे में कुचला जाने पर स्कूटी सवार नवविवाहिता वंचिका (26) पत्नी नवनीत आमेटा निवासी वागड सायरा की मौत हो गई तथा उसका पति नवनीत चोटिल हो गया। सूचना पर एएसआई सरादारसिंह ने मौके पर पहुंच कर मृतक को एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया वहीं घायल को उपचार के लिए भर्ती करवाया। परिजनों को हादसे की जानकारी दी गई है। जिनके आने पर शुक्रवार को मृतका का पोस्टमार्टम होगा। वंचिका का कुछ दिन पहले 21 जनवरी को ही विवाह हुआ था। वह स्कूटी पर अपने पति नवनीत के साथ उदयपुर से गांव जा रहे थे। जहां बीच रास्ते में हादसा हो गया। गोगुन्दा पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर लिया है।


**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)**

क्रमांक : F7(12)PLAN/LANDUSE/2024-25/247 - 248 दिनांक: 6/2 / 2025

**आम सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा गुलाब कोठारी बनाम राजस्थान सरकार एवं अन्य सिविल रिट संख्या 1554/2004 में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर के द्वारा पारित निर्णय के क्रम मे सरकार के विभागीय आदेश दिनांक 20-07-2017 के अनुसार एवं राज्य सरकार के द्वारा समय-समय पर वृहद / व्यापक जनहित के दृष्टिगत मास्टर प्लान में भू-उपयोग परिवर्तन अनुज्ञये किये जाने के संबंध में प्रदत्त आदेशों / परिपत्रों की अनुपालना में निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है.-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम/ योजना | खसरा संख्या /ब्लॉक संख्या | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | भूखण्ड/भूमि के स्थिति | भू-उपयोग परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती पुंजी बाई पटेल पत्नी श्री नाथुलाल पटेल, श्रीमती कुरी बाई पटेल पत्नी श्री अमृतलाल पटेल, श्रीमती गलाल पत्नी श्री डुंगर लाल पटेल | तितरड़ी | 276 मीन, 279 मीन | 02 | 4600.00 वर्गफीट | गीतांजली हॉस्पिटल के सामने स्थित 200 फीट सड़क पर होटल महादेव गार्डन के समीप स्थित है। | आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। आयुक्त उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

प्रारूप-10 (नियम-6 (7) देखिए)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद, राजसमन्द**

सं. 7454 **लोक-सूचना** दिनांक :06/02/2025

श्री देवी लाल खटीक पिता श्री डालचन्द खटीक निवासी कोठारिया तहसील नाथद्वारा जिला राजसमन्द व श्रीमती रेहाना बानु पत्नी श्री मोहम्मद हुसैन मन्सूरी निवासी कांकरोली तहसील व जिला राजसमन्द द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र.स. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजसमन्द | बागपुरा | 871/214<br>917/809 | रकबा 0.1942 हैक्टेयर<br>रकबा 0.2023 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ......... को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द

# 20 टन एलपीजी से भरा टैंकर पलटा, बड़ा हादसा टला

## कोलू पाबूजी टोल प्लाजा पर पलटा टैंकर, चालक घायल

**जोधपुर, ( कासं )।** फलोदी जिले के कोलू पाबूजी टोल प्लाजा पर गुरुवार सुबह बड़ा हादसा टल गया। गुजरात से बीकानेर जा रहा गैस से भरा टैंकर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को तत्काल सूचना दी। हादसे में घायल टैंकर ड्राइवर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में टोल प्लाजा के दो केबिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई। सूत्रों के अनुसार टैंकर में करीब 20 टन एलपीजी गैस भरी हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, देचू एसडीएम और तहसीलदार मौके पर पहुंचे और सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए। इस दौरान वहां से आने जाने वाले वाहनों को पहले ही रोक दिया। फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची। सुरक्षा की दृष्टि से रास्ते को डायवर्ट कर दिया गया है। हादसे में टोल के दो केबिन क्षतिग्रस्त हो गए।

- **प्रशासन की मुस्तेदी से बड़ा हादसा टला, जोधपुर और बीकानेर से टीमें पहुंची**

लोहावट थाना प्रभारी अमर सिंह ने बताया कि सुबह नौ बजे कोलू टोल पर गैस से भरा टैंकर पलट गया था। हादसे में ड्राइवर घायल हो गया। जिसे देचू अस्पताल में भर्ती कराया है। संभावना है कि ड्राइवर को नींद की झपकी या किसी अन्य कारण से टैंकर बेकाबू हो गया, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मौके पर पुलिस जाप्ता और एम्बुलेंस को तैनात किया गया है। रास्ते को डायवर्ट किया गया है। 500 मीटर तक के एरिया को खाली रखा गया है। गनीमत है कि गैस रिसाव नहीं हुआ। इसके बाद भी सावधानीवश गैस टैंकर के पास किसी को नहीं जाने दिया जा रहा है। गैस जांच के लिए जोधपुर और बीकानेर में टीमें मौके पर पहुंची है।

## केमिकल से भरे टैंकर और ट्रक में भिड़ंत

**नापासर, ( निसं )।** थाना क्षेत्र में देर रात भारतमाला सड़क पर किलचू सीमा के पास एक केमिकल से भरे टैंकर और ट्रक की भिड़ंत हो गई। भिड़ंत से दोनों गाड़ियों में आग लग गई। केमिकल के कारण आग तेजी से फैलने लगी। इसकी सूचना मिलने पर नापासर थानाधिकारी लक्ष्मण सुथार, सैरुणा थानाधिकारी पवन शर्मा और देशनोक थाने का स्टाफ भी घटनास्थल पर पहुंच गया। थानाधिकारी लक्ष्मण सुथार ने बताया कि दमकल की सहायता से आग पर काबू पाया गया। वहीं देशनोक और बीकानेर से दमकल बुलाई गई। ट्रक चालक को मामूली चोटें आई, वह आग से झुलस गया था। उसे देशनोक अस्पताल भेजा गया जबकि टैंकर का चालक मौके से फरार हो गया। केमिकल टैंकर के पिछले टायर एवं पीछे से आधी बॉडी जल गई। जबकि दूसरा ट्रक पूरी तरह जलकर राखहो गया। इस दौरान मौके पर जामलग गया। तीन थानों की पुलिस नेयातायात बहाल किया। इसके बादग्रामीणों को राहत मिली।

## बुजुर्ग के खाते से धोखाधड़ी कर 17 लाख रुपए उड़ाए

**अजमेर, ( कासं )।** लोहागल निवासी एक बुजुर्ग से 17 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित बुजुर्ग ने कचहरी रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा के कर्मचारियों पर कथित अवैध रूप से चेक बुक जारी करने और उसके खाते से 17 लाख रुपए निकालने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- **पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दी, बैंककर्मियों पर मिलीभगत का आरोप लगाया**

पीड़ित बुजुर्ग कैलाश चंद कुमावत ने कोतवाली थाने में पीएनबी शाखा के कर्मचारियों के खिलाफ धोखाधड़ी कर रकम हड़पने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़ित बुजुर्ग ने बताया कि उनका पेंशन खाता कचहरी रोड स्थित पीएनबी में संयुक्त रूप से संचालित होता है, जिसमें उनकी पत्नी बीना देवी कुमावत भी खाताधारक हैं। कैलाश चंद बीएसएनएल विभाग से सेवानिवृत्त हैं और उनकी पेंशन नियमित रूप से इसी खाते में जमा होती है। उनके मुताबिक खाते में 21 लाख रुपए से अधिक की राशि जमा थी। कुछ समय पहले, उन्हें कुछ राशि की आवश्यकता पड़ी, जिसके चलते उन्होंने आंशिक रकम निकाली। बाद में जब उन्होंने खाते की पासबुक में एंट्री कराई तो पता चला कि दो चेक के माध्यम से 17 लाख रुपए अवैध रूप से निकाले जा चुके हैं। हैरानी की बात यह है कि जिन चेक नंबरों से यह राशि निकाली गई, वह चेक बुक कभी उनके पास आई ही नहीं। कैलाश चंद ने बैंक कर्मचारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी मिलीभगत से ही अवैध रूप से नई चेक बुक जारी की गई और रकम खाते से निकाल ली गई। जब उन्होंने बैंक से इस संबंध में रिकॉर्ड दिखाने को कहा तो कर्मचारी कथित तौर पर टालमटोल करने लगे और दस्तावेज प्रस्तुत करने से इंकार कर दिया। कोतवाली थाना पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बैंक से संबंधित दस्तावेजों और सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है।

## यूडी टैक्स नहीं चुकाने पर छह सम्पत्तियां सीज

**जयपुर।** नगर निगम हैरिटेज के सिविल लाईन जोन ने नगरीय विकास कर नहीं चुकाने पर छह सम्पत्तियों की सीज कर दिया।

उपायुक्त सिविल लाईन जोन सुनील कुमार बैरवा ने बताया कि आयुक्त अरूण हसीजा के निर्देश पर राजस्व अधिकारी सत्यनारायण बारेसा टीम के साथ कार्रवाई की है। जिसमें अनी एण्ड ईशा, 221 लक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, 318 लक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, वेंकटेश्वर कॉलोनी, न्यू सांगानेर रोड, श्री गोविंद मैरिज गार्डन, बनीपार्क और राजीव कॉलोनी में छह भवनों को सीज कर दिया। उपायुक्त सुनील कुमार ने बताया कि कार्रवाई के दौरान दो भवन मालिकों ने मौके पर ही नगरीय विकास कर की राशि जमा करवा दी।

- **कार्रवाई के दौरान दो भवन मालिकों ने मौके पर ही नगरीय विकास कर की राशि जमा करवा दी**


**OFFICE OF THE DIRECTOR GENERAL OF POLICE RAJ JAIPUR**
V-15(49)PS/SAMGRI/Voice Logger/2024-25/940 DATED-23.01.2025
**NOTICE INVITING BIDS**
**NIB NO. POL2425A0041**
Bids for Drone & Digital Voice Logger of estimated value INR 1,91,50,000/- are invited from interested bidders up to 14.02.2025 at 11.00 am. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in) (https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state, and https://www.police.rajasthan.gov.in
UBN.
Drone POL2425GLOB00101
DIGITAL VOICE LOGGER POL2425GLOB00102
Supdt. of Police
Central Stores, PHQ
Raj.Jaipur
Tel-0141-2744289
DIPR/C/1084/2025 Mail ID-sp.cstore.pmw@rajpolice.gov.in

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER (PHED)**
**DIVISION SHAHPURA (JAIPUR)**
S.NO.-EE/DIV.SHP/NIT/2024-25/3071-77 Date: 24.01.2025
**NOTICE INVITING TENDERS**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूरसंचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया द्वारा निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

| NIT NO. | UBN | Amount (in Lacs.) |
|---|---|---|
| 24/24-25 | PHE2425WSRC08564 | 120.00 |
| 25/24-25 | PHE2425WSRC08565 | 120.00 |

DIPR/C/1315/2025 EXECUTIVE ENGINEER (PHED) DIVISON SHAHPURA, JAIPUR

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता ओ.एफ.डी. खण्ड प्रथम, सिं.क्षे.वि., इं.गा.न.प. बीकानेर**
क्रमांक-5427 दिनांक-24.01.2025
**ई-निविदा सूचना संख्या 14 वर्ष 2024-25**
राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु नवीन पंजीकरण नियमों के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों Reconstruction of damaged lined Water Course in Chak 23 PTP, 25 PTP, 22 PTP-A, 39 PTP की अनुमानित लागत 480.90 लाख है, के कार्य हेतु ऑन-लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन/डाउनलोड की अवधि दिनांक 28.01.2025 प्रात 11.00 बजे से दिनांक 12.02.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक होगी। प्राप्त तकनीकी निविदाएं इलैक्ट्रोनिक फोर्मेट में https://eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 13.02.2025 को दोपहर 03.00 बजे खोली जायेगी। निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेवसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in व https://sppp.rajsthan.gov.in एवं https://cad.rajasthan.gov.in डीआईपीआर की वेबसाईट www.dipr.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
UBN NO. 1. CDB2425WSOB00171, 2. CDB2425WSOB00172, 3. CDB2425WSOB00173, 4. CDB2425WSOB00174
अधिशाषी अभियन्ता,
ओएफडी खण्ड प्रथम,
सिंक्षेवि,इंगानप, बीकानेर
DIPR/C/1237/2025 मोबाईल-94146-03873




उदयपुरः- खान विभाग के निदेशक दीपक तंवर ने गुरूवार को पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर कर्मचारी समन्वय समिति के अध्यक्ष ललित पानेरी द्वारा निदेशक तंवर का स्वागत किया गया। इस दौरान खान विभाग के कर्मचारी सत्यनारायण शर्मा, दीनेश कुमावत, विशाल माथुर, गणपत सिंह, देवेन्द्र राजपूत आदि उपस्थित रहे।

## बस और डंपर में भिड़ंत, डंपर चालक सहित 12 जने घायल

**नापासर, ( निसं )।** नापासर थाना क्षेत्र के सींथल गांव में करणी माता मढ़ के पास गोलाई में जसरासर जा रही निजी बस और मूंडसर से आ रहे डंपर की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इसमें 12 जने घायल हो गए। डंपर चालक भी गंभीर रूप से घायल हुआ। घायलों को पहले सीएचसी नापासर लाया गया। वहां से चार जनों को बीकानेर ट्रॉमा सेंटर भेजा गया। मौके पर हेड कांस्टेबल गोकुल चंद मीणा, कांस्टेबल सीताराम ने क्रेन की सहायता से वाहनों को हटाकर रास्ता खुलवाया।

नापासर हॉस्पिटल के डॉ. इमरान ने बताया कि डंपर ड्राइवर तुलछाराम सुथार लाखूसर निवासी को प्राथमिक उपचार देकर बीकानेर रेफर कर दिया। बस में घायल बिदामी देवी, कमला देवी, संगीता देवी, मनोहरी देवी, सोमा देवी, सुगनीदेवी, राम कुशला देवी, राम कुमार, मोखाराम, सरस्वती देवी, कैलाश बीकानेर घायल हो गए। इनमें मनोहरी देवी, राम कुमार, बिदामी देवी व तुलछाराम को प्राथमिक उपचार के बाद बीकानेर रेफर कर दिया। बाकी को नापासर हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार करके घर भेज दिया गया। घटना के दौरान आरएचएसएस के सहायक अभियंता निखिल वहां से निकल रहे थे। वे वहां रुक गए। इस पर सींथल सरपंच प्रतिनिधि गणेशदान बीठू ने उनके सामने विरोध जताया। दुर्घटना का कारण बताया कि दुर्घटना वाली जगह गोलाई है। श्मशान भूमि की दीवार, एक मंदिर व प्याऊ है। जिन्हें हटाने के लिए ग्राम पंचायत ने जून 2024 में एनओसी दे दी है। फिर भी विभाग और ठेकेदार की लापरवाही से यहां पर परिसम्पत्तियों को हटाया नहीं जा रहा है। यहां पर गोलाई के कारण वाहन चालकों को दिखाई नहीं देता जिसके चलते हर रोज हादसे हो रहे हैं। यदि अब जल्द कार्य शुरू नही करवाया जाता है ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया जाएगा।

## परकोटे में खुले में मीट बेचने पर 12 दुकानें सीज

- **महापौर कुसुम यादव के निर्देश पर किया गया दुकानों का औचक निरीक्षण**
- **कटेवा नगर में अवैध डेयरी से 33 गौवंश पकड़कर हिंगौनिया गौशाला पहुंचाया**

**जयपुर।** हैरिटेज निगम की पशु प्रबंधन शाखा ने खुले में और बिना लाइसेंस मांस बेचने पर 12 दुकानों को सीज किया है।

इस संबंध में हैरिटेज निगम पशु चिकित्सा अधिकारी योगश शर्मा ने बताया कि महापौर कुसुम यादव के निर्देश पर पशु प्रबंधन शाखा उपायुक्त सीमा शर्मा के नेतृत्व में गुरूवार को मीट की दुकानों पर आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें भट्टा बस्ती, नाहरी का नाका, शास्त्री नगर में 12 दुकानों पर लाइसेंस नहीं पाया गया। इन दुकानों पर खुले में भी मांस काटा और बेचा जा रहा था। ऐसे में शाखा टीम ने सतर्कता शाखा के सहयोग से 12 दुकानों को सीज कर करीब 100 किलो मांस को जब्त कर नष्ट करा दिया और 44 हजार रूपए का जुर्माना भी वसूल किया गया।

वहीं पशु प्रबंधन शाखा ने कटेवा नगर स्थित अवैध डेयरी पर बंधी गायों भी भी मुक्त करा हिंगोनियां गौशाला में पहुंचा दिया। उपायुक्त पशु प्रबंधन सीमा शर्मा ने बताया कि कटेवा नगर में अवेध पशु डेयरी की काफी समय से शिकायत मिल रही थी।

इस पर निगम टीम ने औचक कार्रवाई कर बंधी 19 गौवंश को छुडाया और किशनपोल बाजार, रामगंज और छोटी चौपड़ पर सडक पर विचरण कर रही 14 गौवंश को हिंगोनियां गौ पुनर्वास केन्द्र पहुंचा दिया।

## बदमाशों ने एटीएम को काटा, चार लाख रूपए पार किये



बैंक परिसर में साड़ी पहनकर घुसा चोर चोरी करते हुए।

**गंगापुर सिटी, ( निसं )।** बुधवार गुरूवार की दरमयानी रात को बदमाशो ने एक्सिस बैंक के एटीएम से 3.95 हजार रूपए की लूट कर ली। उदेई मोड थानाधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि बदमाशों ने एक्सिस बैंक के एटीएम में लूट की वारदात को अंजाम दिया। 5 बदमाश साड़ी पहनकर आदर्श नगर स्थित एटीएम पर रात करीब 2.54 बजे आए और गैस कटर से एटीएम काटकर 3 लाख 95 हजार रुपए लेकर फरार हो गए। बदमाशों ने मात्र 8 मिनट में पूरी लूट की वारदात को अंजाम दिया और पिकअप गाड़ी में फरार हो गए। सूचना मिलते ही उदेई मोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची। बैंक प्रबंधक रविन्द्र सिंह शेखावत के अनुसार यह एटीएम कैश डिपॉजिट की सुविधा भी प्रदान करता था। पहले अधिक राशि की चोरी की आशंका थी, लेकिन स्टेटमेंट के बाद 3.95 लाख रुपए की चोरी की पुष्टि हुई है। वहीं चोरो ने ब्लैक स्प्रे छिडक कर सीसीटीवी कैमरो को बंद करने का प्रयास किया लेकिन एचडी कैमरे होने की वजह से चोरो की पूरी करतूत कैमरे में दर्ज हो गई।


**कार्यालय उपवन संरक्षक धौलपुर**
क्रमाक-उ.व.सं.धौ./लेखा/निविदा/2024-25/795-804 दिनांक-27.01.2025
**Notice Inviting Bid**
Bid for supply and installation of Jungle gym and kids Play items in luv kush vatika sarathura are invited from interested bidders upto 2.00 PM, 07.02.2025 other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in and https://eproc.rajasthan.gov.in of the state.

| S.No. | Name of work | Amount | UBN NO. |
|---|---|---|---|
| 1 | Supply and installation of Jungle gym items | 12.00 lakhs | FOR2425GLOB04062 |
| 2 | Supply and installation of kids play items | 12.00 lakhs | FOR2425GLOB04063 |

DIPR/C/1277/2025 DCF Dholpur

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड सलुम्बर**
क्रमांक-टी.एस./निविदा फाईल/2024-2025/डी-1834-40 दिनांक-24.01.2025
**निविदा संख्या-40/2024-2025**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से राजस्थान सरकार के पात्र श्रेणी के संवेदकों एवं केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के पात्र श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो उनसे निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण इन्टरनेट साईट https://eproc.rajasthan.gov.in, https://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.raj.nic.in पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| कार्य का विवरण | 1-कार्य सीसी सडक मय नाली निर्माण कार्य |
| अनुमानित लागत (लाखों में) | 259.00 लाख |
| निविदा विक्रय दिनांक | दिनांक 30.01.2025 से दिनांक 18.02.2025 |
| निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 19.02.2025 सायं 4.00 बजे से |

NIB-PWD2425A3929, UBN-PWD2425WSOB14182
अधिशाषी अभियन्ता
DIPR/C/1243/2025 सा.नि.वि. खण्ड सलुम्बर


## लापता युवक का शव कुएं में मिला

**अजमेर, ( कासं )।** बांदरवाड़ा कस्बे में तीन दिन से लापता एक युवक का शव खेत में बने कुएं में तैरता मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव बाहर निकलवाकर अस्पताल से पोस्टमार्टम करा शव परिजन के सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

बांदनवाड़ा थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बांदनवाड़ा निवासी राजेश पुत्र छोटु सोनगरा खेत पर गया और वापस घर नहीं लौटा। घर वालों ने उसकी काफी तलाश भी की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला सका। परिजन ने 4 फरवरी को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की। गुरुवार सुबह खेत के कुएं में युवक का शव तैरता दिखाई दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से शव को बाहर निकाला। मृतक युवक की पहचान राजेश के रूप में हुई। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया। घर वालों ने कोई शक नहीं जताया है। उनका कहना रहा कि खेत पर काम करते समय पैर फिसलने से हादसा हुआ।

# दिल्ली में खत्म होगा दस साल का कुशासन : सतीश पूनिया

## भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया जोधपुर पहुंचे

**जोधपुर, ( कासं )।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा संगठन प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने दावा किया है कि इस बार दिल्ली चुनाव में भाजपा बहुमत से सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पिछले दस साल का कुशासन खत्म होने जा रहा है। सतीश पूनिया ने जोधपुर पहुंचने पर एयरपोर्ट पर मीडिया से बात की।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में दस साल के कुशासन को समाप्त कर भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ विधानसभा में सरकार बनाएगी। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ को लेकर उन्होंने कहा कि यह दुनिया के लिए शोध और रिसर्च का विषय है लेकिन विपक्ष इस पर बार-बार सवाल कर रहा है जो उचित नहीं है। बजट को लेकर उन्होंने कहा कि देश में आम बजट आम व मध्यम व्यक्तियों के लिए रहा है। राजस्थान के बजट पर उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की तरह ही राजस्थान का बजट मध्यम वर्ग के लिए होगा और राजस्थान को एक नई विकास की गति मिलेगी। इससे पहले डॉ. सतीश पूनिया का जोधपुर पहुंचने पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

- **कार्यकर्ताओं ने पूनिया का साफा बंधवाकर स्वागत किया**

भाजपा किसान मोर्चा जोधपुर देहात के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश बिश्नोई ने बताया कि भाजपा जोधपुर देहात के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष त्रिभुवनसिंह भाटी के नेतृत्व में एयरपोर्ट पर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। उनके साथ जोधपुर पहुंचे भारतीय जनता युवा मोर्चा राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा जोधपुर देहात जिला अध्यक्ष अरविंद बर्रा, भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री घेवरराम बिश्नोई, राजस्थान आसान मंडल के पूर्व निदेशक रामप्रकाश चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रतिपालसिंह वालेचा, युवा मोर्चा जोधपुर देहात जिला महामंत्री देवीसिंह दईकड़ा, प्रतापसिंह भेड़, मनीष पुरोहित, सुमित्रा बिश्नोई, भागीरथ भादू, रणजीत कड़वासरा, गौरव जैन, पुखराज गौड़ सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पूनिया का साफा बंधवाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

## मवेशियों से भरे ट्रक को पिकअप ने टक्कर मारी

**सादुलपुर, ( निसं )।** राष्ट्रीय राजमार्ग 52 लुदी झाबर बस स्टेण्ड पर एक ट्रक और पिकअप गाड़ी की हुई भिड़त में ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया तथा ट्रक में सवार लोगों को मामूली चोटें लगी, लेकिन ट्रक में भरी 20-25 भेड़ व बकरियों की मौत हो गई। एक दर्जन भेड़, बकरियां लापता हो गई तथा 40-50 गंभीर रूप से घायल हो गई।

सामाजिक कार्यकर्ता फैसल पहाड़खानी ने बताया कि गांव लोहसना बड़ा निवासी ट्रक मालिक राशिद खान पहाड़खानी भेड़ बकरियों का व्यापार करता है तथा अपने ट्रक में भेड़ बकरियों को भरकर पंजाब के मलेर कोटडा ले जा रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग 52 गांव लुदी झाबर के नजदीक पहुंचा तो एक पिकअप जीप चालक पिकअप को तेज गति और लापरवाही से ट्रक में टक्कर मार दी, जिसके कारण ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और ट्रक पलट गया। हादसे में मजदूर इमरान घायल हो गया। उन्होंने बताया कि पिकअप जीप चालक डोडा-पोस्त भरा होने पर पुलिस के डर से तेज गति से जीप को चलाता हुआ लाया तथा ट्रक में टक्कर मार दी।


**राजस्थान सरकार**
**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर**
क्रमांक-निदे/अ.ख.अ.नीलामी/निलामी (NIA BAJRI 01/2025/ई-10015
**आवेदन-पत्र प्राप्त करने हेतु विज्ञप्ति**
सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियम 2017 के अध्याय-III नियम 12(5) (पप) के अन्तर्गत राज्य के अधिसूचित अनुसूचित क्षेत्र में खनिज बजरी के निम्नांकित आरक्षित प्लॉटों हेतु नियम 12ठ के प्रावधान अनुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। डोमिसाईल शिड्यूल ट्राईब के व्यक्तियों की रजिस्टर्ड सोसायटी विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से दिनांक 20.02.2025 तक विभागीय पोर्टल पर आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। आवंटित किये जाने वाले खनन पट्टों (प्लॉट) का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है-

| जिला | तहसील | राजस्व ग्राम | कुल प्लॉट |
|---|---|---|---|
| सिरोही | देलदर | किवरली, पांडूरी | 1 |
| | | किवरली, आमथला | 1 |
| | देलदर, आबूरोड | पाडुंरी, मोरथला | 1 |
| | आबूरोड | सांतपुर, क्यारिया,गुणका,दुनाकाकर | 1 |
| | | सांतपुर, रेवड़ाकला,चन्द्रांवती | 1 |
| | | वासड़ा | 1 |
| | | योग | 6 |

विशेष नोट-1. प्लॉटों का विस्तृत विवरण, आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि इत्यादि का विवरण, आवश्यक शर्ते विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
(भगवती प्रसाद) IAS
DIPR/C/1322/2025 निदेशक


# दहेज प्रताड़ना के मामले में पति, सास-ससुर को सजा सुनाई

**सादुलपुर, ( निसं )।** अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजगढ़ ने लगभग सात साल पुराने दहेज प्रताड़ना के एक मामले में गुरूवार को पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों को दोषी मानकर एक-एक वर्ष के कारावास व प्रत्येक आरोपी पर 5-5 हजार रुपए के अर्थ दंड की सजा से दंडित किया है।

- **सात साल पुराने मामले में आरोपियों को एक-एक वर्ष का कारावास**

परिवादी की ओर से पैरवी कर रहे एडवोकेट अजय सिंह सहारण ने बताया कि लम्बोर बड़ी गांव निवासी रिसाल सिंह की पुत्री संगीता व मोनिका की शादी 26 अप्रैल 2018 को रामनिवास, सोमवीर पुत्र जयचंद निवासी मूंदीबास तहसील सादुलपुर चूरू के साथ हुई थी। शादी में पिता ने अपनी हैसियत से बढ कर दान दहेज नगद रकम सोने चांदी के गहने स्कूटी तथा घरेलू सामान दिया था। आरोपी सोमवीर सरकारी नौकरी में होने व दो लड़कों की शादी की कहते हुए पति और ससुर ने नगदी5 लाख रुपए तथा एक फॉर्च्यूनर गाडी की मांग करते हुए लड़कियों को ले जाने से इन्कार हो गए। मौके पर मौजूद रिश्तेदारों के समझाने के बाद आरोपी पक्ष दोनों लड़कियों को विदा कर ले गया, लेकिन ससुराल जाते ही दहेज की मांग दोहराते हुए आरोपियों ने दोनों बहनों के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। मांग पूरी न होने के कारण एवं दहेज के लोभीयों ने 29 मई 2018 को दोनों बहनों को गाडी में डालकर बस स्टैंड पर छोड़कर चले गए। जिस पर दोनों बहनों ने घर पर जाकर अपने पिता व परिवारजनों को बताया। जिस पर 1 जून 2018 को पीड़िताओं के पिता रिसाल सिंह ने अपने साथ अजीत को लेकर गांव मूंदीबास गए। उन्हें समझाया लेकिन वह नहीं माने। जिस पर पीडिता संगीता व मोनिका ने 14 मई 2019 को स्थानीय पुलिस थाने में मामला दर्ज करवा दिया। जांच अधिकारी ने आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र पेश कर दिया। प्रकरण में न्यायाधीश लीलू राम सिहाग ने मामले में दोनों पक्षों की ओर से पेश मौखिक व दस्तावेज साक्षय सबूतो गवाहों का गहन अवलोकन कर आरोपी पति रामनिवास व सोमवीर पुत्र जयचंद, ससुर जयचंद पुत्र चिमनाराम, सास विमल पत्नी जयचंद जाट निवासी मूंदीबास को दोष सिद्ध करते हुए सजा सुनाई।

आरोपी सोमवीर आर ए सी में सेवारत है तथा आरोपी रामनिवास का अध्यापक पद पर चयन हो चुका था, लेकिन इस प्रकरण में आरोप पत्र पेश होकर प्रकरण का न्यायालय में विचाराधीन होने से नियुक्ति नहीं दी गई।

## तस्कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर

**सादुलपुर, ( निसं )।** स्थानीय पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान डोडा-पोस्त सहित गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दो दिन का पुलिस रिमांड लिया है, जबकि महिला आरोपी को न्यायालय राजगढ़ ने जेल भेज दिया है।

प्रकरण की जांच कर रहे सिद्धमुख थाना अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह चारण ने बताया कि मामले में गिरफ्तार आरोपी कालासिंह पुत्र बारूसिंह, अशोक कुमार पुत्र कालाराम ओड, तरसप्रित पुत्र भोलासिंह सांसी को न्यायाधीश ने पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर सौंपा है। उन्होंने बताया कि महिला आरोपी सरबजीत कौर पत्नी कालासिंह को जेल भेजने के आदेश दिए हैं।


**कार्यालय जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष जिला गोपालन समिति, टोंक**
क्रमांक-9287 दिनांक-27.01.2025
**निविदा आमंत्रण सूचना**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से नंदीशाला संचालन समिति के चयन हेतु इच्छुक पात्र स्थानीय निकाय यथा नगर पालिका, नगर परिषद या पंचायत राज संस्थाओं के अतिरिक्त पंजीकृत संस्था/पंजीकृत गैर सरकारी संस्था/पंजीकृत ट्रस्ट/पंजीकृत सहकारी संस्थाओं आदि से जिले की टोंक/देवली/उनियारा/मालपुरा/टोडारायसिंह/निवाई/पीपलू पंचायत समिति में पंचायत समिति स्तरीय नंदीशाला संचालन एवं नन्दीशाला में आधारभूत परिसम्पत्तियों के निर्माण कार्यो (अनुमानित लागत राशि रूपये 157.00 लाख प्रति नंदीशाला) हेतु ऑफलाईन निविदा प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। निविदा प्रस्ताव से संबंधित विवरण/शर्ते वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in तथा http://gopalan.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है तथा निविदा प्रपत्र इसी वेबसाईट से नियत तिथि से डाउनलोड किया जा सकता है तथा जिला संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग कार्यालय, टोंक से निर्धारित शुल्क जमा करवाकर प्राप्त किया जा सकता है।

| विवरण | अनुमानित अधिकतम राशि | प्रतिभूति राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | प्रस्तावित निविदा | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | निविदा फार्म डाउनलोक प्रारंभ करने/प्राप्त करने करने की दिनांक दिनांक व समय | ऑफ लाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक व समय | निविदा खोलने की दिनांक व समय |
| नंदीशाला संचालन एवं नंदीशाला में आधारभूत परि-सम्पत्तियों का निर्माण कार्य हेतु संस्था के चयन बाबत निविदा प्रस्ताव | 157.00 रूपये लाख रूपये प्रति नंदीशाला | सभी आवेदक संस्थाओं को धरोहर राशि निष्पादन की घोषणा निर्धारित प्रपत्र में की जानी आवश्यक है। | रू.1000/- | 28.01.2025 | 17.02.2025 सायं 6.00 बजे तक | 19.02.2025 दोपहर 03.00 बजे तक |

राज्यपाल महोदय की आज्ञा से
DIPR/C/1249/2025 संयुक्त निदेशक, सचिव जिला गोपालन समिति, टोंक

# 9 जिलों को खत्म करने के मुद्दे पर विपक्ष ने लगातार दूसरे दिन भी सदन में हंगामा किया

## कांग्रेस विधायकों ने राजनैतिक द्वेषता से जिलों को खत्म करने का आरोप लगाते हुए सरकार को घेरने की कोशिश की

**जयपुर** (विसं)। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में नवगठित 17 में से 9 जिलों को खत्म करने के मुद्दे पर कांग्रेस के विधायकों ने लगातार दूसरे दिन विधानसभा में हंगामा किया। दरअसल शून्यकाल में स्पीकर ने स्थगन प्रस्ताव पर कांग्रेस विधायक सुरेश मोदी और रामकेश मीणा को इस प्रकरण पर बोलने की अनुमति दी थी। चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के सदस्यों के बीच बहस हो गई, इसके बाद विपक्ष के सदस्यों ने जिलों को राजनैतिक द्वेषता से खत्म करने का आरोप लगाते हुए वैल में आकर नारेबाजी की। जब हंगामा बढ़ गया तो स्पीकर को सदन की कार्यवाही भोजन अवकाश से करीब आधे घंटे पहले ही स्थगित करनी पड़ी।

**■ परंतु संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि "जो जिले निरस्त किए गए हैं, उन्हें लेकर न्यायालय में याचिका लगी हुई हैं। नए जिले बनाने व निरस्त करने का अधिकार सरकार के पास है। राजनीतिक द्वेषता का आरोप गलत हैं।"**

दरअसल शून्यकाल में नये जिले समाप्त करने के मुद्दे पर स्पीकर ने दो कांग्रेस विधायकों को चर्चा की अनुमति दी थी। स्थगन प्रस्ताव के बाद कांग्रेस विधायक सुरेश मोदी और रामकेश मीणा ने नीमकाथाना और गंगापुरसिटी जिलों को खत्म कर देने का मुद्दा उठाया। इन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नये संभाग और नये जिलों का दर्जा समाप्त करके वहां की जनता के साथ अन्याय किया है और क्षेत्र के विकास को खत्म करने का काम किया है। सुरेश मोदी ने कहा कि पंवार कमेटी ने सभी नए जिलों का दौरा किया था लेकिन नीमकाथाना का दौरा नहीं किया, क्योंकि नीमकाथाना जिले को हटाना था। उन्होंने अनुरोध किया कि जो जिले और संभाग हटाए गए हैं, उन्हें वापस बहाल किया जाये।

इसी तरह रामकेश मीणा ने कहा कि नये जिलों को सरकार ने बिना किसी मापदंड के समाप्त कर दिया और यह पहले से ही निर्धारित कर रखा था कि इन जिलों को समाप्त करना हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक द्वेषता से नये जिलों को खत्म करने का निर्णय लिया गया है।

मीणा ने कहा कि पिछली सरकार ने 17 नए जिले बनाए लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने तीन संभाग और नौ जिलों को निरस्त कर दिया। भाजपा सरकार ने मापदंडों का कोई परीक्षण नहीं किया। केवल ऐसे लोगों की कमेटी गठित की गई जिन्होंने पहले से तय कर रखा था कि इन जिलों को खत्म करना है।

इसके बाद विधि और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने इसका जवाब देते हुए कहा कि जो जिले निरस्त किए गए हैं उन्हें लेकर न्यायालय में याचिका लगी हुई हैं। उन्होंने कहा कि नए जिले बनाने और उन्हें निरस्त करने का अधिकार सरकार के पास है। ये जिले जो निरस्त किए गए हैं और जो इस पर राजनीतिक द्वेषता के कारण निरस्त करने का सदन में जो आरोप लगाये गये, वह गलत हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार ने कोई राजनीति से प्रेरित व्यक्ति को जिला समीक्षा अध्यक्ष नहीं बनाया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आज तक नये जिलों के गठन के संबंध में चार कमेटियां बनी है। उन्होंने कहा कि नये जिलों के लिए भौगोलिक परिस्थितियां, प्रशासनिक संरचना, जनभावना, वर्तमान में उपलब्ध आधारभूत सुविधाएं आदि का आधार होता है लेकिन पूर्ववर्ती सरकार ने चुनावी दांव खेला लेकिन उसका यह दांव उल्टा पड़ गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने लंबे समय में एक भी जिले नहीं बनाए थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में इससे पहले नये जिले भाजपा सरकार ने बनाए और इस बार राजनीतिक लाभ के लिए कांग्रेस ने एक साथ इतने जिले बना दिए।

इस पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि नये जिलों को समाप्त करना एक गंभीर विषय है और इसके संबंध में संसदीय मंत्री ने नये जिलों को समाप्त करने के बारे में कोई तथ्य नहीं बताये हैं कि किसी आधार पर इन जिलों को खत्म किया गया है। इस पर विपक्ष के सदस्य खड़े हो गए शोरगुल करने लगे। इस पर सत्ता पक्ष के सदस्य भी खड़े हो गए, दोनों में बहस के कारण सदन में जोरदार हंगामा हुआ। देखते ही देखते विपक्ष के सदस्य 12 बजकर 34 मिनट पर वेल में आ गये और नारेबाजी शुरु कर दी। हंगामे के कारण अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सदन की कार्यवाही भोजन अवकाश से पहले 12 बजकर 36 मिनट पर अपराह्व दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। बाद में इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने हंगामा और वॉकआउट किया।

# अजय अटल का निधन

## पूर्व राजदूत राजा जे.के. अटल के पुत्र थे

-प्रकाश भण्डारी-



स्व. अजय अटल

**जयपुर**, 6 फरवरी। गुलाबी शहर के कुलीन कश्मीरी पंडित परिवार के एक लाल पाकिस्तान, इटली, तुर्की और युगोस्लाविया में भारत के राजदूत रहे राजा जे.के. अटल के पुत्र अजय अटल का हृदय रोग के कारण गुरूवार संध्या को निधन हो गया। उनके दो पुत्र और एक पुत्री हैं और उनका दाह संस्कार शनिवार को होगा। वह 81 वर्ष के थे।

अजय अटल के वंशज दीवान मोतीलाल अटल जो उनके पड़दादा थे जयपुर रियासत के दीवान थे। उनके दादाराजा अमरनाथ अटल जयपुर रियासत में वित्त मंत्री थे। अमरनाथ अटल के पुत्र जिन्हे अपने पिता की तरह राजा की उपाधी जयपुर के नरेशसवाई मानसिंह ने दी थी। राजा जे.के. अटल ने स्कूली शिक्षा इंग्लैण्ड में और फिर ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से उन्होंने स्नातक की उपाधि ली और इण्डियन सिविल सर्विस (आइ.सी.एस.) के लिए चुने गए। आज़ादी के बाद पंडित जवाहर लाल नेहरू की सलाह पर वे विदेशसेवा में चले गए।

अटल परिवार का जयपुर से बड़ा पुराना सम्बन्ध रहा है और पोलो विक्ट्री सिनेमा वाली सड़क मोतीलाल अटल के नाम पर ही है।

रेलवे स्टेशन के पास विशाल अटल बन जिसके एक बड़े भू-भाग में राजपुताना होटल है, अटल परिवार की ही सम्पत्ति है। जिसके एक हिस्से में राजा जे.के. अटल और उनके भाई एन.एन. अटल रहते थे। अभी यहाँ अजय अटल अपने परिवार के साथ रहते थे।

अजय ने अपने पिता जो डाक टिकटों के सग्रह के बड़े शौकीन थे, के दुर्लभ संग्रहों को जो बहुमूल्य हैं संभालकर रखा हुआ था। इसके अलावा जयपुर रियासत काल के दस्तावेज, सिक्के और कई अन्य दुर्लभ वस्तुओं का भी संग्रह कर रखा था, जो अटल परिवार की धरोहर रही थी।

अजय अटल अपने परिवार की शान और ख्याति को बनाए हुए थे। अजय अटल आरम्भ से ही कलकत्ता में जे. थामस एण्ड कम्पनी में टी टैस्टर का कार्यकरते रहे। उन्हें विभिन्न चाय बागानों की चाय का स्वाद चखने का काम दिया गया था और वह अपने कार्य में बड़े निपुण रहे।

झोटवाड़ा रोड स्थित अटल परिवार की विशाल भूमि को उन्होंने एस.ओ.एस. विलेज को दे दिया। यह जमीन जो अब करोड़ों की है, जिस पर एक एन.जी.ओ., एस.ओ.एस. विलेज चलता है। इस एस.ओ.एस. विलेज में अनाथ और निर्धन बच्चों को शिक्षा-दीक्षा होती है। एस.ओ.एस. विलेज एक अन्तर्राष्ट्रीय संस्था है जिसकी स्थापना 1949 में हर्मन मेनियर ने की थी।

राजा जे.के. अटल ने इस विशाल बगीचे को 1976 में ही एस.ओ.एस. विलेज को दान में दे दिया था। अभी इस संस्था का संचालन अजय अटल ही कर रहे थे। यह एक विशाल भू-भाग में जहाँ अटल परिवार की पुरानी हवेली भी है संचालित होता है। अनाथ, गरीब और निर्धन बच्चों के लिए यहाँ भवन बनाया हुआ है। इस एस.ओ.एस. विलेज में 14 परिवार भी रहते है। यहाँ स्कूल और खेल के मैदान भी है और इसे देशका सबसे बढ़ि या एस.ओ.एस. विलेज माना जाता है। अभी यहाँ 64 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। अजय अटल की माँ गंगा अटल, इलाहाबाद से थीं और नेहरू परिवार से घनिष्टता रखती थी। अजय अपने पीछे पत्नी नन्दिनी, जो आगरा के मशहूर डॉक्टर आनन्द राजदान की बेटी है, के अलावा दो पुत्र बिग्रेडियर डॉ. अमरतेज अटल, अनन्त अटल और एक पुत्री देविका और तन्खा छोड़ गए।

# ज्वलनशील पदार्थों के परिवहन और भंडारण के निर्धारित मानदंडों की पालना करवाएं : कलेक्टर

**जयपुर** (कासं)। कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जयपुर में ज्वलनशील पदार्थों, रसायन और गैस के परिवहन-भंडारण के लिए निर्धारित मानदंडों की पालना हर हाल में सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने

**■ जयपुर में भांकरोटा अग्निकांड जैसे हादसों की पुनर्रावृत्ति रोकने के लिए कलक्टर ने की अफसरों व पेट्रोलियम कंपनी के प्रतिनिधियों से चर्चा**

जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में गैसीय एवं रसायन परिवहन सम्बंधी वाहन एवं वाहन चालकों के लिए सुरक्षात्मक उपायों के संबंध में चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं पेट्रोलियम कंपनियों को प्रतिनिधियों को आमजन की सुरक्षा के लिए अत्यधिक सतर्कता बरतने के लिए निर्देशित किया।

बैठक में भांकरोटा हादसे की पुनरावृत्ति रोकने के लिए विषय विशेषज्ञों, पेट्रोलियम कंपनियों के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से प्राप्त सुझावों पर चर्चा की गई। इस दौरान जिला कलक्टर ने गैसीय एवं रसायन परिवहन संबंधी वाहन चालकों को प्रशिक्षण के लिए एक सामूहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करने, जयपुर में स्थित सभी पेट्रोलियम एवं गैस पाइप लाइन संबंधित प्लान जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने 50 नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को भी गैसीय एवं रसायन संबंधी आपदाओं से निपटने हेतु राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने, आपदा प्रबंधन के तहत समय-समय पर गैसीय एवं रसायन संबंधी आपदाओं से निपटने हेतु आमजन को जागरूक करने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के साथ-साथ सभी संबंधित विभागों को समय-समय पर मॉक ड्रिल कर अपनी तैयारी परखने के लिए भी निर्देशित किया। बैठक में सभी वाहनों के पंजीयन प्रमाण पत्र, फिटनेस प्रमाण पत्र, बीमा प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज नियमित रूप से अपडेट रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने, वाहनों में अनिवार्य रूप से जीपीएस सिस्टम का उपयोग करने, वाहन चालकों से यातायात नियमों की अवहेलना ना करने संबंधित शपथ-पत्र लेकर पाबंद करवाने के निर्देश दिये गए।

# अनजान अपराधी होने पर पुलिस सुनिश्चित करे पहचान परेड : हाईकोर्ट

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट ने दुष्कर्म से जुडे मामले में आरोपियों को दोषमुक्त करने हुए कहा है कि कई बार जांच एजेंसी आमजन को शांत करने के लिए निर्दोष व्यक्ति को फंसाकर शर्मनाक स्थिति से बचती है। प्रकरण में भी पुलिस वास्तविक अपराधियों को पकडने में विफल रही है। यदि पुलिस ने आरोपियों की पहचान परेड कराई होती तो स्थिति अलग हो सकती थी। ऐसे में जांच एजेन्सी से अपेक्षा की जाती है कि वह ऐसे मामलों में पहचान परेड कराए।

**■ राजस्थान हाईकोर्ट ने दुष्कर्म से जुडे मामले में आरोपियों को दोषमुक्त करने हुए कहा है कि "कई बार जांच एजेंसी आमजन को शांत करने के लिए निर्दोष व्यक्ति को फंसाकर शर्मनाक स्थिति से बचती है। यदि पुलिस ने आरोपियों की पहचान परेड कराई होती तो स्थिति अलग हो सकती थी। ऐसे में जांच एजेन्सी से अपेक्षा की जाती है कि वह ऐसे मामलों में पहचान परेड कराए।"**

इसके साथ ही अदालत ने डीजीपी और गृह सचिव को कहा है कि घटना से जुड़े अपराधी पीडिता के लिए अनजान होने पर उसकी पहचान परेड सुनिश्चित कराई जाए। जस्टिस अनूप कुमार ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश मदन व दो अन्य की ओर से दायर आपराधिक अपील पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि पहचान परेड अपराध जांच का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसमें लापरवाही होने पर निर्दोष व्यक्ति को सजा मिलने या असली अपराधी के बच निकलने का खतरा रहता है।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रिनेश गुप्ता ने कहा कि मामले में प्रकरण की पीडिता ने अपने बयानों में कहा है कि वह अपीलार्थियों को उनके नाम से नहीं जानती थी। परिजनों के कहने पर उसने नाम बताए थे। ऐसे में पुलिस को आरोपियों की पहचान परेड करानी चाहिए थी, लेकिन पुलिस ने पहचान परेड नहीं कराई। ऐसे में निचली अदालत ने उन्हें गलत तरीके से दंडित किया है। इसलिए निचली अदालत के आदेश को रद्द कर उन्हें बरी किया जाए।

मामले के अनुसार पीडिता ने 23 मई 1989 को चाकसू थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा था कि उसका पति नित्यकर्म के लिए गया था। इस दौरान तीन लोगों ने आकर उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले में आरोप पत्र पेश होने के बाद निचली अदालत ने अपीलार्थियों को दस साल की सजा और जुर्माने से दंडित किया था। अदालत के इस आदेश को हाइकोर्ट में चुनौती दी गई थी।

### 28 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर**। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन "क्लीन स्वीप" के तहत प्रतापनगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले तस्कर गोलू मीणा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित के कब्जे से 28 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद की है। आरोपित यह अवैध मादक स्मैक अकलेरा जिला झालावाड़ से लाकर जयपुर में बेचता है। पुलिस के अनुसार जब्त की गई स्मैक की अनुमानित बाजार मूल्य 5 लाख 60 हजार रुपये है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने प्रतापनगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले तस्कर गोलू मीणा निवासी निवासी कचनारिया जिला बारां सीतापुरा जयपुर को गिरफ्तार किया।

# महिला के पेट से 15 किलो की गांठ निकाली

**जयपुर**। सवाई मानसिंह अस्पताल के डॉक्टर्स ने एक महिला के पेट का ऑपरेशन कर 15 किलो की गांठ निकाली है। करीब 4 घंटे तक चले इस ऑपरेशन में गांठ के 6-7 टुकड़े करके बाहर निकाला गया।

**■ सवाई मानसिंह अस्पताल के डॉक्टर्स ने किया जटिल ऑपरेशन**

**■ इस भारी भरकम गांठ के कारण महिला के शरीर में आंत-किडनी दब गई थी, उसे सांस लेने में भी तकलीफ हो रही थी**

हॉस्पिटल में जनरल सर्जरी डिपार्टमेंट के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर राजेंद्र बुगलिया ने बताया कि गांठ इतनी बड़ी थी कि इससे पेट की आंत और बायीं तरफ की किडनी दोनों दब रहे थे। ऑपरेशन में इन दोनों को डैमेज किए बगैर गांठ निकालना चुनौती था। ऑपरेशन के बाद महिला अब बिल्कुल ठीक है और सामान्य जीवन जी रही है। बताया जा रहा है कि महिला का ऑपरेशन 9 जनवरी को हुआ था। महिला को 23 जनवरी को छुट्टी दे दी गई थी। दो बार उसकी हेल्थ का रिव्यू लेने के बाद डॉक्टर्स की टीम ने गुरुवार को इस केस की जानकारी शेयर की। डॉक्टर राजेंद्र बुगलिया ने बताया कि उत्तर प्रदेश निवासी कलादेवी (51) गत 6 दिसंबर 2024 को ओपीडी में दिखाने आई थीं। उनका पेट बहुत बड़ा दिख रहा था। उन्हें एसएमएस हॉस्पिटल में एडमिट किया गया। एक्सरे, सीटी स्कैन समेत तमाम जांच करवाने के बाद पता चला कि पेट में लिपोसारकोमा गांठ है। इसके बाद ऑन्कोलॉजी समेत कई डिपार्टमेंट से राय ली गई। सब जगह से क्लीयरेंस मिलने के बाद 9 जनवरी को ऑपरेशन किया गया। अमूमन इतनी बड़ी गांठ होना बहुत दुर्लभ होता है। अक्सर इतनी बड़ी गांठ होती है तो उनमें से अधिकांश में फ्लूड भरा होता है, जिसे पंक्चर करके निकाला जाता है। लेकिन, यह गांठ पूरी तरह सॉलिड थी। गांठ के कारण महिला को सांस लेने की तकलीफ होने लगी थी।

# मंत्री राज्यवर्धन सिंह के पिता का निधन

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्व. कर्नल लक्ष्मण सिंह राठौड़ की पार्थिव देह पर श्रद्धासुमन अर्पित किए

**जयपुर**। कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के पिता कर्नल लक्ष्मण सिंह राठौड़ का गुरूवार को निधन हो गया। वे 84 वर्ष के थे। स्व. लक्ष्मण सिंह पिछले एक माह से महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती थे। यही उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। वे सेना में कर्नल के पद से रिटायर हुए थे। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को होगा। इससे पहले पार्थिव देह को सुबह 11 बजे तक अंतिम दर्शनों के लिए रामविहार पांच्यावाला में रखा जाएगा। शव यात्रा दोपहर 12:30 बजे जनक विहार, वार्ड नंबर-48 के लिए रवाना होगी।



स्व. कर्नल लक्ष्मण सिंह राठौड़

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के निजी आवास पर पहुंचकर उनके पिता स्व. कर्नल लक्ष्मण सिंह राठौड़ की पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शर्मा ने कर्नल लक्ष्मण सिंह राठौड़ के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए और परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, वन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा, सैनिक कल्याण राज्य मंत्री विजय सिंह, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, विधायक जितेंद्र गोठवाल, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि, पिताजी ने भारतीय सेना में अपने दीर्घकालिक सेवा काल में अनुकरणीय योगदान दिया और देश की रक्षा व सेवा में अपना जीवन समर्पित किया। ईश्वर से प्रार्थना है कि मेरे पूज्य पिताजी की दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे। पिताजी की शिक्षा, आदर्श, मार्गदर्शन और आशीर्वाद हमेशा मुझे कर्तव्य पथ पर राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्व. कर्नल लक्ष्मण सिंह राठौड़ की पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# 'लोकसभा और राज्यसभा की तर्ज पर ही विधानसभा में भी चलेगा प्रश्न काल'

**जयपुर** (विसं)। विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को सदन में व्यवस्था देते हुये कहा कि प्रश्न काल में विधायको के प्रश्न और राज्य सरकार से प्राप्त जवाब सदन के पटल पर आने के बाद उन्हें सभी के संज्ञान में आया हुआ माना जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में प्रश्नों और उनके जवाबों को पढ़ने की आवश्यकता नहीं है। देवनानी ने कहा कि विधायक उस प्रश्न से संबंधित पूरक प्रश्न पूछ सदन में पूछ सकते हैं, जिस पर संबंधित मंत्री जवाब देंगे। देवनानी ने कहा कि उन्होंने राज्य सभा, लोक सभा सदस्यों व सचिवालय और अन्य राज्यों के विधान सभा सचिवालयों से इस संबंध में जानकारी ले ली है। वहां भी पटल पर रखे जाने वाले प्रश्न और उनके जवाबों को पढ़ा नहीं जाता है। देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधान सभा में भी अब यही व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा कि इससे सदन के महत्वपूर्ण समय के प्रत्येक पल का अधिक सदुपयोग होगा और प्रश्नकाल के निर्धारित समय में अधिक से अधिक प्रश्नों पर चर्चा हो सकेगी।

**■ विधानसभा पटल पर रखे गए प्रश्न व उत्तर संज्ञान में माने जाते है : देवनानी**

**■ स्पीकर वासुदेव देवनानी ने दी सदन में व्यवस्था**



विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी

# 'पिछली सरकार में दो लोगों के बीच मुख्यमंत्री पद की लडाई में राजस्थान की हालत खराब हुई'

## विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण प्रस्ताव पर बहस के दौरान भाजपा विधायक बालमुकुंदचार्य ने कांग्रेस पर निशाना साधा

-विधानसभा संवाददाता-

जयपुर। विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर हवामहल क्षेत्र से विधायक बालमुकुंदचार्य ने कहा कि विपक्ष के पास सरकार के खिलाफ बोलने को कुछ भी नहीं है, वो तो केवल मम्मी, बेटा, दीदी और जीजाजी की मेहमाननवाजी में लगा हुआ हैं। पिछली सरकार के समय प्रदेश के इनकी पार्टी के नेता परेशान रहते थे कि किस की ओर जाए। दो लोगों के बीच मुख्यमंत्री पद की लडाई में राजस्थान की हालत खराब हुई। जब कोविड जैसी आपदाएं आई तब सरकार तो होटलों में थी। संविधान को लेकर जनता को भ्रमित किया गया, जबकि असलियत में तो इन्होंने ही बाबा साहेब को आगे बढ़ने से रोका था। उन्हें टिकट नहीं दिया, जबकि हमारी सरकार ने बाबा साहेब से संबंधित स्थलों को पंचतीर्थ बनाया। भजनलाल सरकार प्रदेश को उन्नित की राह पर ला रही हैं।

**■ राजस्थान में अक्षय ऊर्जा बने लेकिन ओरण गौचर जमीनों को उनकी कीमत न चुकानी पड़े : भाटी**

**■ 'पिछली सरकार ने प्रदेश को गर्त में डाला, भजनलाल सरकार उबारने में जुटी'**

बाड़मेर के शिव क्षेत्र से विधायक रविन्द्र भाटी ने सदन में कहा कि जब राइजिंग राजस्थान का आयोजन हुआ तो कहा गया कि इससे सरहदी इलाका चमन हो जाएगा, जैसा की रिफाइनरी के समय बोला गया था। लेकिन वहां की जनता को कुछ भी नहीं मिला। इस बार सरहदी इलाकों में सौर ऊर्जा के प्लांट लगाए जा रहे हैं। उसके लिए ओरण, गौचर और जोहड़ को खत्म किया जा रहा है। ऐसा नहीं होना जाहिए। जहां एक ओर प्रधानमंत्री मोदी अभियान चलाते हैं कि "एक पेड़ मां के नाम" परंतु प्रदेश में हजारों पेड विकास के नाम पर काट दिए जा रहे हैं। राजस्थान में जब लंपी रोग आया तो यही पेड़ एक आसरा था पशुधन के लिए।

भाजपा विधायक अर्जुन लाल जीनगर कहा कि पिछली सरकार ने जहां प्रदेश को गर्त में ला दिया था उसे भजनलाल सरकार ने उबार कर विकास की राह पर ला दिया था। पहले सड़क पर डामर कम गड्ढे ज्यादा मिलते थे। अब चारों ओर सड़कों जाल बिछ गया, बाकि जगहों पर बिछ रहा हैं। भजनलाल सरकार की कार्य की पारदर्शिता इतनी है कि एक मंत्री पर भ्रष्टाचार पर एक पैसे का इल्जाम नहीं हैं। भजनलाल सरकार तो पीएम मोदी के सबका साथ सबका विकास के मॉडल पर काम कर रही हैं।

### 'भाजपा को सींचने वाले ही खिलाफ क्यों?'

जयपुर। विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा करते हुए कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर ने कहा कि, "कहा जाता रहा है कि प्रदेश में भाजपा को सींचने वाले लोगों में किरोड़ीलाल लाल मीणा, वसुंधरा राजे, देवी सिंह भाटी जैसे लोग हैं। परंतु आज ये ही खिलाफ क्यों हैं, इसका जवाब तो दीजिए।'" उन्होंने कहा कि जब सरकार बनी तब पेपर लीक, ईआरसीपी को लेकर कई वादे किए गए। इन्होंने कहा हम पेपर लीक में मगरमच्छ पकड़कर युवाओं को न्याय देंगे। जो लोग मगरमच्छ पकड़ने की बात कर रहे थे, उन्होंने छोटी मछलियां पकड़ी, वो भी जाल से बाहर निकल गईं। उन्होंने कहा कि शेखावाटी और नागौर में जातिगत आधार पर ट्रांसफर कर प्रताडित किया जा रहा हैं। इस पर सदन में हंगामा हो गया। जिसके कारण से सत्ता पक्ष ने कड़ा ऐतराज जताया। और मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि जातिगत आधार पर लोगों को बांटने की कांग्रेस की फितरत रही है, इस पर जमकर नोंक-झोंक हुई।

# लंबित कोर्ट केसेज का लोक अदालत में हो रहा निपटारा : मदन राठौड़

**जयपुर**। देश में लोक अदालतों के माध्यम से न्यायालयों में चल रहे मामलों का तेजी से निस्तारण किया जा रहा है। इसमें उन मामलों को रखा जा रहा है जो मुकदमेबाजी के पहले चरण में ही निस्तारित हो सकते है। इसकी जानकारी केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री राज्यमंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने राज्यसभा सांसद व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड की ओर से पूछे गए सवाल के लिखित जवाब में दी। उन्होंने कहा कि लोक अदालतें संबंधित न्यायालयों के भेजे मामलों का ही निस्तारण करती है। वर्ष 2025 में राष्ट्रीय लोक अदालतें दिनांक 8 मार्च, 10 मई, 13 सितंबर और 13 दिसंबर को आयोजित होगी जिससे लंबित लाखों मामलों में नागरिकों को राहत मिल सकेगी।

**■ 'गत वर्ष स्थाई लोक अदालत में 10 करोड से अधिक मामले निस्तारित'**

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड ने बताया कि केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल के अनुसार देश में लोक अदालत के माध्यम से न्यायालयों का बोझ कम किया जा रहा है। इसके चलते गत वर्ष ही देशभर में 10 करोड 45 लाख 26 हजार मामलों को निस्तारित किया गया है। वहीं राज्य लोक अदालत में निस्तारित होने वाले मामलों की संख्या 10.88 लाख रही है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड ने बताया कि केन्द्रीय कानून मंत्री ने जानकारी दी है कि लोक अदालतों का आयोजन विधिक सेवा संस्थानों द्वारा ऐसे अंतरालों पर किया जाता है, जैसा वे उचित समझते हैं। लोक अदालतें न्यायालयों पर बोझ कम करने के लिए वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) तंत्र के प्रभावी तरीकों में से एक हैं, जिन्हें जनता से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड ने बताया कि केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल के अनुसार राज्य लोक अदालत में विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा स्थानीय परिस्थितियों और आवश्यकताओं के अनुसार पूर्व मुकदमेबाजी और पश्चात मुकदमेबाजी दोनों प्रकार के मामलों के निपटारे के लिए किया जाता है। स्थायी लोक अदालतें अधिकांश जिलों में स्थापित स्थायी स्थापन हैं, जो सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं से संबंधित विवादों के निपटारे के लिए अनिवार्य पूर्व-मुकदमेबाजी से राहत देती है। राष्ट्रीय और राज्य लोक अदालतें स्थायी स्थापन नहीं हैं और संबंधित न्यायालयों द्वारा भेजे गए लंबित मामलों का ही निपटारा करती हैं। ये लोक अदालतें स्थायी प्रकृति की नहीं होती इसलिए सभी अनसुलझे मामले संबंधित न्यायालयों को वापस कर दिए जाते हैं। ऐसे में इन लोक अदालतों में मामले लंबित नहीं रहते हैं।

# राह चलते लोगों के साथ मारपीट व लूटपाट करने वाले दो जने गिरफ्तार

## आरोपियों के कब्जे से अवैध हथियार, देशी पिस्टल व जिन्दा कारतूस जब्त किये

**ब्यावर, (निसं)।** हथियार दिखाकर राह चलते लोगों के साथ मारपीट एवं लूटपाट की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की और दो जनों को गिरफ्तार किया। वहीं अवैध हथियार देशी पिस्टल व जिन्दा कारतूस जब्त किये।

जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एंव वृत्ताधिकारी के सुपरविजन में थानाधिकारी सदर गंगाराम खावा पु.नि.मय टीम तथा जिला स्पेशल टीम द्वारा अवैध हथियार (पिस्टल व कारतूस) सहित दो अभियुक्त सिकन्दर पुत्र शौकीन काठात व जान मौहम्मद पुत्र चन्दू काठात को गिरफ्तार किया गया है। पांच फरवरी को जिला स्पेशल टीम को मुखबीर से जानकारी मिली कि क्रेटा कार में दो लड़के ब्यावर की तरफ आ रहे हैं जिनके पास अवैध हथियार होने की पुख्ता सूचना है। जिस पर पुलिस टीम गठित की जाकर अभियुक्त सिकन्दर पुत्र शौकीन काठात तथा जान मौहम्मद पुत्र चन्दू काठात को दस्तयाब कर उनके कब्जे से अवैध हथियार बरामद किये गये। अभियुक्तों द्वारा अवैध हथियार परिवहन करने में प्रयुक्त वाहन क्रेटा कार बरामद कर आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज किया।



पुलिस ने लोगों से लूटपाट करने के आरोप में दो जनों को पकड़ा।

- अभियुक्तों के खिलाफ कई प्रकरण दर्ज हैं
- बताया जा रहा है कि कर्नाटक एवं गुजरात पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी

अभियुक्त सिकन्दर काठात निवासी गोदाजी की नाडी श्यामगढ़ पर पुलिस थाना पींसागन, रामगंज अजमेर, बैंगलोर आदि जगहों पर चोरी, नकबजनी, मारपीट व गंभीर लूट के प्रकरणों में वांछित है। जान मौहम्मद पुत्र चन्दू काठात निवासी तिबारा मौहल्ला रूपनगर पर पुलिस थाना करजन (गुजरात) में ऑनलाइन धोखाधड़ी के प्रकरण में वांछित है।

आरोपी द्वारा अवैध हथियार लेकर कोई गंभीर वारदात को अंजाम दिये जाने के सबंध में गहनता से पूछताछ की जा रही है। आरोपियों से और भी कई वारदातों का खुलासा होने की संभावना है।

अभियुक्त सिकन्दर के खिलाफ 13 प्रकरण पूर्व में व अभियुक्त जान मौहम्मद काठात के खिलाफ डकैती व अपहरण के दो प्रकरण दर्ज है। बताया जा रहा है कि कर्नाटक एवं गुजरात पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने घर में फांसी लगाई

## पीहर पक्ष ने हत्या की आशंका जताकर पचेवर पुलिस को रिपोर्ट दी

**मालपुरा, (निसं)** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के पचेवर थानान्तर्गत किरावल गांव में एक विवाहिता का शव अपने ही घर में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर झूलता मिला। मृतक विवाहिता के भाई ने हत्या की आशंका जताकर पचेवर थाना पुलिस को दी रिपोर्ट है।

थानाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि बुधवार की देर शाम जरिये दूरभाष के किरावल गांव में एक विवाहिता द्वारा अपने ही घर मे फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या किये जाने की सूचना मिली। इस पर तत्काल पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच फंदे पर झूल रहे

- ससुराल पक्ष के लोगों की मौजूदगी में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया

मृतक विवाहिता गौरा पत्नि हनुमान बैरवा के शव को पुलिस सुरक्षा में लेकर राजकीय जिला अस्पताल मालपुरा के मुर्दाघर में रखवाया। गुरूवार की सवेरे मालपुरा अस्पताल पहुंचे मृतक विवाहिता के पिता व भाई सहित अन्य परिवारजनों की मौजूदगी में ससुराल पक्ष के लोगों की मौजूदगी में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया। मृतक विवाहिता के भाई की ओर से दी रिपोर्ट में उसकी बहन गौरा की हत्या करने का अंदेशा जताने पर पुलिस ने अस्पताल में मौजूद बैरवा समाज के प्रबुद्धजनों की मौजूदगी में मृतक का शव पीहर पक्ष को सुपुर्द किया।

बताया जा रहा है कि मृतक महिला के तीन मासूम बच्चे हैं। लगभग आठ वर्ष पूर्व हनुमान बैरवा की शादी बैरवा ढाणी मालपुरा में गौरा के साथ सामाजिक रीति-रिवाज से सम्पन्न हुई थी। पुलिस ने घटना स्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू की।

# दरगाह क्षेत्र से बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा



पुलिस गिरफ्त में बांग्लादेशी नगारिक।

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स द्वारा अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में कार्रवाई करते हुए गुरुवार को चौथी कार्यवाही करते हुए दरगाह थाना पुलिस ने चोरी छुपे बॉर्डर क्रॉस कर भारत में प्रवेश कर दरगाह क्षेत्र में रह रहे बांग्लादेशी को गिरफ्तार किया है।

गुरुवार को एएसपी शहर हिमांशु जांगिड़ के निर्देशन व लक्ष्मणराम आरपीएस वृत्ताधिकारी वृत दरगाह जिला अजमेर टीम प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा दरगाह क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे बाग्लादेशी नागरिको को डिटेन कर गिरफ्तार किया जा रहा है। एएसपी जांगिड़ ने बताया कि गठित टीम द्वारा अभियान के दौरान मुखबिरों से आसूचना संकलन कर, तकनीकी साधानों एवं विभिन्न जानकारियों एवं सघन तलाश के आधार पर दरगाह क्षेत्र जालियान कब्रिस्तान अन्दकोट नई सड़क व दरगाह के अन्य संभावित क्षेत्र में रह रहे संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई, जिनमें से मोहम्मद अब्दुल बशीर ने अवैध रूप से चोरी छिपे बेनापोल बार्डर कॉस कर अनाधिकृत रूप से भारत में प्रवेश कर अलग-अलग स्थान, क्षेत्र में रहते हुए दरगाह क्षेत्र में पहुंच कर लंबे समय से खानाबदोश के रूप में निवास करना स्वीकार किया। मोहम्मद अब्दुल बशीर से पूछताछ जारी है।

# पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-द्वितीय परीक्षा 13 को

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-द्वितीय (माध्यमिक शिक्षा विभाग) परीक्षा-2024 का आयोजन 16 फरवरी को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक एवं दोपहर 2.30 से सांय 4.30 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा में ओएमआर उत्तर पत्रक के पांचवे विकल्प को भरने के लिए 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि अभ्यर्थी उक्त परीक्षा के लिए आवंटित परीक्षा जिले की जानकारी 9 फरवरी से एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर प्राप्त कर सकेंगे।

# भीलवाड़ा महोत्सव का शुभारंभ आज

**भीलवाड़ा, (निसं)।** "अटूट धागे, संस्कृति के" थीम के साथ भीलवाड़ा महोत्सव 2025 का आगाज शुक्रवार को भव्य शोभायात्रा से होगा। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में यह शोभायात्रा प्रात: 9:30 बजे जिला कलक्ट्रेट परिसर से निकलेगी, जिसमें राजस्थान की समृद्ध लोक संस्कृति, पारंपरिक वेशभूषा, नृत्य और संगीत का अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा।

# रुपए दोगुना करने का झांसा देकर एक करोड़ की ठगी

**नोखा, (निसं)।** पीपली चौक क्षेत्र में दोपहर एक युवक अपने दूधमुंहे बच्चे, लड़के व पत्नी के साथ एक मकान के आगे धरना लगाकर अपने पैसे लौटाने की गुहार लगाने लगा।

युवक ने बताया कि उसका नाम सूरज गुप्ता है। वह मूल रूप से यूपी के जौनपुर जिले का रहने वाला है। मुंबई की निजी कंपनी में काम करता है। करीब दो-ढाई साल पूर्व उसकी पहचान नोखा के सुरेश बजाज के साथ हुई। सुरेश ने उसे रुपए इन्वेस्ट करवाकर डेढ से दोगुना फायदा करने का झांसा दिया। शुरू में सूरज ने एक-दो बार छोटी रकम बजाज को दी जो उसने तय समय में डेढ गुणा करके लौटा दी। बाद में बजाज के कहने परउसने अपने सहित अपनी कंपनी में काम कर रहे 8-10 लोगों के रुपए लेकर सुरेश बजाज को दे दिए। ये रकम लगभग एक करोड़ रुपए थी। बाद में पैसे वापस मांगने पर आनाकानी करने लगा। सुरेश ने उन्हें लाखों रुपए के चेक दिए, वे सभी बाउंस हो गए। मुंबई में उसने सुरेश के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई। उसके बाद भी उसे न्याय नहीं मिला। चारों तरफ से निराश होनेके बाद वह अपने परिवार सहित नोखा पहुंचा आया है। जब तक उसे रुपए नहीं मिलेंगे, वह यहां से नहीं जाएगा। उसने परिवार सहित आत्महत्या करने की चेतावनी दी है। सूचना मिलने पर नोखा पुलिस के एएस आई राजूराम टीम के साथ मौके पर पहुंचे। युवक से पूछताछ की। युवक ने सुरेश बजाज के खिलाफ नोखा थाने में भी रिपोर्ट लिखवाई है।

# सुपरवाइजर पर चाकू से हमला

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के पुर थाना क्षेत्र स्थित जिले की एक मात्र प्राइवेट संगम यूनिवर्सिटी में आपसी बोलचाल के बाद स्टाफ के बीच हुआ विवाद इतना बढ़ गया के एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में घायल सुपरवाइजर को एमजी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है।

पुर थाना प्रभारी पुष्पा कसौटिया ने बताया कि संगम यूनिवर्सिटी में सुपरवाइजर रतन पिता सोहन लाल जीनगर निवासी मंगरोप और मेस सुप्रिटेंडेंट हेमेंद्र सिंह के बीच मामूली कहासुनी के बाद विवाद इतना बढ़ा कि हेमेंद्र सिंह ने रतन पर चाकू से हमला कर दिया। वार रतन के सीने के पास लगा जिससे वह घायल हो गया। गंभीर हालत में उसे एमजी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

# एफसीआई गोदाम में दिखा कोबरा सांप

**ब्यावर, (निसं)।** उदयपुर रोड, चुंगी नाके के पास एफसीआई गोदाम में काम कर रही महिला श्रमिक को अचानक कोबरा सांप दिखाई देते ही भयभीत होकर और डर के मारे चिल्लाई। महिला श्रमिक की आवाज़ सुनकर अन्य श्रमिक भी सचेत हो गए और तुरंत एक तरफ आकर खड़े हो गए। अचानक हुवे शोर को सुनकर मैनेजमेंट इंचार्ज मुकेश कुमार मौके पर पहुंचे और ब्यावर वन विभाग से अधिकृत स्नैक कैचर सुरेंद्र सिंह को जानकारी दी। सूचना पर सुरेंद्र सिंह तुरंत प्रभाव से मौके पर आये और गोदाम में स्नैक सर्च अभियान शुरू किया। उन्होंने उसी वक़्त ब्राउन कोबरा प्रजाति के सांप ने अपना रोद्र रूप धारण लिया और इससे पहले की सांप अन्यत्र भागने प्रयास करता स्नैक कैचर सुरेंद्र



सिंह ने तुरंत अपने अनुभवों से सावधानीपूर्वक उसे पकड़ लिया।

# छत्तीसगढ़ के राज्यपाल ने सालासर बालाजी के दर्शन किये

**चूरू, (निसं)।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने गुरुवार को जिले के सालासर बालाजी के दर्शन किये और पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेश में खुशहाली के लिए कामना की।

- राज्यपाल डेका ने पूजा कर देश-प्रदेश में खुशहाली की कामना की

जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने सालासर पहुंचने पर राज्यपाल डेका का स्वागत किया। इस अवसर पर जीतमल पुजारी, यशोदानंदन पुजारी, धर्मवीर पुजारी, मनोज पुजारी, कमल पुजारी, अजय पुजारी, मनीष पुजारी ने पूजा अर्चना करवाई तथा राज्यपाल डेका का बालाजी का चित्र व दुपट्टा भेंट कर अभिनंदन किया। इस दौरान सुनील शर्मा, सुजानगढ़ एडीएम मंगलाराम पूनिया, एएसपी दिनेश कुमार, एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, तहसीलदार राजू देवी, एसीडी से पंकज, सीओ दरजाराम, पुष्पेंद्र झाझड़िया, प्रवर्तन निरीक्षक संपत कुमार, नायब तहसीलदार अमरसिंह सहित अन्य मौजूद थे। मंदिर दर्शन के बाद राज्यपाल ने श्रीबालाजी गौशाला संस्थान में गायों की पूजा कर चारा खिलाया तथा गौशाला की व्यवस्थाएं देखी। गौशाला अध्यक्ष रवि शंकर ने व्यवस्थाओं की जानकारी दी और राज्यपाल व अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर प्रकाश शर्मा, जुगल किशोर, बेगाराम ढ़ाका आदि मौजूद रहे।



छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने सालासर बालाजी के दर्शन किये।

# वसुंधरा राजे ने शाकंभरी के दरबार में धोक लगाई

**झुंझुनूं, (निसं)।** वसुंधरा राजे समर्थक मंच के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष व भाजपा नेता महेश बसावतिया के नेतृत्व में राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे का भवानी के दरबार में दुपट्टा व विप्र सेना का प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा नेता शंकरलाल शर्मा ने माला व धार्मिक पटके से महारानी का सम्मान किया। जानकारी के अनुसार वसुंधरा राजे, मां शाकंभरी के दरबार में प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य केदार शर्मा के सानिध्य में धार्मिक आयोजन हवन में भाग लेने आई थी।

- वसुंधरा राजे, मां शाकंभरी के दरबार में प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य केदार शर्मा के सानिध्य में धार्मिक आयोजन हवन में भाग लेने आई थी



वसुंधरा समर्थक मंच के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष महेश बसावतिया के नेतृत्व में राजे का सम्मान किया।

इस अवसर पर वसुंधरा राजे ने परिवर्तन यात्रा की यादें ताजा करते हुए महेश बसावतिया की प्रशंसा की व भाजपा के प्रति उनकी निष्ठा व समर्पण की सराहना की। इस अवसर पर भाजपा के नेता शंकरलाल शर्मा डूंडलोद की परिवर्तन यात्रा की चर्चा चली व विप्र समाज के शंकरलाल शुक्ला साथ रहे। हवन के पश्चात राजे ने मां के दरबार में धोक लगाकर प्रदेश के लोगों के खुशहाली की कामना की।

# भीलवाड़ा में नकली किन्नर कर रहे हैं अवैध वसूली

**भीलवाड़ा, (निसं)।** समाज में पुरुषों और महिलाओं के बाद एक ऐसा वर्ग भी है, जिसे हम थर्ड जेंडर यानी किन्नर के नाम से जानते हैं। इस वर्ग की भी एक अलग दुनिया और रस्मों-रिवाज है। ज्यादातर किन्नर समाज का ही अंग होते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से उन्हें समाज की मुख्य धारा से दूर रखा जाता है, लेकिन आजकल नकली किन्नरों की शिकायतें भी सामने आने लगी हैं, जिससे किन्नर समाज काफी आहत है।

भीलवाड़ा किन्नर समाज की सदस्य प्रिया बाई ने बताया कि शहर में गत कुछ दिनों से नकली किन्नरों द्वारा उनकी नेग मंगाई हड़पने से समाज तंग आ चुका है। इन नकली किन्नरों द्वारा अपने शोक मौज पूरा करने की नियत से शहर के 100 से ज्यादा घरों से अब तक लाखों रुपयों की नेग के नाम पर अवैध वसूली की जा चुकी है।

असली किन्नरों ने बताया कि नकली किन्नरों के कारण उनकी रोजी-रोटी पर संकट आ गया है। इन फर्जी किन्नरों की जांच कराई जाए। इन्होंने बताया कि जब जांच होगी तो

- असली किन्नरों ने नकली किन्नरों पर अंकुश लगाने की मांग की

पता चल जाएगा कि यह किन्नर है ही नहीं। क्योंकि उनके बच्चे भी हैं, ऐसे में किन्नर को यह बदनाम कर रहे हैं। लंबे अर्से से हम यहां काम करते आ रहे हैं, नेग या बधाई लेने जब जजमान के घर जाते हैं तो सम्मान मिलता है, लेकिन ये लोग जबरदस्ती घरों में घुस के नेग के नाम पर 4000 से 5000 हजार तक की भी वसूली कर रहे हैं और नहीं देने पर झगड़े तक पर उतारू हो जाते हैं, जिसके सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं।

ऐसे में किरण बाई की शिष्या प्रिया बाई ने आमजन से अपील की है कि नकली किन्नरों को नेग नहीं दिया जाए और उनकी शिकायत असली किन्नरों या पुलिस से की जाए ताकि इस अवैध वसूली पर अंकुश लगाया जा सके।

# नीलगाय के बच्चे को बचाया

**मसूदा, (निसं)।** मसूदा उपखण्ड क्षेत्र के ग्राम भवानीखेड़ा में कुएं में नीलगाय का बच्चा गिर गया। रामा ने गो सेवकों को नीलगाय के बच्चे के गिरने की सूचना दी, जिस पर श्री कामधेनु गो सेवा समिति मसूदा के गो सेवक सदस्यों की टीम ग्राम भवानीखेड़ा पहुंचकर गो सेवक गहरे कुएं में उतरकर रस्सियों से नीलगाय के बच्चे को बांधकर बाहर निकाला। गो सेवक की टीम ने नीलगाय के बच्चे को जंगल में छोड़ा।

# दुष्कर्मी को न्यायिक हिरासत में भेजा

**मसूदा, (निसं)।** दलित महिला के साथ बलात्कार करने के आरोप में मसूदा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अनुसूचित जाति/जनजाति निवारण अधिनियम कोर्ट अजमेर में पेश किया, जहां पर न्यायालय ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस थाना मसूदा में महिला द्वारा आरोपी के खिलाफ नौ जनवरी को मुकदमा दर्ज करवाया गया था।

# अजमेर शहर में खाली भूखंड बन रहे कचरा डिपो

**अजमेर, (निसं)।** स्मार्ट सिटी कहलाने वाले अजमेर शहरभर में सरकारी आवासीय योजनाओं व कॉलोनियों में खाली पड़े भूखंडों सहित शहर के मुख्य मार्गों पर खाली स्थानों पर मिट्टी और निर्माण सामग्री का मलबा डाला जा रहा है। इससे न केवल आस-पड़ोस में गंदगी फैल रही है, बल्कि शहर की स्वच्छता रैंकिंग पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। अजमेर शहर की स्वच्छता रैंकिंग में गिरावट की सबसे बड़ी वजह सरकारी मशीनरी की लापरवाही और आमजन की उदासीनता व जागरुकता में कमी है। वहीं गंज क्षेत्र में बना कचरा डिपो शहर की स्वच्छता में कोढ़ में खाज का काम कर रहा है। कमोबेश शहर भर में यही स्थिति बनी हुई है। तो वहीं आज भी शक्ति नगर वार्ड नम्बर में 54 की कई गलियों में डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाला ऑटो टीपर नहीं आता है, जिसके कारण क्षेत्रवासी कचरा कॉलोनी के खाली प्लाटों में ही डाल देते हैं, जिसके कारण गंदगी का आलम बना हुआ है।

अजमेर नगर निगम व अजमेर विकास प्राधिकरण की पंचशील, हरिभाऊ उपाध्याय नगर, कोटड़ा आवासीय योजना, चंदवरदाई नगर, अजय नगर, सेठी कॉलोनी, आदर्श नगर, लोहागल सहित अन्य क्षेत्रों में खाली भूखंड में मलबा डालने वालों के लिए डंपिंग यार्ड बने हुए हैं। कई लोग निर्माण कार्यों के दौरान ठेका देकर मलबा हटवाने की बजाय, जहां भी जगह मिलती है, वहां डलवा देते हैं। निगम प्रशासन इन्हें रोकने में नाकाम साबित हो रहा है।

निगम अधिकारियों का कहना है कि स्वच्छता सर्वेक्षण टीम 15 फरवरी के बाद कभी भी अजमेर आ सकती है। यह टीम स्थानीय अधिकारियों को अग्रिम सूचना नहीं देगी और स्वयं शहर का निरीक्षण कर मार्किंग करती है।

शहर के बीचों बीच गंज क्षेत्र में नगर निगम का कचरा डिपो शहर की सुंदर में कोढ़ में खाज का काम कर रहा। इस मार्ग से दरगाह आने-जाने वाला मार्ग जुड़ा है, यहां प्राचीन मंदिर, संस्कृत कॉलेज स्थित है, गंदगी से व्यापारी, आमजन सहित जायरीन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी सहित गंज व्यापारिक एसोसिएशन द्वारा पूर्व में निगम प्रशासन से कचरा डिपो को शहर से अन्यंत्र हटाने की मांग की गई है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। लालवानी ने कहा कि शहर के बीचों बीच गंदगी होने से अजमेर शहर की स्वच्छता सर्वेक्षण पर असर पड़ेगा।



अजमेर के गंज क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर लगा गंदगी का ढेर।

- गंज क्षेत्र में बने कचरा डिपो से व्यापारी, आमजन व जायरीन परेशान
- 'स्वच्छता सर्वेक्षण टीम 15 फरवरी के बाद कभी भी अजमेर आ सकती है'



वनडे सीरीज से पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को मेन इन ब्लू के आक्रामक क्रिकेट का श्रेय दिया जाना चाहिए।

-जोस बटलर

**इंग्लैंड के कप्तान,** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ शोएब अख्तर



**तेज गेंदबाज शोएब अख्तर** ने वर्ल्ड क्रिकेट के एक से बढ़कर एक धुरंधर खिलाड़ियों को चुनकर अपनी ऑल टाइम बेस्ट वनडे टीम की प्लेइंग इलेवन बनाई है। गॉर्डन ग्रीनिज, सचिन तेंदुलकर, इंजमाम उल हक, सईद अनवर, महेंद्र सिंह धोनी (विकेटकीपर), एडम गिलक्रिस्ट, युवराज सिंह, शेन वॉर्न (कप्तान), वसीम अकरम, वकार यूनुस और कपिल देव। शोएब अख्तर ने वसीम अकरम, वकार यूनुस और कपिल देव को बतौर तेज गेंदबाज चुना है। शोएब अख्तर ने अपनी प्लेइंग इलेवन में 4 पाकिस्तानी, 4 भारतीय, 2 ऑस्ट्रेलियाई और वेस्टइंडीज का 1 खिलाड़ी चुना है।

**क्या आप जानते हैं ?...** पेले, अक्सर सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी माने जाते हैं और निश्चित रूप से सबसे ज़्यादा विश्व कप जीतने वाले खिलाड़ी हैं।

# भारत ने इंग्लैंड को चार विकेट से हराया

## सीरीज में 1-0 से आगे निकला भारत, शुभमन गिल ने खेली बेहतरीन पारी

नागपुर 6 फरवरी। रवींद्र जडेजा और हर्षित राणा (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद शुभमन गिल (87), अक्षर पटेल (52) और श्रेयस अय्यर (59) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत ने गुरुवार को पहले एकदिवसीय मुकाबले में इंग्लैंड को 68 गेंदे शेष रहते चार विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली हैं। इंग्लैंड के 248 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और उसने मात्र 19 रन पर अपने दो विकेट गवां दिये। कप्तान रोहित शर्मा (दो) और यशस्वी जायसवाल (15) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिये 94 रनों की साझेदारी हुई। 16वें ओवर में जेकब बेथेल ने पगबाधा आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। श्रेयस अय्यर ने 36 गेंदों में नौ चौके और दो छक्के लगाते हुए (59) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये अक्षर पटेल ने गिल का भरपूर साथ निभाया। दोनों के बीच चौथे विकेट लिये 108 रनों की मजबूत साझेदारी हुई। जीत की ओर बढ़ रही भारतीय टीम को 34वें ओवर में आदिल रशीद ने अक्षर पटेल को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। अक्षर पटेल ने 47 गेंदों में छह चौके ओर एक छक्का लगाते हुए (52) रन बनाये। के एल राहुल (दो) को आदिल रशीद ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट भारत को पांचवां झटका दिया। इसके बाद साकिब महमूद ने शतक की ओर बढ़ रहे शुभमन गिल को बटलर के हाथों कैच आउट कराकर भारत को बड़ा झटका दिया। गिल ने 96 गेंदों में 14 चौके लगाते हुए (87) रनों महत्वपूर्ण की पारी खेली।



शुभमन गिल



श्रेयस अय्यर

भारत ने 38.4 ओवर में छह विकेट पर 251 रन बनाकर चार विकेट से मुकाबला जीत लिया। रवींद्र जडेजा (12) और हार्दिक पंड्या (नौ) रन बनाकर नाबाद रहे। जडेजा ने साकिब महमूद की गेंद पर विजयी चौका लगाया।

इंग्लैंड की ओर से साकिब महमूद और आदिल रशीद को दो-दो विकेट मिले। जोफ्रा आर्चर और जेबेक बेथल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की फिल सॉल्ट और बेन डकेट की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 75 रनों की साझेदारी की। नौवें ओवर में विकेटकीपर केएल राहुल ने फिल सॉल्ट को रनआउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। फिल सॉल्ट ने 26 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (43) रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में हर्षित राणा ने बेन डकेट (32) को आउट कर इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया।

इसी ओवर में हर्षित ने हैरी ब्रूक (शून्य) को आउट कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। 19वें ओवर में रविंद्र जडेजा ने जो रूट (19) को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। 36वें ओवर में हर्षित राणा ने लियम लिविंगस्टन (पांच) को विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों कैच आउट कर भारत को छठी सफलता दिलाई। 40वें ओवर में मोहम्मद शमी ने ब्राइडन कार्स (पांच) को आउट किया। 43ओवर में रविंद्र जडेजा ने जेकब बेथेल (51) को आउट कर इंग्लैंड की बड़ा स्कोर बनाने की उम्मीदों को झटका दिया। जडेजा ने आदिल रशीद (आठ) को बोल्ड कर इंग्लैंड को नौवां झटका दिया। 48वें ओवर की चौथी गेंद पर कुलदीप यादव ने साकिब महमूद (दो) को विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों कैच आउट कराकर इंग्लैंड की पारी को समेट दिया। कप्तान जॉश बटलर (52), जेकब बेथेल (51) और फिल सॉल्ट (43) की जूझारू पारियों के दम पर इंग्लैंड ने 248 के स्कोर तक पहुंच सका। जोफ्रा आर्चर (21) रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से हर्षित राणा और रवींद्र जडेजा ने तीन-तीन विकेट लिये। अक्षर पटेल, मोहम्मद शमी और कुलदीप यादव ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## जडेजा ने रचा इतिहास



नागपुर, 6 फरवरी। भारत और इंग्लैंड के बीच पहले वनडे मैच में टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने एक बड़ा कीर्तिमान रच डाला है। जडेजा इंटरनेशनल क्रिकेट में 600 विकेट पूरे करने वाले पांचवें भारतीय गेंदबाज बन गए हैं।

उन्होंने नागपुर में खेले गए वनडे मैच में कुल 3 विकेट अपने नाम कर ये इतिहास रचा है। इसके अलावा जडेजा ने भारत और इंग्लैंड वनडे मैचों के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने का भी रिकॉर्ड बनाया है। इस मामले में उन्होंने जेम्स एंडरसन के 40 विकेटों के रिकॉर्ड को भी पछाड़ दिया है।

रविंद्र जडेजा से पहले पांच भारतीय गेंदबाजों ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 600 या उससे ज्यादा विकेट लिए थे। इस सूची में पहले स्थान पर अनिल कुंबले हैं, जिनके नाम 935 विकेट हैं। इस लिस्ट में रविचंद्रन अश्विन, हरभजन सिंह और कपिल देव भी शामिल हैं। अनिल कुंबले-953 विकेट, रविचंद्रन अश्विन- 765 विकेट, हरभजन सिंह-703 विकेट, कपिल देव- 687 विकेट, रविंद्र जडेजा 600 विकेट। वहीं जडेजा ने इंग्लैंड के खिलाफ मैच में पहला विकेट जो रूट का लिया।

## देहरादून में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में राजस्थान को रजत



जयपुर, 6 फरवरी। राजस्थान राइफल एसोसिएशन को 20 प्रतिभाशाली एथलीटों के चयन की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है जो की देहरादून में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर रहे है। यह आयोजन दिनांक 28 जनवरी 2025 से 14 फरवरी 2025 तक आयोजित किये जायेंगे इस प्रतिष्ठित आयोजन में देश भर के शीर्ष निशानेबाजों की भागीदारी होगी और राजस्थान का दल राष्ट्रीय मंच पर अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार है। इस आयोजन में 10 मीटर एयर पिस्तौल मिक्स्ड टीम इवेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे राज्य के प्रतिभाशाली निशानेबाज उमेश चौधरी और अंजलि शेखावत ने भाग लिया राजस्थान की इस जोड़ी ने मिलकर रजत पदक अपने नाम किया। राष्ट्रीय खेल पूरे भारत में खेल भावना को बढ़ावा देने और प्रतिभा के पोषण के लिए एक महत्वपूर्ण मंच हैं। अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में राजस्थान के निशानेबाज उत्कृष्ट परिणाम हासिल करने और राज्य को गौरवान्वित करने के लिए आश्वस्त हैं। राजस्थान राइफल एसोसिएशन एथलीटों को अपनी शुभकामनाएं देता है।

## अंडर 23 सी के नायडू ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच हेतु राजस्थान टीम घोषित

जयपुर 6 फरवरी। आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य धर्मवीर सिंह शेखावत के अनुसार बीसीसीआई की राष्ट्रिय अंडर 23 क्रिकेट प्रतियोगिता के आगामी 10 -13 फरवरी 2025 से पुणे में महाराष्ट्र टीम के विरुद्ध खेले जाने क्वाटर फाइनल मैच हेतु राजस्थान क्रिकेट संघ ने राजस्थान टीम घोषित कर दी।

अंडर 23 ट्रॉफी हेतु राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा घोषित टीम :- करण लाम्बा ( कप्तान ), सुमित गोदारा, सचिन यादव, सर्वज्ञ पानेरी, युवराज सिंह खींची, आयुष अमेरिया, मुकुल चौधरी, मिनाफ शेख, मनीष आचार्य, मोहित चांगरा,अशोक शर्मा, चेतन शर्मा, दीपेंदर सिंह, राहुल चौधरी, पार्थ यादव। मैच हेतु राजस्थान टीम दिनांक 7 फरवरी को प्रस्थान करेगी।

### नन्हें खां क्रिकेट लीग

## चंबल स्पोर्ट्स की जीत में हार्दिक के 99 नाबाद रन



जयपुर, 6 फरवरी। चंबल स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित 4 नन्हें खा मेमोरियल सीनियर क्रिकेट लीग में आज संस्कार ग्राउंड पर खेले गए मैच में चंबल स्पोर्ट्स ने सिग्नेचर एकेडमी को 8 विकेट से हराया। टॉस जीतकर सिग्नेचर एकेडमी ने बल्लेबाजी करते हुए आशीष शर्मा 42, आर्यन 33, निक्की 22, रोनित 27 के सहयोग से 34 ओवर में 184 रन बना कर ऑल आउट हो गई। चंबल स्पोर्ट्स की ओर से गेंदबाजी करते हुए अमन यादव 2, रोहन राजभर 3, आदित्य 2, धर्मेश चौधरी 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए चंबल स्पोर्ट्स क्लब के युवा सलामी बल्लेबाज हार्दिक कुक्कड़ ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 99 नाबाद रन बनाए। राहुल खंडेलवाल 63 , धर्मेश चौधरी 17 रन नाबाद रनों के सहयोग से 19 ओवर में 185 रन बनाकर जीत दर्ज की। आज के मैन ऑफ़ द मैच हार्दिक कुक्कड़ रहे।

## कर्नल लक्ष्मण सिंह व राकेश अग्रवाल के आकस्मिक निधन से समस्त खेल जगत में शोक की लहर

जयपुर 6 फरवरी। राज्य के खेल मंत्री ( कैबिनेट ) कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के पिता कर्नल लक्ष्मण सिंह राठौड़ व राजस्थान क्रिकेट संघ के पूर्व पदाधिकारी राकेश अग्रवाल के आकस्मिक निधन पर राजस्थान क्रिकेट संघ व राजस्थान के समस्त खेल जगत में शोक की लहर दौड़ गयी।

आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीप बिहाणी और आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य धर्मवीर सिंह शेखावत ने राज्य के खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धनसिंह राठौड़ के आदरणीय पिता कर्नल लक्ष्मण सिंह राठौड़ के आकस्मिक निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए कहा की स्वर्गीय लक्ष्मण सिंह राठौड़ जैसा सशक्त व विशिष्ट व्यक्तित्व अब हमारे बीच नहीं है। उनके ही मार्गदर्शन में कर्नल राजवर्धन सिंह राठौड़ ने देश विदेश में न केवल देश का नाम रोशन किया है साथ ही उनकी शिक्षा के कारण ही हमें विशेष वक्तित्व व ऊर्जावान खेल मंत्री के सानिध्य में रहकर राज्य की क्रिकेट को सुचारु रूप से पटरी पर लेन में सफलता प्राप्त हुई है।

स्वर्गीय लक्ष्मण सिंह राठौड़ व राजस्थान क्रिकेट संघ के पूर्व पदाधिकारी राकेश अग्रवाल के आकस्मिक निधन पर समस्त राजस्थान क्रिकेट संघ

## विमेंस प्रीमियर लीग का फुल शेड्यूल



नई दिल्ली, 6 फरवरी। विमेंस प्रीमियर लीग 2025 की शुरुआत 14 फरवरी से होगी इस बार टूर्नामेंट का तीसरा सीजन खेला जाएगा। इस बार होने वाले डब्ल्यूपीएल के मुकाबले लखनऊ सहित कुल चार शहरों में होंगे। पिछले सीजन के मुकाबले सिर्फ दो शहरों में खेले गए थे। एक नजर टूर्नामेंट के पूरे शेड्यूल पर एक नजर डालते हैं। टूर्नामेंट के तीसरे सीजन में कुल 22 मैच खेले जाएंगे। इस बार भी 5 टीमें हिस्सा लेंगी, जिनके बीच ये मुकाबले होंगे। डब्ल्यूपीएल 2025 के मैच लखनऊ के इकाना स्टेडियम, वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम, बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम और मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात जायंट्स के बीच खेला जाएगा। ये मैच वडोदरा में होगा। भारतीय समय के अनुसार सभी मुकाबलों की शुरुआत शाम 7.30 बजे से होगी।विमेंस प्रीमियर लीग की शुरुआत 2023 में हुई थी। पहले सीजन के सभी मुकाबले मुंबई के सिर्फ दो वेन्यू पर खेले गए थे। फिर अगले सीजन में टूर्नामेंट के मुकाबले दो शहरों में हुए। इस बार यानी 2025 में दायरे को और बढ़ाया गया, जिसके चलते मैच 4 शहरों में होंगे।

## चोटिल कमिंस और हेजलवुड चैंपियंस ट्रॉफी से हुये बाहर

सिडनी 6 फरवरी। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने गुरुवार को यह जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया को इसके अलावा मिचेल मार्श और मार्कस स्टॉयनिस की भी टीम से बाहर हो गये। मार्श पीठ की चोट से जूझ रहे हैं, वहीं स्टॉयनिस ने अचानक से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। ऑस्ट्रेलिया को 12 फरवरी तक इन सभी खिलाड़ियों की जगह नये खिाड़ियों की घोषणा करनी है। बेली ने कहा, इन खिलाड़ियों का बाहर होना निराशाजनक है, लेकिन अन्य खिलाड़ियों के लिए ऑस्ट्रेलिया को एक विश्व स्तरीय टूर्नामेंट में प्रतिनिधित्व करने का अवसर होगा।

### हर्षित राणा ने रचा इतिहास

## टेस्ट और टी20 के बाद वनडे डेब्यू में 3 विकेट लेने वाले भारत के पहले गेंदबाज



नागपुर, 6 फरवरी। इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में भारतीय टीम के लिए 2 खिलाड़ियों ने डेब्यू किया। यशस्वी जायसवाल और हर्षित राणा को डेब्यू का मौका मिला। दिल्ली के तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने इस मौके को दोनों हाथों से लपका। उन्होंने इंग्लैंड की पारी के 36वें ओवर में तीसरा विकेट लिया। इसके साथ ही उन्होंने अपना नाम इतिहास में दर्ज करालिया है। जिसके बाद वह टेस्ट की डेब्यू पारी के बाद पहले टी20 और वनडे मैच में भी 3 विकेट लेने वाले भारत के पहले गेंदबाज बन गए हैं।हर्षित ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था। इस मैच की डेब्यू पारी में उन्होंने 48 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए। इसके बाद जनवरी 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टी20 मैच में बतौर कनकशन सब्स्टीट्यूट डेब्यू किया था। इस मैच में 33 रन देकर 3 विकेट लिए थे। उनके इस प्रदर्शन से मैच का रुख पलट गया।

### वी पोलो ने कैवेलरी को और डायनामिक्स अचीवर्स ने सुजान इंडियन टाइगर्स को हराया

## सुजान के पाँच हेंडीकैप खिलाड़ी निकोलस के हाथ में लगी चोट



जयपुर, 6 फरवरी।। जयपुर पोलो सीजन 2025, लीला महाराजा सवाई मानसिंह पोलो कप (08 गोल) में आज दो मैच खेले गए। जिनमे एक मैच पीपीसी ठाउंड पर और एक मैच रामबाग पोलो ग्राउंड पर खेला गया। पीपीसी ग्राउंड पर पहला मैच वी पोलो बनाम कैवेलरी के बीच खेला गया जिसमे वी पोलो ने कैवेलरी को 8-5.5 से हराया।

वी पोलो की ओर से विश्वरूप ने 3 ओर सेंटियागो ने 5 गोल कर अपना विदेशी खेल दिखा अपनी टीम की जीत पक्की की। कैवेलरी की ओर से राजपुरोहित ने 1, कर्नल विशाल चौहान ने 3 गोल किये।

सुजान इंडियन टाइगर्स के पाँच हेंडीकैप खिलाड़ी निकोलस के पहले चक्कर मे डायनामिक्स अचीवर्स के खिलाड़ी द्वारा पास देने के दौरान पीछे से आ रही बॉल से हाथ मे चोट लगने के कारण,आगे का मैच खेलने के लिये तैयार नही हो पाए। मैच के एम्पायर जैसन डिक्सन, हेनरी फिशर और रेफ्री अंगद कलान ने कुछ देर के लिए खेल रोके रखा। पाँच हैंडीकैप निकोलस और दो हैंडीकैप भवानी कालवी की जगह सिमरन शेरगिल ओर अन्य खिलाड़ी ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। मैच में हिम्मत सिंह ने तिकडी जमाई। डायनामिक्स अचीवर्स ने सुजान ई इंडियन टाईगर्स को 7-6 से हराया। डायनामिक्स अचीवर्स की ओर से ब्यूटिस्टा ने विदेशी खेल से दर्शकों का मन मोहा।

### जयपुर जिला क्रिकेट संघ

## उदघाटन मैच में सुराणा क्रिकेट एकेडमी की रोमांचक जीत



जयपुर, 6 फरवरी। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित के एल सैनी ए डिविजन लीग में आज खेले गए उदघाटन मैच में सुराणा क्रिकेट एकेडमी ने राजस्थान यूथ को रोमांचक मैच में एक विकेट से हराया। के एल सैनी स्टेडियम पर सुराणा क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीत कर पहले राजस्थान यूथ को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। राजस्थान यूथ की शुरुआती तीन विकेट 29 रनों पर गिरने पर आदित्य झाला के नाबाद 100 रन (89 गेंद, 11 चौके, 3 छक्के), रिहान अली के 56 रन, अभय शर्मा के 22 रन, विनय आमेरिया के 29 रन, जतिन सैनी के 20 रन व रोहन सिंह के नाबाद 31 रनों से 50 ओवर में 7 विकेट पर 285 रन बनाए। सुराणा एकेडमी के लिए सतीश धायल ने 52 पर 2, साकेत शर्मा ने 24 पर 2 विकेट, विकास जारवाल, राजवीर सिंह व प्रशांत यादव ने 1-1 विकेट लिए।

जवाबी पारी में सुराणा क्रिकेट एकेडमी ने साकेत शर्मा के 25 रन, भावित कुमावत के के 48 रन, राजवीर सिंह के 34 रन, प्रशान्त यादव के 60 रन, अनिल सैनी 44 रन, लोकेश खांडल के 29 रन, विकास जारवाल के 18 रनों से 50 ओवर की अंतिम गेंद पर 9 विकेट पर 286 रन बना कर रोमांचक जीत दर्ज की। राजस्थान यूथ के लिए कैफ गुडएज 38 पर 3, रोहन सिंह ने 49 पर 3, आदित्य झाला व जतिन सैनी ने 1-1 विकेट लिए।

## राजस्थान यूनाइटेड और आइजोल एफसी के बीच कड़ा मुकाबला, मैच गोलरहित ड्रॉ



जयपुर, 6 फरवरी। विद्याधर नगर स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए आई-लीग मुकाबले में राजस्थान यूनाइटेड एफसी और आइजोल एफसी के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, लेकिन दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं। मैच गोलरहित ड्रॉ पर समाप्त हुआ, जिससे अंक तालिका में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ।

पहली सीटी बजते ही दोनों टीमों ने आक्रामक शुरुआत की और बढ़त लेने के लिए लगातार प्रयास किए। राजस्थान यूनाइटेड ने पहले हाफ में कुछ अच्छे मौके बनाए, लेकिन आइजोल एफसी के रक्षात्मक किले को भेद नहीं पाए। दूसरी ओर, आइजोल एफसी ने भी राजस्थान की डिफेंस लाइन को चुनौती दी, लेकिन घरेलू टीम की मजबूत रक्षात्मक दीवार ने उन्हें कोई बड़ा मौका नहीं दिया। दूसरे हाफ में भी मुकाबला रोमांचक बना रहा। दोनों टीमों ने हमले तेज किए, लेकिन फिनिशिंग की कमी और दोनों पक्षों की सशक्त रक्षात्मक रणनीति के चलते स्कोरलाइन 0-0 पर ही रही। राजस्थान यूनाइटेड को घरेलू दर्शकों का भरपूर समर्थन मिला, लेकिन वे गोल करने में सफल नहीं हो सके। वहीं, आइजोल एफसी ने भी कुछ अच्छे मूव बनाए, लेकिन राजस्थान की डिफेंस ने अंतिम क्षणों में उन्हें रोक दिया। इस ड्रॉ के साथ राजस्थान यूनाइटेड एफसी मध्य तालिका में बना हुआ है, जबकि आइजोल एफसी को भी अपनी स्थिति सुधारने के लिए आगामी मैचों में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। अब दोनों टीमें अपने अगले मुकाबलों की तैयारी में जुटेंगी, ताकि लीग में महत्वपूर्ण अंक अर्जित कर आगे बढ़ सकें। मैच के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ ने शिरकत की और चेयरमैन के के टांक और डायरेक्टर रोशनी टांक के प्रयास की भूरी भूरी प्रशंसा की।

## आक्रामकता और निडरता से मिलती है जीतः एडवर्ड्स



मुम्बई 6 फरवरी। मुम्बई इंडियंस की मुख्य कोच शॉर्लोट एडवर्ड्स ने कहा खिलाड़ियों के बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में आक्रामकता और निडरता से मुकाबले में जीत हासिल होती हैं। वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के 14 फरवरी से शुरु होने वाले सत्र के पहले एमआई की कोच एडवर्ड्स यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुम्बई इंडियंस के खिलाड़ियों को पता होता है कि उनसे क्या अपेक्षा की जा रही है। हम चाहते हैं कि खिलाड़ी गेंदबाजी, बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण के दौरान आक्रामक रूख अख्तियार करे। हमें मालूम है कि हम कहां मजबूत है। हम चाहते हैं कि हर खिलाड़ी निडरता से खेले और खेल का आनंद उठाए। खेल के दौरान जब खिलाड़ी चेहरे पर मुस्कान होती है तो इससे मुझे और गेंदबाजी कोच झूलन गोस्वामी को खुशी मिलती है। उन्होंने कहा, हमने पिछले वर्ष बेहतरीन क्रिकेट खेला था और इस साल भी हम उसी की मांग कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि लोग टीवी ऑन करें और एमआई को खेलते हुए देखे। हमने पिछले साल निश्चित रूप से ऐसा किया था और लोगों का मनोरंजन हुआ था।

## श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन नौ विकेट पर 229 रन

### चांदीमल (74) और कुसल मेंडिस (59) की शानदार पारी



गाले 6 फरवरी। दिनेश चांदीमल (74) और कुसल मेंडिस (59) की शानदार पारी के दम पर श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन गुरुवार को नौ विकेट पर 229 रन बनाकर चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा कर लिया है।

आज यहां गाले अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही। आठवें ओवर में नेथन लायन ने पथुम निसंका (11) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आये दिनेश चांदीमल ने दिमुथ करुणारत्ने के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 70 रनों की साझेदारी हुई। नेथन लायन ने दिमुत करुणारत्ने (36) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद एंजलो मैथ्यूज (एक),कामिंडु मेंडिस (13) और कप्तान धनंजय डीसिल्वा (शून्य) पर आउट हुये। श्रीलंका का छठ विकेट दिनेश चांदीमल के रूप में गिरा। उन्हें मैथ्यू कुनमन ने आउट किया। दिनेश चांदीमल ने 163 गेंदों में छह चौकों और एक छक्के की मदद से (74) रनों की पारी खेली। रमेश मेंडिस (28) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए प्रभात जयसूर्या (शून्य) और निशान पीरिस (शून्य) के विकेट झटकर श्रीलंका के लिए संकट खड़ा कर दिया। ऐसे समय में बल्लेबाजी करने आये आखिरी बल्लेबाज लाहिरू कुमारा ने संयम का परिचय देते हुए 12 गेंदों का सामना किया लेकिन एक भी रन नहीं बना पाये। दिन का खेल समाप्त होने के समय ऑस्ट्रेलिया ने नौ विकेट पर 229 रन बनाये लिये थे और कुसल मेंडिस (नाबाद 59) ओर लाहिरू कुमार (शून्य) पर क्रीज पर थे।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से नेथन लायन और मिचेल स्टार्क ने तीन- तीन विकेट लिये। मैथ्यू कुनमन को दो विकेट मिले। ट्रेविस हेड ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में विधानसभा सत्र शुरू होने से पहले भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री शर्मा ने सदन में विपक्ष के द्वारा उठाए जाने वाले मुद्दों पर सत्ता पक्ष के सदस्यों को अपडेट रहने, उसके अनुरूप योजना बनाने, एकजुट होकर विपक्ष आरोपों का जवाब देने के लिये सदन में ज्यादा से ज्यादा समय मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं।*

## शेख हसीना के बयानों पर बंगलादेश ने कड़ा विरोध दर्ज कराया

ढाका/नयी दिल्ली, 06 फरवरी। बंगलादेश की सेना समर्थित अंतरिम सरकार ने गुरुवार को भारत में शरण लिए हुए अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना द्वारा दिए गए झूठे और मनगढ़त बयानों के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया। न्यूएजबीडी की रिपोर्ट के अनुसार विदेश मंत्रालय ने भारत के कार्यवाहक उच्चायुक्त पवन बाधे को एक विरोध पत्र सौंपा। उन्हें, सोशल मीडिया पर हसीना के ऑडियो बयान प्रसारित होने के एक दिन बाद मंत्रालय में तलब किया गया था। मंत्रालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, ढ ाका में भारत के कार्यवाहक उच्चायुक्त को सौंपे गए विरोध पत्र के माध्यम से मंत्रालय ने बंगलादेश सरकार की गहरी चिंता, निराशा और गंभीर आपत्ति व्यक्त की है क्योंकि इस तरह के बयान बंगलादेश में लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं। विज्ञिप्त में कहा गया है, विदेश मंत्रालय ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना द्वारा बंगलादेश में अस्थिरता को भड़काने के लिए सोशल मीडिया सहित बयानों पर भारत सरकार के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

# कुंजीलाल, भगत व ठाकुर अतिरिक्त मुख्य सचिव बने



*राजीव सिंह ठाकुर*



*अश्विनी भगत*



*कुंजीलाल मीणा*

जयपुर, 6 फरवरी (कासं)। राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आई.ए.एस.) के तीन वरिष्ठ अधिकारियों को पदोन्नत करके अतिरिक्त मुख्य सचिव बनाया है। इस संबंध में गुरूवार को आदेश जारी किए गए। आदेश के मुताबिक, वर्ष 1995 बैच के वरिष्ठ आई.ए.एस. राजीव सिंह ठाकुर, अश्विनी भगत और कुंजीलाल

- **गुरुवार को जारी आदेश में 1995 बैच के तीनों आईएएस अधिकारियों को मुख्य सचिव वेतन शृंखला में पदोन्नत किया गया।**

मीणा को भारतीय प्रशासनिक सेवा की अबॉव सुपर टाइम वेतन श्रृंखला से मुख्य सचिव वेतन श्रृंखला में पदोन्नत किया गया है। राज्य सरकार ने अल्प संख्यक मामलात एवं वक्फ विभाग राजस्थान जयपुर में प्रमुख शासन सचिव के पद पर कार्यरत अश्विनी भगत को इसी विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद पर लगाया है।

# मुख्यमंत्री, सभी भाजपा विधायक व मंत्री 8 को कुंभ स्नान करेंगे

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने भाजपा विधायक दल की बैठक में विधायकों को अधिक समय सदन में रहने के निर्देश दिए

जयपुर, 6 फरवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को, विधानसभा का सत्र शुरू होने से पहले, हां पक्ष लॉबी में भाजपा विधायक दल की बैठक आयोजित की गई। हर मंगलवार को होने वाली विधायक दल की बैठक मंगलवार को छुट्टी होने के कारण इस बार गुरुवार को हुई। बैठक में मुख्यमंत्री शर्मा ने सदन में विपक्ष के द्वारा उठाए जाने वाले मुद्दों पर सत्ता पक्ष के सदस्यों को अपडेट रहने, उसके अनुरूप योजना बनाने, एकजुट होकर विपक्ष

- **संगम में स्नान के बाद, राजस्थान मंडपम में मुख्यमंत्री भजनलाल की अध्यक्षता मंत्रिमंडल की बैठक होगी। यह मंडपम प्रयागराज में राजस्थान के लोगों के रुकने के लिये बनाया गया है।**

आरोपों का जवाब देने के लिये सदन में ज्यादा से ज्यादा समय मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित सरकार के सभी मंत्री और भाजपा विधायक 8 फरवरी को सपत्नीक स्नान करने जाएंगे। जानकारी के अनुसार, सुबह 6 बजे सभी विधायक और मंत्री सांगानेर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। सुबह 8:30 बजे सभी का प्रयागराज में संगम में स्नान करने का कार्यक्रम रहेगा। यहां पंडितों और संतों की मौजूदगी में मंत्रोचार के साथ स्नान होगा। इसके बाद, सभी प्रयागराज में राजस्थान के लोगों को रुकने के लिए बनाए गए राजस्थान मंडपम में जाएंगे। जहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक होगी। इसके बाद, यहीं पर लंच का कार्यक्रम रखा गया है। यहां से सभी मंत्री और विधायक प्रयागराज में स्थित लेटे हुए हनुमान जी मंदिर में जाकर पूजा अर्चना करेंगे और वहां से शाम 8 बजे तक जयपुर लौटने का कार्यक्रम है।

## 'अवैध अप्रवासियों को डिपोर्ट करने...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अखिलेश यादव शामिल थे, ने भारतीय नागरिकों के अपमानजनक डिपोर्टेशन पर नाराजगी जताई और भारी हंगामा किया।

सांसदों ने इस विषय पर संसद में बहस कराने की मांग करते हुए, भारतीयों के साथ किए गए अपमानजनक व्यवहार पर नाराजगी जताई। उनहोंने तख्तियां ले रखी थीं, जिस पर लिखा था "इंसान हैं, अपराधी नहीं।" उनमें से कुछ ने हथकड़ियां भी पहनी हुई थी।

इस मुद्दे पर अखिलेश ने एन.डी.ए. पर कटाक्ष किया कि जिन्होंने भारत को विश्व गुरु बनाने का सपना दिखाया था, वे चुप क्यों है।

उन्होंने कहा भारतीयों को गुलामों की तरह हथकड़ी बांध गैर मानवीय हालात में लाया गया। विदेश मंत्रालय क्या कर रहा है। इस सरकार ने औरतों व बच्चों को इस अपमान से बचाने के लिए क्या किया? हम चाहते हैं सरकार जवाब दे और विपक्ष को सदन में यह मुद्दा उठाने की अनुमति दे।"

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी, जो कि ट्रम्प के अच्छा दोस्त होने का दावा करते हैं, उन्होंने ऐसा कैसे होने दिया। प्रधानमंत्री मोदी और ट्रम्प अच्छे दोस्त हैं इस पर बहुत बातें की जाती हैं, पर प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसा कैसे होने दिया। क्या उन्हें वापस लाने के लिए हम अपना विमान नहीं भेज सकते थे, क्या इंसानों के साथ ऐस बर्ताव किया जाता है। उन्हें बेड़ियों में जकड़कर भेजा गया। विदेश मंत्री और प्रधानमंत्री को जवाब देना चाहिए।

कांग्रेस के सांसद गुरजीत सिंह औजला ने भी यही चिंता जताई। उन्होंने कहा, अवैध अप्रवासियों को जिस तरह से वापस लाया गया, वह गलत है। उन्हें अपमानित किया गया। हाथ और पैर चैन से बंधे थे। जब हमारी सरकार जानती थी कि उन्हें वापस भेजा जाएगा तो सरकार को अपना विमान भेजना चाहिए था।

कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा, मैं अमेरिका की सरकार के आचरण से निराश हूं। भारत और अमेरिका के इतने अच्छे रिश्ते हैं, पर जिस तरह से उन्होंने भारतीयों को सैन्य विमान में ठूंसकर तथा बेड़ियों में जकड़कर भेजा हैं, वह अमानवीय है। मैं हैरान हूं कि प्रधानमंत्री चुप हैं व विदेश मंत्रालय चुप है। उन्हें इस पर बयान देना चाहिए।

मोदी सरकार के "डैमेज कंट्रोल" का उदाहरण पंजाब में आप सरकार व गुजरात में भाजपा सरकार द्वारा इन यात्रियों की वापसी से निपटने के तरीके से दिखाई दिया।

जहां अमृतसर में आप सरकार ने मीडिया को वापस लौटे लोगों से बात करने की अनुमति दी, लेकिन जब 26 लोगों का जत्था अहमदाबाद एयरपोर्ट पहुंचा तो उन्हें राज्य पुलिस ने उनके स्थानों तक पहुंचा दिया, मीडिया को उनसे बात नहीं करने दी।

## वायुसेना का मिराज 2000 दुर्घटना ग्रस्त

शिवपुरी, 06 फरवरी। मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले के पपरेडू गांव के पास आज वायुसेना का एक लड़ाकू विमान 'मिराज 2000' तकनीकी खराबी के चलते दुर्घटनाग्रस्त होकर खेत में गिर गया। हालांकि समय रहते दोनों पायलटों ने सूझबूझ का परिचय दिया और वे सुरक्षित हैं।

वायुसेना के अनुसार, इस संबंध में जांच के आदेश दे दिए गए हैं। जांच से विमान हादसे का वास्तविक कारण पता चल सकेगा। लड़ाकू विमान ने ग्वालियर स्थित वायुसेना के हवाईअड्डे से उड़ान भरी थी और वह नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था। कुछ देर बाद, विमान ग्वालियर संभाग के शिवपुरी जिले में दुर्घटनाग्रस्त होकर खेत में गिर गया। इसके पहले ही, दोनों पायलट पैराशूट की मदद से विमान से कूदने में सफल रहे। विमान का मलबा खेत में बिखर गया और उसमें आग लग गयी।

## कांग्रेस को...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उठाये अधिकांश मुद्दों, तथा उनके शासन-प्रशासन एवं आदर्श आचार संहिता से सम्बंधित मुद्दों के बारे में कहने के लिये कुछ नहीं है।

## क्या दिल्ली...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

की भविष्यवाणी की है।

दिल्ली में मतदान कुल 60.42 प्रतिशत हुआ जो कि 2020 के विधानसभा चुनाव के 62.59 प्रतिशत से कुछ कम है। महत्वपूर्ण बात यह है कि जिन क्षेत्रों में जैसे- साउथ दिल्ली, न्यू दिल्ली में मध्यम वर्ग ज्यादा रहता है, वहाँ मतदान प्रतिशत काफी कम क्रमश: 58.16 और 57.13 प्रतिशत रहा।

मध्यम वर्ग क्षेत्रों में मतदान में कमी और आप की सीटों में कमी के बीच कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं बताते है, लेकिन ये मध्यम वर्ग के मतदाताओं के आप से दूर होने का संकेत अवश्य देते हैं।

## 'पद्मेश मिश्रा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

करके चुनौती नहीं दी जा सकती है, इसलिए याचिका खारिज की जाए।

दोनों पक्षों को सुनने के बाद, अदालत ने कहा कि, "वाद नीति-2018" में जो संशोधन किया गया है, वह राज्य कैबिनेट के द्वारा किया गया है। इस पर यह आक्षेप लगाना कि यह संशोधन किसी व्यक्ति विशेष को फायदा पहुंचाने के लिए मनमाने तरीके से किया गया है, उचित नही है। इस आरोप को सिद्ध करने के लिए बेहद गंभीर साक्ष्य प्रस्तुत करने होंगे। अदालत ने कहा कि सिर्फ यह कह देना पर्याप्त नहीं होगा कि मिश्रा की दोनों नियुक्तियां उन्हें फायदा पहुंचाने के लिए की गई हैं। राज्य सरकार के पास नीति परिवर्तन का पूरा अधिकार है, इसलिए याचिका खारिज की जाती है।

# महाकुंभ जा रहे भीलवाड़ा के आठ श्रद्धालुओं की सड़क दुर्घटना में मौत

## दूदू के पास टायर फटने से रोडवेज बस डिवाइडर फांद कार से टकराई

जयपुर, 6 फरवरी। जयपुर के दूदू जिले के मौखमपुरा थाना इलाके में गुरुवार दोपहर 3.45 बजे एक रोडवेज बस और कार के बीच टक्कर में 8 लोगों की मौत हो गई। घटना की सूचना पर एडीएम गोपाल परिहार व नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे। पुलिस और प्रशासन ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि यह हादसा बस का टायर फटने से हुआ है। पुलिस के अनुसार, नेशनल हाईवे 48 पर मोखमपुरा स्थित बंबोरिया की ढाणी के पास बस और कार में भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद, स्थानीय लोगों ने पुलिस के साथ मिलकर कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने में मदद की। तथापि, घटना इतनी भयानक थी कि किसी को बचाया नहीं जा सका।

- **हादसे में कार बुरी तरह पिचक गई। कार में बैठे आठों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की उम्र 30 से 50 साल के बीच थी।**

एसपी आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि रोडवेज बस जयपुर से अजमेर जा रही थी और कार अजमेर से जयपुर की ओर आ रही थी। इसी दौरान, अचानक टायर फटने से बस बेकाबू हो गई और डिवाइडर कूदकर दूसरी तरफ से आ रही कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि कार बुरी तरह पिचक गई। उसके अंदर बैठे सभी आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार सभी लोग भीलवाड़ा के रहने वाले थे। मृतकों की उम्र 30 से 50 साल के बीच बताई जा रही है। ये लोग प्रयागराज महाकुंभ जा रहे थे। मृतकों की पहचान दिनेश कुमार पुत्र मदनलाल रेगर, बबलू मेवाड़ा पुत्र मदन मेवाड़ा, किशन पुत्र जानकी लाल, रविकांत पुत्र मदनलाल, बाबू रेगर पुत्र मदनलाल, नारायण निवासी बड़लियास (भीलवाड़ा) व प्रमोद सुथार पुत्र मूलचंद, निवासी मुकुंदपुरिया (भीलवाड़ा) के रूप में हुई। एक शव की पहचान के प्रयास जारी हैं। पुलिस के अनुसार, जयपुर की तरफ से जोधपुर डिपो की बस आ रही थी। बस के ड्राइवर की तरफ वाला आगे वाला टायर फट गया, जिससे बस डिवाइडर पार कर दूसरी तरफ चली गई। कार में फंसे शवों को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला गया। दूदू हादसे पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने दुख जताया है। दीया कुमारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बयान में कहा, "जयपुर के दूदू में हुए भीषण सड़क हादसे में कई नागरिकों के हताहत होने का हृदय विदारक समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दे। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु प्रार्थना करती हूं।"

## सांसद-विधायकों...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

तकनीकी सहयोग की जरुरत हो तो राज्य सरकार उस पर भी विचार करे। चीफ जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस इन्द्रजीत सिंह की विशेष खंडपीठ ने यह आदेश प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट की आदेश की पालना में लिए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद को कहा है कि वे इन आपराधिक मामलों के जल्दी निस्तारण को लेकर दो माह में अपने सुझाव पेश करें।

सुनवाई के दौरान, हाईकोर्ट प्रशासन की ओर से रिपोर्ट पेश कर कहा गया कि प्रदेश में एमपी-एमएलए से जुड़े तीन दर्जन से अधिक प्रकरण लंबित हैं। रिपोर्ट में इन मुकदमों से जुड़ी अदालतों और लंबित अवधि की जानकारी भी दी गई। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर 2023 में एमपी-एमएलए से जुड़े आपराधिक मामलों को लेकर हाईकोर्ट को निर्देश दिए थे। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को कहा था कि वे इन केसों के संबंध में स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेकर विशेष पीठ के जरिए सुनवाई करें और लंबित प्रकरणों की सुनवाई जल्दी पूरी करने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी करें। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को संबंधित अदालतों से इन प्रकरणों की प्रगति रिपोर्ट भी मांगने को कहा था। वहीं, एक वेबसाइट भी बनाने को कहा था, जिसमें यह ब्यौरा हो कि किस जिले में एमपी-एमएलए के खिलाफ कितने केस पेंडिंग हैं और उनकी स्थिति क्या है।

# डिस्कवरी चैनल के अधिकारियों को धमकी, सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को नोटिस जारी किये

नयी दिल्ली, 06 फरवरी। उच्चतम न्यायालय ने डिस्कवरी चैनल के अधिकारियों को अंतरिम सुरक्षा दी, जिन्हें आसाराम बापू पर बनी डॉक्युमैंट्री सीरीज़ "कल्ट ऑफ फियर: आसाराम बापू" रिलीज के बाद कथित तौर पर धमकियां दी जा रही हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने डिस्कवरी चैनल के कर्मचारियों की याचिका पर केंद्र और अन्य राज्य सरकारों को गुरुवार को नोटिस जारी किया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने राज्य सरकारों को नोटिस जारी करते हुए उन्हें याचिकाकर्ता शशांक वालिया और अन्य तथा उनके कार्यालयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

पीठ ने महाराष्ट्र, कर्नाटक, हरियाणा, तमिलनाडु, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और दिल्ली को नोटिस जारी किया।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि 25 जनवरी को उस डॉक्यूमेंट्री के डिस्कवरी चैनल के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर शुरू होने के बाद संबंधित कंपनी कर्मचारियों को स्वयंभू संत आसाराम के अनुयायियों द्वारा धमकियां दी जा रही हैं।

शीर्ष अदालत में याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता

- **डिस्कवरी चैनल पर आसाराम बापू पर एक डॉक्यूमैंट्री सीरीज़ प्रसारित करने के बाद, आसाराम समर्थक डिस्कवरी चैनल के स्टाफ को धमकियां दे रहे हैं।**

अभिनव मुखर्जी ने कहा कि शिकायत के बाद भी धमकियां जारी हैं।

याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि उन्हें आशंका है कि आसाराम बापू के स्वयंभू समर्थक डिस्कवरी, इसकी सहायक कंपनियों, मूल संस्थाओं और इसके कर्मचारियों, प्रबंधन, निदेशकों सहित याचिकाकर्ताओं के खिलाफ हिंसा, बर्बरता या अन्य आपराधिक कृत्यों का सहारा ले रहे हैं और वे आगे भी ऐसा करना जारी रख सकते हैं। आसाराम के स्वयंभू समर्थकों की ओर से दी जा रहीं ये धमकियां संविधान के अनुच्छेद 14, अनुच्छेद 19(1)(ए) और (जी) और 21 के तहत याचिकाकर्ताओं के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है।

## पाकिस्तान से...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सेक्टर नौ में स्थित श्रीगुरुकार्ष्णि के शिविर में से सिंध प्रांत से आए गोबिंद राम माखीजा ने बताया, पिछले दो तीन महीनों से, जब से हमने महाकुंभ के बारे में सुना है, हमारी बड़ी इच्छा थी यहां आने की। हम खुद को आने से रोक नहीं सके।

## भीमा कोरेगांव ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सुनवाई स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने इसके अलावा सह-आरोपी महेश राउत को दी गई जमानत के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की अपील को भी स्थगित कर दिया। पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद ग्रोवर की इस दलील पर गौर किया कि गाडलिंग एक अधिवक्ता थे, जो तथाकथित माओवादियों का प्रतिनिधित्व करते थे। न्यायमूर्ति बिंदल ने हालांकि टिप्पणी की, वे सिर्फ प्रतिनिधित्व नहीं, बल्कि कई अन्य काम कर रहे थे। इस पर अधिवक्ता ग्रोवर ने कहा कि ये महज आरोप थे, जिन्हें गलत साबित किया जा सकता है। न्यायमूर्ति बिंदल ने मुकदमे में देरी पर चिंता जताई, जबकि अधिवक्ता ग्रोवर ने कहा कि सीआरपीसी की धारा 207 के तहत केवल प्रारंभिक कार्यवाही चल रही है। उन्होंने रिकॉर्ड पेश करने के लिए अतिरिक्त समय देने की अदालत के समक्ष गुहार लगाई।

# 'यूजीसी के जरिए संघ का "एक इतिहास, एक परम्परा, एक भाषा "एजेंडा" थोप रही है भाजपा'

## राहुल गांधी ने युनिवर्सिटीज़ और कॉलेजों में शिक्षकों की नियुक्ति में यूजीसी ड्राफ्ट रैगुलेशन्स के खिलाफ टिप्पणी की

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 फरवरी। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज आरोप लगाया कि विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में शिक्षकों और अकादमिक स्टाफ की नियुक्ति के लिये यूजीसी के ड्राफ्ट रेग्यूलेशन आरएसएस के एजेंडा को आगे बढ़ाने की स्पष्ट कोशिश है। उन्होंने कहा कि आरएसएस का उद्देश्य देश पर "एक इतिहास, एक परम्परा, एक भाषा" को थोपने के लक्ष्य को प्राप्त करना रहा है।

यहाँ द्रमुक द्वारा ड्राफ्ट यूनिवर्सिटी ग्रान्ट कमीशन (यूजीसी) के खिलाफ आयोजित विरोध प्रदर्शन में बोलते हुये, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उद्देश्य देश के सभी अन्य इतिहासों, संस्कृतियों और परम्पराओं को मिटाना है।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, "विभिन्न राज्यों की शिक्षा व्यवस्था के संबंध में जो कोशिश की जा रही है, वह इसके (आरएसएस) एजेंडा को आगे बढ़ाने की एक और कोशिश ही है।"

उन्होंने कहा, "प्रत्येक राज्य की अपनी परम्पराएं, इतिहास और भाषा होती है और यही कारण है कि मैं कहता रहता हूँ कि संविधान में, भारत को "राज्यों का संघ" कहा गया है, जिसका मतलब है कि इन सभी राज्यों का इतिहास, परम्पराएं तथा भाषाएं मिलकर भारत को राज्यों का संघ बनाती हैं तथा इसलिये हमें इसके बारे में सोचना ही होगा।"

उन्होंने कहा, "हमें सभी भाषाओं, सभी संस्कृतियों, सभी परम्पराओं और सभी इतिहासों का सम्मान करना ही होगा तथा हमें यह समझना ही होगा कि ये सब चीजें कहाँ से आ रही हैं।"

उन्होंने कहा कि तमिल लोगों का अपना इतिहास, भाषा और परम्पराएं है तथा उनके अपने संघर्ष रहे हैं।

- **यूजीसी के कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में नियुक्ति के संबंध में जारी ड्राफ्ट रैगुलेशन्स के खिलाफ दिल्ली में जंतर-मंतर पर द्रमुक ने विरोध प्रदर्शन आयोजित किया, जिसमें सभी विपक्षी दलों ने शिरकत की।**
- **सपा नेता अखिलेश यादव ने भी संघ व भाजपा पर निशाना साधा, वे राज्यों से सभी अधिकार लेना चाहते हैं। अखिलेश ने कहा, हम नई शिक्षा नीति का समर्थन कभी भी नहीं कर सकते हैं।**

राहुल ने यूजीसी के ड्राफ्ट रेग्यूलेशंस को लेकर कहा, "यह सब करना तमिल लोगों का तथा उन सभी अन्य राज्यों का भी अपमान है, जहाँ आरएसएस अपना आधिपत्य थोपने की कोशिश कर रही है।"

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भी भाजपा-आरएसएस पर प्रहार करते हुये, आरोप लगाया कि ये दोनों सभी राज्य सरकारों के सभी अधिकार छीन लेना चाहते हैं।

यादव ने कहा, "वे राजनेताओं को उद्योगपतियों के नौकर बनाना चाहते हैं। हम नई शिक्षा नीति का समर्थन कभी नहीं कर सकते। मैं यहाँ सभी विद्यार्थियों और उनके द्वारा लिए गए निर्णय का समर्थन कर रहा हूँ। मैं एनईपी (नैशनल एजुकेशन पॉलिसी) के खिलाफ हूँ, मैं भाजपा के खिलाफ हूँ।"

कांग्रेस ने विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों तथा शैक्षिक स्टाफ की नियुक्ति के ड्राफ्ट यूजीसी रेग्यूलेशंस को "क्रूर और संविधान-विरोधी" बताया है तथा मांग की है कि इन्हें तत्काल वापस लिया जाये।

ड्राफ्ट रेग्यूलेशंस को लेकर केन्द्र पर प्रहार करते हुये, कांग्रेस ने कहा कि यह सफाई देना कि नियम एनईपी, 2020 की अनुपालना में अपडेटेड कर दिये गये हैं, संवीक्षा को नहीं रोक सकते तथा ये वापस लिये ही जाने चाहिये।

कांग्रेस के महासचिव तथा कम्यूनिकेशन इंचार्ज जयराम रमेश ने कहा है कि कर्नाटक के मंत्री एम.सी. सुधाकर ने "स्टेट हायर एजुकेशन मिनिस्टर्स कॉन्क्लेव" बेंगलुरु में बुलाई थी, जिसमें कर्नाटक, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश तथा झारखंड (सभी विपक्ष-शासित राज्य) के उच्च शिक्षा मंत्री या उनके प्रतिनिधि शामिल हुये थे। इस कॉन्क्लेव में यूजीसी के "निष्ठुर" ड्राफ्ट रेक्यूलेशंस पर एक पन्द्रह-सूत्रीय प्रस्ताव पारित किया गया था।

रमेश ने कहा, "संघवाद का संवैधानिक सिद्धांत परम पावन एवं अलंघनीय है तथा उच्च शिक्षा की गुणवत्ता केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के चरम प्रयत्नों में से एक होना चाहिये। एनईपी, 2020 इस पर हावी नहीं हो सकता तथा जो नियम एनईपी, 2020 की अनुपालना में अपडेट किये गये हैं, वे इसकी संवीक्षा को नहीं रोक सकते।"

रमेश ने कहा कि ये ड्राफ्ट रेग्यूलेशंस तत्काल वापस लिये जाने चाहिये।

कर्नाटक सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बुधवार को आयोजित कॉक्लेव का उद्देश्य था - ड्राफ्ट "यूनिवर्सिटी ग्रान्ट्स अपॉइन्मैंट एंड प्रमोशन ऑफ टीचर्स एंड एकेडेमिक स्टाफ इन यूनिवर्सिटीज़ एंड कॉलेजेज़ एंड मैज़र्स फॉर द मैंटीनैंस ऑफ स्टैंडर्ड्स इन हायर एजुकेशन रेग्यूलेशंस, 2025" के विभिन्न प्रावधानों पर चर्चा करना तथा एनईपी, 2020 के क्रियान्वयन पर आधारित उच्च शिक्षा संस्कानों की ग्रेडिंग पर चर्चा करना।

## 'कैदी से ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के मानवाधिकारों की रक्षा करे।

परिवाद में कहा गया कि उसका पति मुकेश हत्या के प्रयास में अजमेर जेल में बंद है। जेल परिसर में अप्रैल, 2017 को बैरक तलाशी में मुकेश के पास कुछ नहीं मिला। इसके बावजूद, जेलकर्मियों ने उसके साथ बुरी तरह मारपीट की और बदले में रुपए मांगे गए। परिवाद में, जेल में सुविधाएं उपलब्ध कराने के बदले रुपए लेने की जानकारी दी गई। इस पर आयोग ने पूर्व में प्रसंज्ञान लेकर रिपोर्ट तलब की थी। इसके साथ ही अदालत में पेश दो रिपोर्टों में विरोधाभास होने पर अदालत ने उच्चाधिकारियों से तीसरी रिपोर्ट तलब की, जिसमें कैदी के साथ मारपीट की बात कही गई।

राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908